नगर संस्करण । पेज : 12 | 23.10.2023 सोमवार आश्विन, शुक्ल पक्ष, नवमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 103 | khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

## सिद्धिदात्री



सिद्धगंधर्व यक्षाद्यैः
असुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात
सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

नवरात्र के नौवें दिन दुर्गाजी के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा और अर्चना का विधान है। जैसा कि इनके नाम से ही स्पष्ट हो रहा है कि सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली देवी हैं मां सिद्धिदात्री। इनके चार हाथ हैं और ये कमल पुष्प पर विराजमान हैं। वैसे इनका वाहन भी सिंह ही है। इनके दाहिनी ओर के नीचे वाले हाथ में चक्र है और ऊपर वाले हाथ में गदा है। बायीं ओर के नीचे वाले हाथ में कमल का फूल है और ऊपर वाले हाथ में शंख है। प्राचीन शास्त्रों में अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व, और वशित्व नामक आठ सिद्धियां बतायी गयी हैं। ये आठों सिद्धियां मां सिद्धिदात्री की पूजा और कृपा से प्राप्त की जा सकती हैं। हनुमान चालीसा में भी अष्टसिद्धि नव निधि के दाता कहा गया है। देवी सिद्धिदात्री को तिल चढ़ाकर अप्राकृतिक घटनाओं से सुरक्षा और मुक्ति पायी जा सकती है।

## शुभकामना एवं सूचना

मां भगवती की पूजा अर्चना को ले कर खबर मन्त्र दफ्तर और प्रेस महानवमी और विजयादशमी के मौके पर 23 और 24 अक्तूबर को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक पाठकों को 26 अक्तूबर को मिलेगा।
तमाम पाठकों, विज्ञापन दाताओं, शुभेच्छुओं, हाकर और एजेंट बंधुओं को खबर मन्त्र परिवार की ओर से शक्ति पर्व दहशरा की ढेरों शुभकामनाएं। मां भगवती सभी पर कृपा बनाये रखें। -प्र.

## या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

# मां का आंचल भरकर सुख समृद्धि मांगी



फोटो : समीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के तमाम पूजा पंडालों और देवी मंदिरों में रविवार को महाष्टमी के मौके पर मां के भक्त उमड़ पड़े। महिलाओं ने नवरात्र के आठवें दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी का आंचल भरकर सुख समृद्धि की कामना की। सभी देवी मंदिरों में खोइछा कर मां दुर्गा की पूजा की और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की मां के कन्या स्वरूप की पूजा-अर्चना की। महागौरी की पूजा करने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिलती है।

**हर ओर भक्ति की बयार :** पूरा झारखंड शक्ति की भक्ति में लीन है। माता के जयकारे से रांची समेत तमाम शहरों का कोना-कोना गूंज रहा है। रांची में मां के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु देर रात तक एक पंडाल से दूसरे पंडाल जाकर माता का दर्शन कर रहे हैं। मेला का भी जमकर लुत्फ उठा रहे हैं।

**इन पंडालों में उमड़ रही भीड़ :** रांची के सबसे ज्यादा भीड़ बकरी बाजार, राजस्थान मित्र मंडल, रातू रोड आरआर स्पोर्टिंग क्लब, सत्य अमर लोक, हरमू पंच मंदिर, बांधगाड़ी, गीतांजलि क्लब मोरहाबादी, त्रिकोण हवन कुंड सुभाष चौक, सत्य अमरलोक, वृंदावन कॉलोनी चिरौंदी, ज्योति संगम मारवाड़ी स्कूल, कोकर, बांधगाड़ी के पंडालों में नजर आ रही है। जगह-जगह तोरण द्वार पर लगी विद्युत सज्जा लोगों को भा रही है। गली-मोहल्ले से लेकर शहरों में चहल-पहल देखी जा रही है।

प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में भी भक्त और श्रद्धालुओं ने धूमधाम से मां महागौरी की पूजा की। सुबह मंगल आरती के बाद कपाट खुलने के साथ ही देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में लोग देवी मां की पूजा करने आ रहे हैं।

**मां सिद्धिदात्री मनोकामना पूर्ण करती हैं :** नवरात्रि के पावन दिन चल रहे हैं।

(शेष पेज 11 पर)

**रांची में मुस्लिम कारीगर ने बनाया रावण का पुतला, सीएम करेंगे दहन :** रांची में रावण दहन की तैयारी अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस विजयादशमी रावण का वध करेंगे। रांची का रावण दहन बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल भी पेश कर रहा है। पंजाबी हिंदू समुदाय द्वारा हर साल रांची के मोरहाबादी मैदान में किया जाने वाला लंका दहन और रावण वध न केवल बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है, बल्कि एक यह सांप्रदायिक सौहार्द का भी प्रतीक है। इस साल मोरहाबादी में 70 फीट का रावण, 65 फीट का कुंभकरण और 60 फीट का मेघनाथ का पुतला बनाया जा रहा है। इन पुतलों के निर्माता मोहम्मद मुस्लिम हैं। गया निवासी मोहम्मद मुस्लिम 21 साल से लगातार रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले बना रहे हैं। उन्हें इस बात का एहसास नहीं है कि वे किसी अन्य धर्म के होने के कारण रावण का पुतला बनाते हैं। 24 अक्टूबर को मोरहाबादी में होने वाले इस आयोजन में इस बार लंका दहन और रावण वध के दौरान आतिशबाजी की विशेष व्यवस्था की गयी है।

## देश को दशहरा का तोहफा



# न्यूजीलैंड को हराकर शीर्ष पर पहुंचा भारत

- विश्व कप में 20 साल बाद हराया
- पांचवीं जीत में छाये शमी-विराट

**धर्मशाला (एजेंसी)।** भारत ने रविवार को वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा कर देश को दशहरा का शानदार तोहफा दिया। विश्व कप में 20 साल बाद न्यूजीलैंड पर भारत की यह पहली जीत है। इस लगातार 5वीं जीत से 10 अंकों के साथ टीम इंडिया अब पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गयी है। साथ ही सेमीफाइनल के लिए क्वॉलिफाइ के और भी करीब पहुंच गया है। भारत ने मोहम्मद शमी (54/5) की कातिलाना गेंदबाजी के बाद विराट कोहली (95), रोहित (46) और आखिरी समय में रविंद्र जडेजा (नाबाद 39) की जबरदस्त बैटिंग के दम पर न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया।

**शतक से चूक गये कोहली :** पिछले मैच में गजब का शतक जड़ने वाले कोहली एक बार फिर उसी तरह की पारी खेल रहे थे। भारत को जीत के लिए 5 रनों की जरूरत थी और कोहली को शतक पूरा करने के लिए 5 रन ही चाहिए थे। तभी कोहली हवा में शॉट खेल बैठे और शतक से 5 रनों से दूर रह गये। मैट हेनरी की गेंद पर ग्लेन फिलिप्स ने कैच लपका।

## न्यूज डायरी

### गहरी खाई में गिरी कार रांची के युवक की मौत

**गुमला।** गुरदरी थाना क्षेत्र के नेतरहाट घाटी में मिलिट्री मोड़ के समीप शनिवार की रात रांची से नेतरहाट जा रही क्रेटा कार अनियंत्रित होकर 300 फीट गहरी खाई में गिर गयी। इसमें सवार रांची बरियातू के मो शहबाज रिजवी उर्फ कैफ (20) की मौत हो गयी।

### झारखंड की बसंती ने जीता कांस्य पदक

**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ नयी दिल्ली एवं पश्चिम चंडीगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, चंडीगढ़ में संपन्न राष्ट्रीय ओपन अंडर 23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन पूर्वी सिंहभूम की बसंती कुमारी ने कांस्य पदक जीता।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




## चक्रवाती तूफान 'तेज' का आसार, अलर्ट जारी

# विजयादशमी पर बारिश संभव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, नयी दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम अरब सागर के ऊपर दबाव का एक क्षेत्र में विकसित हो गया है जिसके चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। ऐसे में दुर्गा पूजा में मौसम रंग में भंग कर सकता है। रांची मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में मौसम का मिजाज बदल रहा है।

रांची सहित राज्य के कई जिलों में विजयादशमी के दिन 24 को बारिश की संभावना है। 25 को भी राज्य के पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, सरायकेला-खरसावां, दोनों सिंहभूम में देखने को मिलेगा।

**देश के कई हिस्सों में भारी बारिश संभव :** स्काईमेट वेदर के मुताबिक मौसम गतिविधियों में हो रहे बदलाव के कारण विजयादशमी के दौरान देश के कई हिस्सों में भारी बारिश भी हो सकती है। साइक्लोन पूर्व मध्य अरब सागर से जुड़ता जा रहा है, इस कारण खासकर मुंबई पुणे में जोरदार बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, केरल और अरुणाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश हुई। आइएमडी ने साइक्लोन 'तेज' लेकर अलर्ट जारी किया है। अरब सागर के ऊपर बने चक्रवाती तूफान 'तेज' बहुत ही गंभीर चक्रवाती तूफान (वीएससी) में बदल रहा है। अगले 24 घंटों में तेज के एक गहरे अवसाद में और तेज होने की संभावना है।

# जेइइ परीक्षा अब एनटीए नहीं, एपेक्स बोर्ड करायेगा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** आइइटी व एनआइटी में प्रवेश के लिए होने वाली जेइइ परीक्षा अब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए नहीं करायेगा। यह परीक्षा अब जेइइ एपेक्स बोर्ड (जेएबी) करवायेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एपेक्स बोर्ड की संरचना और गठन के संबंध में एक अधिसूचना जारी की है।

जेइइ मेन के स्कोर के आधार पर 32 एनआइटी और जेइइ एडवांस्ड के आधार पर देशभर की 26 आईआईटी में दाखिला होगा। गौरतलब है कि जेइइ में 12 लाख से अधिक छात्र शामिल होते हैं। आइआइटी में दाखिले के लिए जेइइ मेन में मेरिट हासिल करने वाले छात्र जेइइ एडवांस्ड की परीक्षा देते हैं। अच्छा स्कोर करने वाले छात्रों को आइआइटी में दाखिला मिलता है, जबकि एनआइटी में जेइइ मेन के रिजल्ट के आधार पर दाखिला होता है। अभी तक यह दोनों एग्जाम करवाने की जिम्मेदारी एनटीए की थी। (शेष पेज 11 पर)

## बिहार के कई शहरों में भूकंप के झटके

**पटना।** बिहार समेत नेपाल में रविवार की सुबह भूकंप के कई झटके महसूस किये गये हैं। रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 4.3 मापी गयी। जैसे ही भूकंप के झटके महसूस आये, लोग आनन-फानन में अपने-अपने घरों से बाहर आ गये। हालांकि अभी तक कहीं से भी जानमाल के क्षति की खबर नहीं है। करीब तीन सेकेंड तक ये झटके मोतिहारी, छपरा, बगहा, सिवान और गोपालगंज समेत कई अन्य जिलों में महसूस किये गये। जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 7:28 मिनट पर भूंकप आया था।


# बेहद खास होता है मैसूर का दशहरा, अलग ही रहती है रौनक

## उत्तर से दक्षिण भारत तक रहती है विजयादशमी की धूम

**एजेंसी**


**नयी दिल्ली।** महिषासुर के नाम से बने महिषुरु को आज हम मैसुरु या मैसूर के नाम से जानते हैं, जो भारत के प्रमुख शहरों में शामिल है। कर्नाटक का कल्चर कैपिटल कहलाने वाला यह शहर कई सारी खासियतों को अपने में समेटे हुए है। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से मात्र 150 किलोमीटर दूर अपने प्राचीन गौरव और इतिहास को समेटे मैसूर में देखने को मिलती है दशहरे की अलग ही रौनक। 24 अक्टूबर को यहां दशहरे का पर्व मनाया जायेगा। उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक में इसकी धूम देखने को मिलती है। वैसे तो इस समय पूरे देश में दशहरे की धूम देखने को मिल रही है। लेकिन मैसूर के बाद दिल्ली में इसकी अलग ही रौनक होती है।

(शेष पेज 11 पर)



### देश ही नहीं विदेशों से भी आते हैं श्रद्धालु

पर्यटन स्थलों, खानपान, हस्तशिल्प के अलावा मैसूर में होने वाला दशहरा भी अपनी एक अलग पहचान बनाये हुए है। यहां का दशहरा पर्व देखने दुनियाभर के कोने-कोने से पर्यटक पहुंचते हैं। इसकी शुरुआत वादियार राजाओं ने 16वीं शताब्दी में की थी। विजयादशमी के दिन सजे-धजे हाथी के ऊपर सवार होकर मां चामुंडेश्वरी की झांकी निकलती है, जिसके पीछे ढोल-नगाड़े और नाचते-गाते लोग चलते हैं। इसके शासक कला प्रेमी भी रहे हैं शायद इसी वजह से यहां कला और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। मैसूर सिल्क, मैसूर पाक, मैसूर चंदन, मैसूर पेंटिंग, मैसूर दशहरा, यहां तक कि मैसूर डोसा भी इसका नाम दुनिया के कोने-कोने में पहुंच रहा है।



# रांची पहुंची जापान की टीम, ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकीं खिलाड़ी

**रांची में 27 से वीमेंस हॉकी का महाकुंभ**







खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्राफी का आयोजन 27 अक्टूबर से रांची में होने जा रहा है। मेजबान रांची सहित झारखंड वीमेंस एशियंस हॉकी चैंपियनशिप की खुमारी में डूबने को तैयार है। इस चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रविवार को जापान की टीम रांची पहुंची। स्वागत में ढोल नगाड़ा से पूरा एयरपोर्ट गूंज उठा। इस दौरान ढोल-नगाड़ों के थाप पर जापान की खिलाड़ी भी थिरकती नजर आयीं। इसके बाद खिलाड़ियों को चाक चौबंद सुरक्षा के साथ एयरपोर्ट से होटल चाणक्या बीएनआर पहुंचाया गया। रांची एयरपोर्ट पर जापान की सभी खिलाड़ियों को हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों ने झारखंडी गमछा और फूल का माला पहनाकर स्वागत किया। जापान की टीम के आगमन को लेकर एयरपोर्ट पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था थी। सिटी एसपी राज कुमार मेहता खुद सुरक्षा की कमान संभाले हुए थे। इस दौरान हटिया डीएसपी राजा मित्रा, डोरण्डा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद ने भी सुरक्षा की कमान संभाली। मौके पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे। रविवार की रात मेजबान भारत की भी टीम रांची पहुंची। सोमवार 23 अक्टूबर को कोरिया, 24 अक्टूबर को मलेशिया और 25 अक्टूबर को चीन और थाइलैंड की टीम रांची पहुंचेगी। अब ओलंपियन से सजी टीमों के प्लेयर्स के हाथों हॉकी का जादू 27 अक्टूबर से देखने को खेल प्रेमी बेकरार हैं। जापान की टीम के स्वागत के लिए रांची एयरपोर्ट पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, रजनिश कुमार आदि उपस्थित रहे। वहीं प्रशासन की ओर से सिटी एसपी राज कुमार मेहता, हटिया डीएसपी राजा मित्रा, डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद रहे।

### यहां ठहरेंगी टीमें

भारत और कोरिया की टीम होटल पार्क प्राइम में, जापान, थाइलैंड की टीम चाणक्या बीएनआर में और मलेशिया तथा चीन की टीम रेडिसन ब्लू होटल में रुकेंगी।

### राज्यपाल को मिला उद्घाटन का न्योता



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से रविवार को राज्य के अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह, निदेशक, खेल सुशांत गौरव एवं हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने राज भवन में भेंट की और टूर्नामेंट के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया।

## झारखंड स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को सीएम राज्यवासियों को देंगे कई तोहफे

**अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का करेंगे शिलान्यास**

### अबुआ आवास योजना की होगी शुरूआत



राज्य के गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए अबुआ आवास योजना की शुरूआत राज्य स्तर पर की जाएगी। योजना के तहत गरीबों को तीन कमरे का मकान दिया जाएगा। करीब 16 हजार 320 करोड़ से अधिक की इस योजना से लगभग आठ लाख लोगों को पक्का मकान राज्य सरकार अपने मद से उपलब्ध कराएगी। साथ ही जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। मुख्यमंत्री राज्य के स्थापना दिवस से पहले एक नवंबर से राज्यस्तर पर भूमिहीन आदिवासियों को वन पट्टा देने के लिए अबुआ बीर दिशोम अभियान 2023 शुरू करेंगे। ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन, पुनर्गठन सुनिश्चित किया जा रहा है।

**दाल वितरण योजना 15 से हो सकती है शुरू :** खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से गरीबों की दाल वितरण योजना को 15 नवंबर से शुरू करने की तैयारी है। राज्य सरकार ने लगभग 65 लाख लाभुकों को प्रति परिवार प्रतिमाह एक रुपये की अनुदानित दर से एक किलो दाल वितरण की योजना बनायी है। योजना के क्रियान्वयन को लेकर 55 करोड़ रुपये के व्यय का प्रस्ताव है। केंद्र सरकार ने झारखंड को 8600 टन चना का आवंटन किया है।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 15 नवंबर को झारखंड के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की जनता को कई तोहफे देंगे। इसी दिन से आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण भी शुरू होगा। इस अभियान के तहत लोगों से विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का आवेदन लिया जायेगा और निर्धारित समय में उसे पूरा किया जाएगा। झारखंड के स्थापना दिवस के मौके पर ही रांची स्मार्ट सिटी परिसर में अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का शिलान्यास किया जाएगा। यह अस्पताल 250 बेड का होगा। पहले चरण में यहां ओपीडी की शुरूआत होगी। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी का तोहफा भी दिया जाएगा।

**भू-अभिलेख, फॉरेस्ट मैप के लिए पूरी कार्य योजना तैयार :** जिलास्तरीय वन प्रमंडल पदाधिकारी और राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक, ग्रामस्तरीय वनाधिकार समिति में की जाने वाली कार्रवाई के लिए सभी प्रकार के भू-अभिलेख, फॉरेस्ट मैप आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी कार्य योजना तैयार की जा रही है। उपायुक्तों के स्तर से विस्तृत प्रतिवेदन आदिवासी कल्याण आयुक्त को दिया जा रहा है। 15 नवंबर से इसका तीसरा चरण आरंभ होगा। इस अभियान के तहत सुदूर इलाकों में शिविर लगाए जाएंगे, जहां लोगों से विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के लिए आवेदन लिया जाएगा।

**स्कीपा के महानिदेशक की अध्यक्षता में बनेगा राज्य प्रशिक्षण परिषद**

## झारखंड में कुशल पारदर्शी और समयबद्ध शासन के लिए प्रशिक्षण नीति 2023 तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में कुशल पारदर्शी एवं एवं समयबद्ध शासन प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति 2012 की तर्ज पर झारखंड राज्य के अधिकारियों कर्मचारियों के लिए राज्य प्रशिक्षण नीति 2023 का गठन किया गया है। मंत्रिपरिषद के फैसले के बाद कार्मिक विभाग ने इस संबंध में संकल्प जारी कर दिया है। इस प्रशिक्षण नीति पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची की शासी निकाय की बैठक में पहले ही स्वीकृति दे दी गई थी। इसे अब लागू कर दिया गया है। प्रशिक्षण नीति के तहत श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान झारखंड संबंधित विभागों के द्वारा संचालित प्रशिक्षण संस्थानों के साथ समन्वय करेगा। इनमें केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान रांची, वन प्रशिक्षण संस्थान रांची पुलिस प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग, राज्य ग्रामीण विकास संस्थान हेहल, विश्वेश्वरैया स्वच्छता जल अकादमी रांची है। स्कीपा स्व-मूल्यांकन और बेंच मार्किंग के एक सतत प्रक्रिया के माध्यम से संपादित प्रशिक्षण के गुणवत्ता में उत्कृष्ट मॉडल बनाएगा। संबंधित विभागों के परामर्श से राज्य की प्रशिक्षण नीति की क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश तैयार होगा। संपर्क प्रशिक्षण योजना तैयार करने से संबंधित विभागों की सहायता की जाएगी। वार्षिक प्रशिक्षण योजनाओं को तैयार एवं लागू करने में विभागों को तकनीकी सहायता सलाह प्रदान किया जाएगा। आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण योजनाओं का विकास किया जाएगा।

### विकसित होगा प्रासंगिक प्रशिक्षण मॉड्यूल

स्थानीय स्तर पर शासन की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए प्रासंगिक प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित होगा। वैसे प्रशिक्षण संस्थानों के द्वारा अपनाए जाने के लिए समान प्रकृति की विशिष्ट प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार होगा। शिक्षा सामग्री के ऊपर उपलब्धता ऑनलाइन पाठ्यक्रम सीखने में लचीलापन के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ लिया जाएगा। विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण पद्धति का निर्धारण होगा। निरंतर सीखने और विकास प्रक्रिया के एक अभिन्न अंग के रूप में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन होगा। समय-समय पर सेमिनार और कार्यशाला आयोजित होंगे। सुशासन के उद्देश्य को आगे आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट केंद्र का निर्माण होगा प्रशिक्षण से संबंधित विषय पर सरकार को सलाह दी जाएगी। जेपीएससी, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग और संबंधित निकाय के माध्यम से राज्य सरकार के विभिन्न सेवाओं में चयनित व्यक्तियों को प्रवेश प्रशिक्षण सुविधा इत्यादि प्रदान की जाएगी।

### शिक्षण संस्थानों के साथ नेटवर्क बनाया जायेगा

अखिल भारतीय सेवाओं के प्रशिक्षित पदाधिकारी को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण सुविधा दी जाएगी। पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के अधिकारियों एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण विभिन्न विभाग के कर्मचारी पदाधिकारी को सेवाकालीन प्रशिक्षण, प्रमोशन संबंधित परीक्षण, शिक्षक क्षमता को बढ़ाने के लिए, प्रौद्योगिकी को बढ़ावा करना, शिक्षक संसाधन के अनुभव को साझा करने के लिए शिक्षण संस्थानों के साथ नेटवर्क बनाया जाएगा। राज्य प्रशिक्षण परिषद बनेगा जिसका अध्यक्ष महानिदेशक स्कीपा होंगे। इसके अलावा अन्य प्रशिक्षण संस्थानों के निदेशक इसके सदस्य होंगे।

## दुर्गा पूजा में भी टेट पास शिक्षकों का धरना जारी

**मंत्री और पार्टी कार्यालय घेर कर दे रहे आंदोलन की धमकी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दुर्गा पूजा के दौरान भी राज्य के टेट पास सहायक अध्यापकों (सहायक अध्यापक समन्वय समिति) का बेमियादी धरना जारी है। राजभवन के सामने इनका आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन 62वें दिन भी जारी रहा। प्रदेश संरक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा में भी हम आंदोलन करने में विवश हैं। बिहार में गठबंधन सरकार ने वेतनमान के बाद 4 लाख पारा शिक्षकों को राज्यकर्मी की दर्जा देने की घोषणा कर दी है। परंतु झारखंड में वही गठबंधन की सरकार वेतनमान देने पर आनाकानी कर रही है।

### सरकार को सद्बुद्धि दें दुर्गा मां

टेट पास सहायक अध्यापक संघ के संरक्षक प्रमोद कुमार और पलामू जिला महासचिव निर्मल कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार की तरफ से अब तक कोई सुध नहीं ली गयी है। 15 नवंबर से पहले हमारी मांग पूरी नहीं हुई, तो उग्र आंदोलन करेंगे। प्रदेश के सदस्य मुख्तार अंसारी ने कहा कि सरकार हर जगह यह कहती फिरती है कि पारा शिक्षकों की सारी समस्या दूर कर ली गयी है, जो केवल बकवास है। पारा शिक्षकों का आरोप है कि सरकार अल्पसंख्यक विद्यालय के शिक्षकों को तोहफा पे तोहफा दे रही है, जबकि हमारे 3 से 4 हजार लोग अल्पसंख्यक भी हैं और टेट पास भी हैं। 19 -20 वर्षों से कार्य भी कर रहे हैं। फिर हमें क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है? गढ़वा जिला के राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि केवल आश्वासन देकर मंत्री- विधायक कन्नी काट लेते हैं। मां दुर्गा सरकार को सद्बुद्धि दें।

### वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप-2023




### झारखंड में घर-घर मतदाता सर्वेक्षण का दूसरा चरण 27 अक्टूबर से

एजेंसी (हि.स.)

**रांची।** झारखंड में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण के अंतर्गत घर-घर मतदाताओं के सर्वेक्षण कार्यक्रम का दूसरा चरण 27 अक्टूबर से शुरू होगा, जो नौ दिसंबर तक चलेगा। एक जनवरी 2024 तक जो युवा 18 साल पूरा करने वाले है। उन्हें भी मतदाता सूची में शामिल करने की पहल की जा रही है। इस बीच 18 साल पूरा कर चुके युवा वोटरों का भी नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। 28, 29 अक्टूबर और 4, 5 नवंबर को सभी मतदान बूथ पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि 28 नवंबर को आदिम जनजातियों के लिए, 29 नवंबर को बेघर लोगों के लिए, 30 नवंबर को 80 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए, दो दिसंबर को थर्ड जेंडर और ट्रांसजेंडर के लिए और तीन दिसंबर को दिव्यांग जनों के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

**खबर एक नजर में**

### झारखंड पुलिस के 314 पुलिसकर्मियों के आश्रितों को दी गयी 93.30 लाख सहायता राशि

**रांची।** झारखंड पुलिस के 314 मृत पुलिसकर्मियों के आश्रितों को 93 .30 लाख की सहायता राशि मिली है। यह राशि परोपकार कोष से दी गयी है। गौरतलब है कि झारखंड पुलिस मुख्यालय में बीते एक सितंबर को झारखंड पुलिस शिक्षा और परोपकार कोष से सहायता राशि की स्वीकृति के लिए बोर्ड की बैठक हुई थी। बैठक में पुलिसकर्मियों के आश्रितों को सहायता राशि देने का फैसला लिया गया था। बैठक की अध्यक्षता डीजीपी अजय कुमार सिंह ने की थी। जबकि एडीजी मुख्यालय, एडीजी अभियान, आईजी प्रोविजन, डीआईजी कार्मिक, डीआईजी सीआईडी, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष और झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष भी इस बैठक में शामिल हुए थे।

### एडीजी तदाशा मिश्रा से 71 हजार की धोखाधड़ी

**रांची।** एडीजी तदाशा मिश्रा से 71 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया। इस संबंध में चुटिया थाना में मामला दर्ज कराया गया है। एडीजी तदाशा मिश्रा के साथ प्रतिनियुक्त जैप-1 के हवलदार शम्मी क्षेत्री ने इस मामले में चुटिया थाने में 20 अक्टूबर को रविकांत भल्ला पर मामला दर्ज कराया है। दर्ज कराए गए मामले के अनुसार, ऑक्सफोर्ड स्कूल के पास रहनेवाले रविकांत को तदाशा मिश्रा ने अपने मकान की मरम्मत के लिए ईंट-गिट्टी आपूर्ति करने का आर्डर दिया था। उन्होंने एडवांस में उसे 1.33 लाख रुपए दिए थे। भल्ला ने पहले घटिया क्वालिटी की ईंट-गिप्ती आपूर्ति की, क्वालिटी खराब देखकर तदाशा मिश्रा ने उसे आपूर्ति रोकने को कहा। साथ ही, उससे शेष 71200 रुपए लौटाने को कहा। इस पर भल्ला ने 25 हजार का एक चेक दिया, जो बाउंस हो गया। इसके बाद वह कई महीने तक टाल-मटोल करता रहा, फिर अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। उसके मकान जाने पर पता चला कि वह एक माह पहले ही घर खाली कर चुका है। मकान मालिक ने उसका तीन मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया है।

**झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने राज्यपाल से लगायी पत्रांक 770 को निरस्त करने की गुहार**

## स्कूली शिक्षा सचिव की मनमानी पर रोक लगायें राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन कुमार एवं मो अतीकुज्जमां ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से हाइकोर्ट के न्यायादेश के विपरीत शिक्षा सचिव के स्तर पर जारी पत्रांक 770 को निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि विभागीय आदेश एवं न्यायादेश की मूल भावना के विपरीत जाकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने 5 अक्टूबर को पत्रांक 770 से अनुचित मार्गदर्शन देते हुए ग्रेड 4 एवं 7 में भूतलक्षी पदोन्नति न देने की सलाह दी है, जो कि हाइकोर्ट के न्यायादेश एवं विभागीय नियमों के विपरीत है। विभाग के तत्कालीन सचिव ने 26 अगस्त 21 को पत्रांक 619 के माध्यम से पद उपलब्धता की तिथि से वांछित योग्यताधारी शिक्षकों को पदोन्नति देने का आदेश निर्गत किया था। इसे डब्ल्यूपी (एस) 4115 से चुनौती दी गई थी। लेकिन हाइकोर्ट ने उस चुनौती को खारिज करते हुए शिक्षा सचिव के पत्रांक 619 को उचित ठहराते हुए पदोन्नति का आदेश पारित किया था।

मालूम हो कि पूर्व से सेवारत शिक्षकों की वरीयता अक्षुण्ण बनी रहे। इसके लिए ही वर्ष 2021 में तत्कालीन विभागीय सचिव ने पत्रांक 619 के माध्यम से आदेश निर्गत किया था। परंतु 770 द्वारा प्रदत्त मार्गदर्शन के कारण 2015-2016 में 6 से 8 के पद पर नियुक्त हुए शिक्षकों से 1987, 1994, 1999, 2003 एवं 2009 के शिक्षक कनीय हो जाते हैं । पद उपलब्धता के बाद भी विभिन्न जिलों के जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा ससमय पदोन्नति नहीं दिए जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। वहीं, प्रारंभिक शिक्षक पदोन्नति नियमावली 1993 के अनुसार हरेक वर्ष वरीयता निर्मित करते हुए विभिन्न ग्रेडों में पदोन्नति दिया जाना चाहिए।

बताया जा रहा है कि क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक पलामू प्रमंडल शिवेंद्र कुमार के स्तर पर सचिव को गुमराह कर गलत सलाह दिया जा रहा है। यही कारण है कि 20 से 30 वर्षों की सेवा के बाद भी शिक्षक कनीय हो जा रहे हैं। यही कारण है कि राज्य के लगभग 40,000 प्राथमिक शिक्षकों में रोष उत्पन्न हो रहा है। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ राज्यपाल से यह मांग करती है कि अविलंब विभागीय सचिव के पत्रांक 770 को निरस्त कराया जाए तथा हाइकोर्ट के न्यायादेश का सम्मान करते हुए पत्रांक 619 के अनुसार पद उपलब्धता की तिथि (भूतलक्ष्मी) से पदोन्नति दिया जाये, ताकि 1987, 1994, 1999, 2003 एवं 2009 में नियुक्त प्राथमिक शिक्षकों की वरीयता अक्षुण्ण रह सके।

### एनएचएआई के सीजीएम ने गंगा ब्रिज, पिस्का मोड़ बिजुपाड़ा रोड का किया साइट विजिट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एनएचएआई के मुख्य महाप्रबंधक एके शर्मा और उप महाप्रबंधक अजय गुप्ता ने साहिबगंज, धनबाद व हजारीबाग में निर्माण हो रहे विभिन्न सड़क व पुल परियोजनाओं का निरीक्षण किया है। इस दौरान अधिकारियों साथ बैठक भी की है। अधिकारियों ने बताया कि देवघर में आने के बाद वहां से सीधे साहेबगंज गए, जहां गंगा मनिहारी ब्रिज व एनएच 80 रोड निर्माण के लिए दिए गये लक्ष्य और अब तक हुए कार्य की जानकारी प्राप्त की साथ ही स्थल निरीक्षण भी किया। इसी तरह मिर्जा चौकी से फरक्का रोड का निरीक्षण किया ओर संवेदकों व इंजीनियरों के सथ बैठक की।

अधिकारियों ने संवेदकों व इंजीनियरों से काम में तेजी लाने को कहा है साथ ही स्पष्ट किया इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अधिकारियों ने रामगढ़-चास और गोविंदपुर रोड का भी साइट विजिट किया है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को उन्होंने रांची में पिस्का मोड़ रांची से बिजुपाड़ा रोड की भी स्थिति को भी देखा और राइडिंग क्वालिटी सुधारने का निर्देश इंजीनियरों-ठेकेदारों को दिया है। इसके बाद झारखंड के क्षेत्रिय पदाधिकारी के साथ बैठक भी किया है।

### 24 अक्टूबर को रांची सहित कई जिलों में बारिश की संभावना

**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज बदल रहा है। रांची सहित कई जिलों में 24 अक्टूबर से बारिश की संभावना है। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। वहीं आज 23 अक्टूबर तक राज्य में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान बारिश की उम्मीद नहीं है। वहीं 24 और 25 अक्टूबर को राज्य के पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इसका असर साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम जिले में देखने को मिलेगा।

## कन्या पूजन की परंपरा निभायी सुख-समृद्धि की कामना की


देशप्रिय क्लब

**रांची।** शारदीय नवरात्र के आठवें दिन रविवार को शक्ति की देवी मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की गयी। किशोर गंज देवी मंडप, दुर्गाबाड़ी, देशप्रिय क्लब, थरपकना देवी मंदिर, चुटिया मंदिर के साथ अरगोड़ा के प्राचीन देवी मंदिर में खोइंचा भर कर मां दुर्गा की पूजा कर भक्त सुख-समृद्धि की कामना की गयी। देशप्रिय क्लब में कन्या पूजन भी किया गया। नवरात्र के आठवें दिन शाम को संधि पूजा की गयी। मान्यता है कि मां महागौरी की पूजा करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मां की कृपा से लड़कियों की शादी में आ रही बाधाएं दूर हो जाती हैं।

## अरगोड़ा पूजा पंडाल में बही भक्ति की बयार



## नवयुवक संघ बकरी बाजार में सर्वाधिक भीड़



अपर बाजार के बकरी बाजार स्थित नवयुवक संघ का पंडाल में सर्वाधिक भीड़ हो रही है। यहां कलाकारों ने चक्रव्यूह को जीवंत बना दिया है। रेलवे स्टेशन स्थित पूजा पंडाल में बेटी बचाओ थीम पर थर्माकोल की कारीगरी जबरदस्त है। रातू रोड के आर आर स्पोर्टिंग में पुनर्जन्म थीम पर तैयार पंडाल को कलाकारों ने आकर्षक रूप दिया है। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति का पंडाल में देवलोक का नजारा दिखता है। इस पंडाल में प्लाई बीट और थर्माकोल का काम ज्यादा है। इसके अतिरिक्त थीम के आधार पर कपड़ों का रंग चुना गया है। ढिबरी बाजार स्थित पूजा पंडाल में स्वचालित बिजली आधारित शो दिखाया गया है, जिसमें मां महिषासुर का वध करते दिखाई देती हैं। सत्य अमर लोक हरमू रोड, शक्ति श्रोत संघ गाड़िखाना, कोकर, संग्राम क्लब, बिहार क्लब का पंडाल भी आकर्षक बने। हरमू स्थित पंडाल में गुजरात के गांधीनगर स्थित अक्षरधाम स्वामी नारायण मंदिर का विशाल प्रारूप बनाया गया है।

इधर आज नवमी की पूजा होगी और कई स्थानों में बली भी दी जाएगी। विजयादशमी 24 अक्टूबर को मनाया जाएगा और कई स्थानों में रावण दहन भी होगा।

# आकर्षक पूजा पंडाल और भीड़ बढ़ा रहे दुर्गा उत्सव की शोभा

### आज मां सिद्धिदात्री की होगी पूजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शारदीय नवरात्र के महाअष्टमी के दिन मां दुर्गा पूजा पंडाल, मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मां के जयकारे से पूरा शहर गूंजयान रहा। श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन करने लंबी दूरी तय कर पैदल ही पंडाल में आए। रविवार को जैसे-जैसे दिन गुजर रहा था पूजा पंडालों की रौनक बढ़ती जा रही थी। शाम होते ही रंग बिरंगे रोशनी से जगमग आकर्षक पंडालों में स्थापित मां की प्रतिमा अपने भव्य स्वरूप में नजर आ रही थी। देर रात तक पूजा पंडाल में आने वाले भक्तों का तांता लगा था। मौसम सुहाना होने की वजह से इस बार पूजा की भव्यता और बढ़ गई है। अलग-अलग पूजा पंडालों में जागरण के साथ गरबा डांडिया का भी आयोजन किया गया था। पूजा पंडाल देखने वाले दर्शनार्थी स्वतः ही पूजा पंडाल में आयोजित गरबा डांडिया खेलने लग रहे थे।


रांची रेलवे स्टेशन

## अतुलनीय है पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा


नवयुवक संघ, बकरी बाजार


धुर्वा बस स्टैंड


चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति, मेन रोड


केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति

## शारदीय नवरात्र 2023

### श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति में डांस प्रतियोगिता

श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ओएचसी परिसर एचईसी में पूजा पंडाल में स्थापित प्रतिमा आकर्षक है। आसपास के लोगों की भीड़ को देखने के उमड़ पड़ी। इस पूजा पंडाल की सबसे अच्छी खासियत यह है कि हर दिन बच्चों की कुछ ना कुछ प्रतियोगिता आयोजित होती है और उन्हें पुरस्कार भी दिया जाता है। बच्चों के बीच डांस प्रतियोगिता हुई जिसमें कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। समिति के सचिव पशुपति कुमार सिन्हा ने बताया कि इस बार मां का जागरण भी किया जाएगा। विजयदशमी के दिन मां का जागरण होगा जिसमें प्रसिद्ध कलाकारों अपनी भजनों से श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे। पंडाल में आद्या सिंह को मां दुर्गा के रूप में प्रस्तुत किया गया।

### मेला और फूड स्टॉल में उमड़ी भीड़

राजधानी के पूजा पंडालों और सड़कों किनारे पड़े पैमाने पर फूड स्टाल लगाए गए हैं। पूजा पंडाल में आकर्षक झूले,मौत का कुआं, बच्चों को खेलने के लिए कई आकर्षक खेल रखे गए हैं। फूड स्टॉल में छोले भटूरे, इडली डोसा, लिप्ती चोखा, चौमिन चिली की सबसे अधिक डिमांड है अधिकांश घरों में एक समय का खाना इन फूड स्टॉल में ही लोग खा रहे हैं, और अपने परिजनों के साथ इंजॉय भी कर रहे हैं।

### सड़कों पर बैरिकेडिंग से चार पहिया वाहन वालों को हो रही परेशानी

राजधानी के आसपास से सटे प्रमुख शहरों सड़कों पर बैरिकेडिंग होने की वजह से चार पहिया वाहन वालों को काफी परेशानी हो रही है। रोड में बैरिकेडिंग हो जाने की वजह से चार पहिया वाहन चालक कई पूजा पंडालों को नहीं देख पाए। बैरिकेडिंग की वजह से हरमू रोड, लालपुर, कांके रोड इत्यादि में भी चार पहिया वाहनों से पूजा पंडाल देखने के लिए निकले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि इस वजह से सड़कों पर वाहनों का दबाव काफी कम हो गया और पैदल चलने वालों को काफी आसानी हुई।

## एसएसपी परिवार संग पहुंचे भवानीपुर दुर्गा पूजा पंडाल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा भवानीपुर मैदान में श्रद्धालुओं के लिए भवानीपुर दुर्गा पूजा समिति ने इस बार डर हाउस (भूतिया घर) का निर्माण किया है जिसके अंदर गुफा पार कर भक्त मां दुर्गा का दर्शन होंगे। इसी क्रम में रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा अपने परिवार के साथ डोरंडा के भवानीपुर पंडाल में मां दुर्गा का दर्शन करने पहुंचे। मां दुर्गा का दर्शन कर सुख समृद्धि एवम राज्य की तरक्की और शांति का मां दुर्गा से आशीर्वाद मांगा। मौके पर कमिटी ने रांची एसएसपी और उनके परिवार के सभी सदस्यों को बुके, चुनरी, माला और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर कमिटी के मुख्य संरक्षक रांची के पूर्व उपमहापौर अजय नाथ शहदेव वरिष्ठ कांग्रेसी संजय पांडे, डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, कमिटी के अध्यक्ष निक्की वर्मा, विक्की वर्मा, गौतम उपाध्याय, नवीन मल्होत्रा, गौतम मिश्रा, रणधीर सिंह, ज्वाला सिंह, राहुल झा, पूनम देवी बिमला देवी आदि मौजूद थे।

## मां की प्रतिमा देख श्रद्धालु हो रहे भाव विभोर


मेकॉन कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति


पंच मंदिर हरमू


राजस्थान मित्र मंडल


आर आर स्पोर्टिंग रातू रोड

# राजधानी में मोरहाबादी सहित चार जगहों पर होगा रावण दहन

## मोरहाबादी में 70 फीट का होगा रावण का पुतला, रिमोट के जरिये जलाया जायेगा, आतिशबाजी भी खास होगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दुर्गोत्सव के साथ-साथ राजधानी में दशमी के दिन रावण दहन की तैयारी भी की जा रही है। इस वर्ष राजधानी में चार स्थानों पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मोरहाबादी, अरगोड़ा, एचईसी शालीमार और टाटीसिलवे में कई वर्षों से रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### मोरहाबादी मैदान में आयोजन को लेकर तैयारी शुरू

**पंजाबी** हिंदू बिरादरी की ओर से मिली जानकारी के अनुसार रावण दहन के आयोजन को लेकर मोरहाबादी मैदान में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस बार 70 फीट का रावण का पुतला होगा, जबकि कुंभकर्ण के पुतले की लंबाई 65 फीट और मेघनाथ का पुतला 60 फीट का होगा। इस बार की आतिशबाजी खास होगी। इसके लिए कोलकाता से प्रख्यात आतिशबाजी करने वाले शेखर मुखर्जी को बुलाया गया है। इस बार रिमोट के बटन के जरिये पुतला दहन होगा। इस दौरान झारखंड के परंपरागत लोक नृत्य और संगीत के कार्यक्रम भी होंगे।

### टाटीसिलवे में रावण पुतले की ऊंचाई होगी 60 फीट

**दशहरा** समिति टाटीसिलवे में 33 सालों से रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन होते आ रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षक मदार्नी झूमर, साथ ही छऊ नृत्य, पैका नृत्य, एवं नगाड़ा पार्टी जैसे कई मनमोहक कार्यक्रम होंगे। इस वर्ष रावण के पुतले की ऊंचाई 60 फीट एवं कुम्भकर्ण की ऊंचाई 55 फीट होगी। रावण का पुतला स्थानीय कलाकार कमल मंडल के द्वारा बनाया जा रहा है। इस वर्ष रावण दहन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ठहाका लगाता हुआ रावण (पुतला) होगा। जमीनी एवं आकाशी आतिशबाजी बंगाल के प्रसिद्ध आतिशबाजों के द्वारा किया जाएगा। मुख्य अतिथि बाबूलाल मराण्डी होंगे। समिति के संरक्षक प्रदीप वर्मा, शंकर प्रसाद, मनोरंजन मिश्रा, राजेन्द्र प्रमाणिक, मनेश महतो, गोविन्द महतो, उमेश प्रसाद, रासेश्वर नाथ मिश्रा, ब्रजेश सिंह, लखिन्द्र महतो, मंगल गुप्ता, अमरेन्द्र सिंह, संजय प्रसाद, बसंत मिश्रा, राजू पाठक, उद्धव चन्द्र महतो, प्रज्जवलित पाण्डे, दिवाकर सिंह, कमल मंडल, धीरेन्द्र त्रिपाठी, सुरेन्द्र ठाकुर, विकास मिश्रा, डा. संदीप मिश्रा, सुभाष सिंह रावण दहन कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।



### एचइसी परिसर शालीमार बाजार में 60 फीट का होगा रावण

**एचइसी** परिसर शालीमार बाजार धुर्वा में रावण दहन समारोह का आयोजन किया जाएगा। विजयदशमी रावण दहन समारोह में मुख्य अतिथि वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं सुबोधकांत होंगे। मुख्य संरक्षक आलोक दूबे ने बताया कि वर्ष 1967 से एचईसी परिसर में रावण होते आ रहा है। उन्होंने बताया कि रावण का पुतला 60 फीट व कुम्भकर्ण का पुतला 50 फीट बनाया जा रहा है। रंगारंग आतिशबाजी की भी व्यवस्था की गई है। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के संरक्षक आलोक दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव समिति के अध्यक्ष संजीत यादव, अभिषेक साहू, रवि शंकर ने बताया कि इस दौरान आतिशबाजी एवं रंगारंग कार्यक्रम होंगे।

### अरगोड़ा में भी 60 फीट का होगा रावण का पुतला

**श्री दुर्गा पूजा** समिति एवं रावण दहन समिति के अध्यक्ष पंकज साहू ने बताया कि अरगोड़ा में इस वर्ष रावण का पुतला 60 फीट और कुंभकरण का पुतला 55 फीट का होगा। इस बार मुख्य आकर्षण का केन्द्र रावण के पुतले से पीछे से लाइट जलता हुआ और चकरी घूमता हुआ आकर्षण का केन्द्र होगा। आतिशबाजी रांची एवं बक्सर के कलाकारों के द्वारा किया जाएगा।

# भारतीय टीम रांची पहुंची, आज से होगी प्रैक्टिस

## झारखंड वीमेंस हॉकी एशियन चैंपियंस ट्राफी 2023 का आगाज 27 से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्राफी 2023 का आगाज 27 अक्टूबर को होने वाला है। इसमें शामिल होने के लिए पूरे एशिया से टीम रांची पहुंचने लगी हैं। 22 अक्टूबर सुबह जापान की टीम रांची पहुंची। वहीं, देर शाम तक भारत की टीम भी रांची पहुंच गयी। सोमवार को मलेशिया की टीम भी पहुंचेगी। इसके बाद सोमवार से खिलाड़ी ग्राउंड में प्रैक्टिस शुरू कर देंगे। इस संबंध में झारखंड हॉकी महासचिव विजयशंकर सिंह ने बताया की 25 अक्टूबर तक सभी टीम पहुंच जाएंगी।

**ग्राउंड के बाहर एलइडी स्क्रीन :** मैच देखने के लिए कोई टिकट नहीं है। खेल प्रेमियों को पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर सीट मिलेगी। इसके बाद आने वाले लोगों को स्टेडियम में एंट्री नहीं मिलेगी। ऐसे लोगों के लिए एसोसिएशन की ओर से स्टेडियम के बाहर भी मैच देखने के इंतजाम किए जाएंगे। बाहर में मैच का प्रसारण एलइडी स्क्रीन पर होगा। वहीं, वीआईपी पास की भी व्यवस्था की गई है।

**27-5 नवंबर तक होंगे मैच :** 10 दिनों तक चलने वाली




चैंपियंस ट्राफी के लिए शेड्यूल जारी किया जा चुका है। जहां एक दिन में तीन मैच होंगे। मोरहाबादी स्थित हॉकी स्टेडियम में सभी मैच खेले जाएंगे। मैच को लेकर हॉकी प्रेमियों में उत्साह देखा जा रहा है। बता दें कि झारखंड में पहली बार इंटरनेशनल हॉकी ट्राफी हो रही है।

**ब्लू टर्फ पर होगा मैच :** सचिव विजयशंकर सिंह ने बताया कि स्टेडियम का टर्फ काफी पुराना हो चुका था. उसे बदल दिया गया है। पहली बार ब्लू टर्फ पर मैच होंगे। खिलाड़ियों के ठहरने के लिए होटल रेडिशन ब्लू, पार्क प्राइम और बीएनआर चाणक्या में इंतजाम किए गए हैं।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि पहली बार इंटरनेशनल लेवल का आयोजन किया जा रहा है। सभी टीमों के रहने के लिए अलग-अलग इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। एयरपोर्ट से लेकर होटल तक प्लेयर्स की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### यह है शेड्यूल

**27 अक्टूबर**
- -जापान बनाम मलेशिया, शाम 4:00 बजे
- -चीन बनाम कोरिया शाम 6:15
- -भारत बनाम थाईलैंड 8:30 बजे

**28 अक्टूबर**
- -जापान बनाम कोरिया शाम 6:00 बजे
- -थाईलैंड बनाम चीन 6:15 बजे
- -भारत बनाम मलेशिया 8.30 बजे

**30 अक्टूबर**
- -कोरिया बनाम मलेशिया शाम 4:00 बजे
- -थाईलैंड बनाम जापान शाम 6:15
- -चीन बनाम भारत रात 8:30 बजे

**31 अक्टूबर**
- -कोरिया बनाम थाईलैंड शाम 4:00 बजे
- -मलेशिया बनाम चीन शाम 6:15
- -जापान बनाम भारत रात 8:30 बजे

**2 नवंबर**
- -मलेशिया बनाम थाईलैंड शाम 4:00 बजे
- -चीन बनाम जापान शाम 6:15 बजे
- -भारत बनाम कोरिया राशन 8:30 बजे

**4 नवंबर**
- -5वें व 6ठे स्थान के लिए शाम 3:30 बजे मुकाबला
- -पहला सेमीफाइनल शाम 6:00 बजे, दूसरा सेमीफाइनल रात के 8:30 बजे

# स्वास्थ्य विभाग ने श्रद्धालुओं के लिए जारी किये इमरजेंसी नंबर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** दुगार्पूजा के नवमी और दशमी के अवसर पर पंडालों में घूमने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने इमरजेंसी नंबर जारी किए हैं। विपरीत परिस्थिति में आम लोग इस नंबर पर तुरंत फोन कर मदद हासिल कर सकते हैं। राजधानी के कई पूजा पंडालों में स्वास्थ्य विभाग की क्विक रिस्पांस टीम मौजूद है जो लोगों की मदद करेगी।

रांची में जो क्विक रिस्पांस टीम बनाई गई है वह तीन शिफ्टों में काम करेगी। एक टीम सुबह छह बजे से दो बजे तक पंडालों में मौजूद रहेगी। वहीं दूसरी टीम दोपहर दो बजे से रात दस बजे तक पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मौजूद रहेगी। इसके अलावा एक अन्य टीम दोपहर चार बजे से रात बारह बजे तक लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए पंडालो में उपस्थित रहेगी।

रांची के सिविल सर्जन कार्यालय से सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए शिफ्ट में काम करने का दिशा निर्देश जारी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम सदर थाना, अल्बर्टा एक्का चौक, तुपुदाना थाना, सिटी कंट्रोल रूम, जगरनाथपुर थाना, चिरौंदी और रातु इलाके में क्विक रिस्पांस टीम की तैनाती की है।



सिविल सर्जन कार्यालय से निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि जिन पंडालों में सबसे ज्यादा भीड़ होती है, उसके आसपास एम्बुलेंसों की तैनाती की गयी है। शाम 4:00 बजे से रात्रि के 12:00 बजे तक 108 एम्बुलेंस पंडालों के आसपास तैनात रहने का निर्देश दिया गया है। 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक स्वास्थ्य विभाग की टीम पंडालों में मौजूद रहेगी। पूजा समिति के लोगों से भी अपील किया गया है कि एम्बुलेंसो के आवाजाही की व्यवस्था सुगम रखे ताकि विपरीत परिस्थिति में एंबुलेंस पंडाल तक पहुंच सके। पूर्व में ही रांची के सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने स्वास्थ्य कर्मचारियों को छुप्ती नहीं लेने और 24 घंटे अस्पतालों में रहने का आदेश जारी किया है।

**इन नंबरों पर कर सकते हैं कॉल**

**कंट्रोल रूम नंबर**
9504276995,7903188781,8986803123.

**अल्बर्ट एक्का चौक**
9934584317,8521253782,9431341891.

**कोकर थाना**
8986600318,7033174767,9801967300.

# ईश्वर के दिये अनमोल उपहारों में से एक है आंख : राज्यपाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कचहरी रोड स्थित पुस्तक भवन कॉम्प्लेक्स में रविवार को सेंटर फॉर साइट आई हॉस्पिटल की शुरूआत हुई। इसका उद्घाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया। यह अस्पताल नई तकनीक लेकर आया है। इससे अब आंखों का चश्मा उतर जाएगा। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि इस अस्पताल की स्थापना से नवीनतम टेक्नोलॉजी से यहां के लोगों की आंखों का इलाज संभव हो पाएगा। आंख ईश्वर के दिए अनमोल उपहारों में से एक है। हमें इसकी देखभाल करनी चाहिए। आज अधिकांश बच्चे बाहर मैदान में नहीं खेलकर मोबाइल पर गेम खेलते रहते हैं। इससे उनकी आंखों को नुकसान पहुंचता है। इस स्थिति में बुजुर्गों का दायित्व बनता है कि बच्चों को अच्छी और बुरी आदतों की सीख बचपन से दें।



राज्यपाल ने कहा कि आज झारखंड से बहुत सारे लोग इलाज के लिए चेन्नई एवं वेल्लोर जाते हैं। हम झारखंड में ऐसी सुविधा विकसित करना चाहते हैं कि यहां के लोगों को बाहर नहीं जाना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। यह एक पुनीत कार्य है। एक दिन झारखंड अंगदान में अव्वल राज्य होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य बीमा के प्रति जागरूक करने की भी जरूरत है।

# युवा दस्ता के सदस्य पूजा में कर रहे हैं लोगों की मदद

**रांची।** युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि युवा दस्ता के सदस्यों की ओर से रविवार को श्री दुगार्पूजा महोत्सव के दौरान मां भवानी के दर्शन करने आये दर्शनार्थियों का लगातार सहयोग किया जा रहा है। उनके सहयोग में पिछले 3 दिन से विभिन्न पूजा पंडाल एवं प्रमुख मार्गों में तैनात रहकर सैकड़ो महिलाओं एवं बुजुर्गों को माता रानी के दर्शन कराने में सहयोग किया एवं 47 बच्चों एवं बिछड़े हुए परिवारों को मिलाने एवं घर तक पहुचाने का काम किया है। युवा दस्ता रांची की ओर से स्वागत शिविर भी लगाया गया एवं शिविर में युवा दस्ता के स्तर पर प्रचार भी किया जा रहा है कि दर्शनार्थियों के साथ आये सभी बच्चों एवं बुजुर्गों के पॉकेट में नाम पता एवं फोन नंबर डाल दें, ताकि भीड़ में बिछड़ने पर दस्ता के सदस्य उनको घर तक पहुंचा सकें।

# सेल सैटेलाइट टाउनशिप में महाअष्टमी पर महाभोग का किया गया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित सेल सैटेलाइट टाउनशिप में महाअष्टमी के अवसर पर मातारानी के दरबार में महाभोग का वितरण किया गया। इस मौके पर भोग को पाने के लिए मातारानी के भक्त उमड़ पड़े। महाभोग वितरण के पहले मातारानी की महाआरती की गयी, जिसमें अपार भक्तों का समूह उपस्थित था। बीच-बीच में भक्तों की माता रानी का जयकारा वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

संध्या को माता के दरबार में घुनूंची प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें माता के भक्तों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। सेल के संचार प्रमुख उज्ज्वल भास्कर ने बताया कि सोमवार को महानवमी के अवसर पर माता के दरबार में जागरण की व्यवस्था की गयी है।



उन्होंने कहा कि सैटेलाइट सेल टाउनशिप में पिछले एकतीस बर्षों से दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है। इसबार भी पूजा का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें पूजा कमिटी के सभी कार्यकर्ताओं ने कठिन परिश्रम किया।

## खबर एक नजर में

### 19 नवंबर को होगा रांची में मुंडा सममेलन

**रांची।** एक दिवसीय मुंडा सम्मेलन को लेकर मुंडा सभा कार्यालय डिबडीह में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुंडा सभा के अध्यक्ष नवीन मुंडू ने कहा कि 19 नवंबर को अरगोड़ा फुटबॉल मैदान में मुंडा महासम्मलेन आयोजित किया जाएगा। महासचिव बिलकॉन डांग ने जमन जारु ( मुंडा महासम्मेलन ) पर चर्चा की और कहा राज्य भर में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्यभर के मुंडा समाज के लोग शामिल होंगे। बैठक में नवीन मुंडू , बिलकन डांग, प्रभु सहाय सांगा, रेव्ह जोन कन्डुलना, फिलिप सोय, ज्योति कंडीर, सोमरा होरो, येसय्या बारला, पावल तोपनो, कृपा तोपनो, डॉ रॉयल डांग, सैमसन बारला, मुनसन तोपनो, असीयन सुरीन, अभिषेक समद समेत अन्य शामिल हुए।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने लगायी प्रदर्शनी

**रांची।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय हरमू ने रविवार को अरगोड़ा दूर्गा पूजा समिति और मेकॉन दुर्गा पूजा परिसर में नवरात्रि के अवसर पर चित्र प्रर्दशनी लगायी गयी। इस प्रर्दशनी के माध्यम से आतंकवाद, हिंसा से प्रभावित सृष्टि को दर्शाया गया है। अध्यात्म चित्र प्रर्दशनी का उद्घाटन निर्मला बहन ने फीता काटकर तथा दीप प्रज्जवलित कर किया।



# पारस एचइसी अस्पताल में एड्रीनल ग्लैंड फटे किशोर का हुआ सफल इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पारस एचइसी अस्पताल में पेट में ब्लंट ट्रॉमा के साथ लीवर में चोट और एड्रीनल ग्लैंड फटे एक 14 वर्षीय किशोर का सफल इलाज किया गया। अस्पताल के डॉ (मेजर) रमेश दास ने बताया कि लीवर में चोट और एड्रीनल ग्लैंड फटने के कारण बालक अत्यधिक दर्द से पीड़ित था। वह किशोर संतुलन खोने के कारण छत से गिर गया था। इसमें उसे गहरी चोट लगी थी। इसके बाद पेट में दर्द हुआ और साथ ही अत्यधिक उल्टी भी हुई थी।

उन्होंने बताया कि एड्रिनल (अधिवृक्क) ग्लैंड का फटना एक बहुत ही दुर्लभ स्थिति है, जो पूरी आबादी में कुंद आघात के 0.43 प्रतिशत मामलों में देखी जाती है।



पारस एचइसी अस्पताल के डॉ (मेजर) रमेश दास ने मरीज का यूएसजी किया, जिसमें दायीं तरफ सीने के नीचे एक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त घाव होने का संदेह पाया गया। तत्पश्चात मरीज का सीटी स्कैन किया गया, जिसमें एड्रीनल हेमेटोमा दिखा। चूंकि मरीज गंभीर स्थिति में था ,तो उसे स्थिर करने के लिए एक्सप्लोरेटिव लैपरोटॉमी की गयी। अस्पताल में रहने के दौरान डॉ ओमप्रकाश, डॉ एमटीएस श्री वैष्णवी की देखरेख में मरीज के महत्वपूर्ण अंगों की निगरानी की गयी। रोगी का आकलन करने के लिए कई प्रयोगशाला परीक्षण किये गये। खून भी चढ़ाया गया। एक्सप्लोरेटिव लैपरोटॉमी और पुनर्जीवन के साथ मरीज का सफलतापूर्वक इलाज किया गया। मरीज को हेमोडायनेमिक रूप से स्थिर अवस्था में छुट्टी दे दी गयी।

डॉ (मेजर) रमेश दास ने बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एड्रिनल ग्लैंड के फटने से एड्रिनल ग्रंथियों में रक्तस्राव होने लगता है। इसके अलावा, हेमेटोमा जैसे कई कारण हैं, जो इस रक्तस्राव को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि एड्रीनल ग्रंथियां कई आवश्यक हार्मोन भी बनाती हैं, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता और मेटाबोलिज्म के संतुलन को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पारस एचइसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि सामान्य स्वास्थ्य और बीमारी की रोकथाम के लिए, किसी भी बीमारी के इलाज के बाद सभी लोगों को स्वस्थ जीवन शैली और पौष्टिक एवं नियंत्रित खान-पान की आदतों को अपनाना चाहिए। साथ ही, उन्हें प्राथमिक चिकित्सक द्वारा नियमित रूप से शारीरिक परीक्षण और जांच भी करवाते रहना चाहिए।

# अंडर- 23 एथलेटिक्स के 5000 मीटर में झारखंड की बसंती ने जीता कांस्य पदक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवं पश्चिम चंडीगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 20 अक्टूबर से स्पोर्टस कांप्लेक्स,चंडीगढ़ में खेले जा रहे तीसरे राष्ट्रीय ओपन अंडर- 23 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का रविवार को समापन हो गया। आखिरी दिन इस चैंपियनशिप के लिए पुर्वी सिंहभूम की बसंती कुमारी ने 5000 मीटर में 16:57.48 से.का समय लेते हुए कांस्य पदक जीता।

इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक उत्तर प्रदेश की नेहा पवर एवं रजत महाराष्ट्र की प्राजक्ता ने जीता।



बसंती की उपलब्धि पर झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, सचिव सी डी सिंह के अलावा एस के पांडेय डॉ प्रभात शंकर, बिनोद कुमार सिंह,आलोक मिश्रा, आशीष झा,सुखैर भगत, राकेश सिंह, बरूण कुमार, किरण रानी साहू, संजय त्रिपाठी, रविंद्र मुर्मू,बंधन टोप्पो, आशू भटिया, प्रभात रंजन तिवारी ,सिकंदर महतो,अजीत साहू,अजय नायक, रनवीर सिंह, प्रभाकर वर्मा, अन्ना गोरेती मिंज, मुकुल टोप्पो, अरविंद कुमार, योगेश यादव समेत संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

स्पीड न्यूज

## फंदा लगा कर युवक ने की आत्महत्या

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के पिस्का रेलवे स्टेशन स्थित गोसाईं टोली के 18 वर्षीय युवक ने दुपट्टा से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार के अपराह्न एक बजे की है। मृत युवक के पिता रामा उराव ने नगड़ी पुलिस को बताया कि उसके पुत्र सुमित तिर्की रविवार को दिन के करीब एक बजे अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा लगाकर एस्बेस्टस की पाइप के सहारे फंदे पर झूल गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

## झारखंड-बंगाल सीमा पर चला वाहन चेकिंग अभियान

**मुरी।** मुरी पुलिस ने रविवार को सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन के नेतृत्व में झारखंड-बंगाल की सीमा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया, दो पहिया वाहन की चेकिंग की गई। बगैर हेलमेट पहने वाहन मालिकों को दोबारा भविष्य में गलती नहीं करने की हिदायत देकर छोड़ दिया गया। वहीं ट्रिपल राइडिंग आरसी बुक इंश्योरेंस तथा चार पहिया वाहनों का डिक्की खोलकर जांच किया गया। मौके पर सशस्त्र बल मौजूद रहे।

## जेबीकेएसएस नेत्री का जागरूकता अभियान

तमाड़। अड़की प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में जेबीकेएसएस नेत्री दमयंती मुंडा ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर जन जागरूकता अभियान चलाई। इसमें मुख्य गांव चुकलू, सारूआम्दा, टोड़ांगएकोरवा, बिरबांकी, सेरेंगहातू, अड़की, मानकीडीह, तुलसीडीह, बुरूडीह आदि शामिल हैं। इस क्रम में श्रीमती मुंडा ने ग्रामीणों से जेबीकेएसएस पार्टी के नीति सिद्धांत पर चर्चा की।

### रांची के ग्रामीण क्षेत्रों में दुगोत्सव की मची है धूम, पूजा को लेकर भक्तिमय हुआ माहौल

# महाअष्टमी की पूजा कर भक्तों ने मांगी सुख-शांति

## रातू राजकिले में महाअष्टमी पर उमड़ी भक्तों की भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** राजकिले में महाअष्टमी पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। 1 से 6 बजे तक मुख्य द्वार बंद रहे। शाम 5.25 बजे संधि बलि, पुष्पांजलि व आरती के बाद हजारों लोगों ने मां भगवती के दर्शन किये। बलि के दौरान अंदर और बाहर सन्नाटा रहा। पूजा अनुष्ठान में राजकुमारी माधुरी मंजरी, कल्पना देवी व अजय नाथ शाहदेव समेत राजपरिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। वाहनों के परिचालन व ध्वनि पर सख्त पाबंदी थी। सोमवार को एक बजे महानवमी पूजा होगी। मां दुर्गा को भैंसा और बकरे की बलि दी जायेगी। प्रबंधक दामोदर नाथ मिश्र ने बताया कि इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। फोटो और वीडियोग्राफी वर्जित है।



### पंडालों में लगी रही भक्तों की भीड़

महादेव टंगरा, तिलता, पिर्रा, भवानी नगर, गायत्री नगर, रवि स्टील चौक, कटहल मोड़, दलादिली, सुंडिल, चटकपुर छाता टोंगरी व पाली आदि स्थानों में बने पंडालों में भी माता शेरावाली की दर्शन-पूजन के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। झखराटांड़ में आयोजित आरती में सैकड़ों लोगों ने हाजिरी लगायी। किला समेत सभी स्थानों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं।

## सिल्ली विधायक ने पंडाल में जाकर परिजनों संग की मां दुर्गा की पूजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** नवरात्रि के अवसर पर सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो पूरे परिवार के साथ अपने पैतृक गांव लगाम के पूजा पंडाल में विधिवत पूजा अर्चना किये एवं पूरे राज्य में खुशहाली के लिए प्रार्थना किये। उन्होंने कहा कि मां राज्य में अमन-चैन तथा शांति स्थापित करें। वहीं दूसरी और दुर्गा पूजा नवरात्र को लेकर क्षेत्र में सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा क्षेत्र भक्ति के रस में डूब गया है। महिलाएं सुबह से ही सज-धज कर पंडालों में पूजा की थाली लिए पहुंचीं और मां की पूजा-अर्चना कीं। महिलाओं ने बताया कि आज का पूजा नवरात्र के अवसर पर काफी महत्वपूर्ण माना गया है। नवरात्र के आठवें दिन महागौरी की पूजा-अर्चना पूरे भक्तिभाव से की जा रही है। महागौरी की पूजा करने से सुख-समृद्धि की वृद्धि होती है।



## इटकी : निर्जला उपवास रख मां के भक्तों ने की महाअष्टमी पूजा

### पूजा-अर्चना के लिए भक्तों का लगा तांता



इटकी में रात्रि भक्ति जागरण कार्यक्रम में शामिल लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटकी।** इटकी प्रखंड क्षेत्र में नवरात्र के दौरान रविवार को महा अष्टमी पूजा की गयी। इसी दौरान निर्धारित समय शाम 5.25 पर संधि बलि दी गई। कन्या पूजन सहित अन्य अनुष्ठान किये गये। महिलाओं ने निर्जला उपवास रख कर पूजा-अर्चना की। इधर पंडालों में स्थापित मां दुर्गे की प्रतिमाओं का दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का देर रात तक तांता लगा रहा। पंडालों में भक्ति गीत और जयकारा लगते रहे। क्षेत्र में दुर्गा पूजा को लेकर पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। चारो ओर मां के गीत बजाये जा रहे हैं। वहीं इटकी सार्वजनिक पूजा समिति, इटकी मोड़ पूजा समिति, गड़गांव पूजा समिति और दुर्गा बाड़ी में भूत पूर्व जमीनदार के वशंजों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है। जमीनदार के वशंजों द्वारा बकरे की बलि देकर राज शाही रूप से पूजा-अर्चना की गई।

## सिल्ली के पूजा पंडालों का निरीक्षण



### सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर इंस्पेक्टर नीरज कुमार एवं थाना प्रभारी आकाशदीप ने रविवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान सार्वजनिक दुर्गोउत्सव समिति राधिका मैदान, दुर्गा मंदिर सिल्ली बजार, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर चौक लुपुंग, सिल्ली समेत आसपास के पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया। वहीं पदाधिकारियों ने पूजा कमेटियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने वोलेंटियर को तत्पर रहने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि विधि-व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर भ्रमण किया।

## दुगोत्सव : बेड़ो के तुको, घाघरा, पाकलमेड़ी सहित क्षेत्र के अन्य पंडालों में हुई संधि बलि

### महाअष्टमी पूजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो के महादानी मंदिर स्थित दुर्गा मंदिर के अलावे प्रखंड के पाकलमेड़ी, तुकोए खत्रीखटंगा, घाघरा, ईटा चिल्द्री, दिघीया व मुरतो गांवो में रविवार को शारदीय नवरात्र महाअष्टमी पर बनाये गए भव्य पंडाल व दुर्गा मंदिर में स्थापित मां भगवती के आठवें रूप मां महागौरी की उपासना कर माँ दुर्गा की पुजा अर्चना की गई। बेड़ो दुगार्बाड़ी में पुजारी सुबल देवघरिया के नेतृत्व में यजमान मनोरंजन देवघरिया व गौतम देवघरिया को पूरे विधि विधान से बंगला पद्धति से मां महागौरी की पूजा आराधना कराई। जहां महिलाओं व पुरुषों ने अष्टमी उपवास रखकर मां भगवती की पूजा की। इस दौरान महादानी मंदिर में भक्तों की पूजा को लेकर घंटो प्रतीक्षा किया। इधर विभिन्न दुर्गा पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ दिन भर उमड़ी। शारदीय नवरात्र पर मंदिर व आसपास का इलाका भक्तिरस से सरावोर हो गया है। रामचरितमानस, नवाह्न परायण पाठ, मां दुर्गा पूजन महाष्टमी पर भक्ति गीत की गूंज व भगवती की पूजन तथा आरती से माहौल भक्तिमय हो गया है। वही महाअष्टमी के अवसर पर संधि बलि दी गई।

### नवमी को होगी बकरे के बलि

नवमी के अवसर पर देवी मंडप में बकरे की बलि दी जाएगी। जबकि मंगलवार को विजयदशमी दिन दुर्गा पंड़ाल में सुहागिन महिलाएं सिंदूर खेलेंगी। बेड़ो महादानी मैदान में आकर्षक आतिशबाजी के साथ रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। रावण दहन में क्षेत्र के लोगों की काफी भीड़ उमड़ती है।

### एक नजर में दुर्गा पूजा



ओरमांझी के लाल बहादुर शास्त्री क्लब दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित भव्य पूजा पंडाल में दर्शन को उमड़े भक्तगण।



इटकी में महाअष्टमी की पूजा करतीं महिलाएं।



पिठोरिया में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर हुई पूजा-अर्चना



राहे में मां की प्रतिमा



पिठोरिया के पंडाल पर विश्व सेवा परिषद के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राहुल राज पहुंचे। अपनी संस्था की ओर से खाद्य सामग्री प्रदान किया गया। इस मौके सरपंच श्रवण गोप, पूजा समिति के अध्यक्ष अनिल केसरी, पंकज मिश्र, दीपक, वरुण बैठा, प्रदीप बैठा मौजूद थे।



सिकिदिरी

## सिकिदिरी में 33 स्थानों पर पूजा पंडाल में हो रही मां दुर्गा की पूजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिकिदिरी।** प्रखंड के अनगड़ा, गोंदलीपोखर, सिकिदिरी, चिलदाग, हाहे, साल्हन, जोन्हा, बरवादाग, पैका, हेसल, तुरूप, मिलन चौक सहित सभी 33 जगहों पर स्थापित पूजा पंडालों में रविवार को महाष्टमी पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा समितियों को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, सिल्ली विधायक सुदेश महतो, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार, डॉ अमर चौधरी, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, राजेन्द्र शाही मुंडा, प्रमुख दीपा उरांव ने विभिन्न पूजा पंडाल का भ्रमण कर माता से आशीर्वाद लिया।



# तमाड़ विधायक को सौंपा ज्ञापन



### आवासीय बालिका विद्यालय खोलने की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बुंडू।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के तत्वावधान पर रविवार को विधायक विकास कुमार मुंडा के आवास पर तमाड़ में अनुसूचित जाति आवासीय बालिका विद्यालय खोलने के मांग को लेकर अनुसूचित जाति महासभा के केंद्रीय मीडिया प्रभारी नंद कुमार राम के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने विधायक विकास कुमार मुंडा को मुख्यमंत्री के नाम पर एक ज्ञापन सौंपा। मीडिया प्रभारी नंद कुमार राम ने बताया कि प्रदेश में एक भी अनुसूचित जाति के लिए बालिका विद्यालय नहीं है। तमाड़ में अनुसूचित जाति आवासीय बालिका विद्यालय के लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया है और सरकार द्वारा संचिका में स्वीकृत है। विधायक विकास कुमार मुंडा ने उनके मांगों पर स्वीकृति देते हुए समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। विधायक विकास कुमार मुंडा ने उनके मांगों को लेकर कल्याण सचिव झारखंड सरकार को भी एक पत्र लिखकर महासभा के प्रतिनिधियों को दिया। इस मौके पर पार्षद चंदन कुमार नायक, अजय सेठ, भीम मछुआ, सोहराई स्वासी, निमाई सेठ, राकेश मोहन, अजय कुमार रजक, दुखी मछुआ, कार्तिक नायक, अर्जुन राम के अलावा दर्जनों लोग शामिल थे।

## मेहता वस्त्रालय के संचालक को पत्नी शोक

**बेड़ो।** बेड़ो में श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति बेड़ो के सचिव सह मेहता वस्त्रालय के संचालक समाजसेवी उमेश महतो की धर्मपत्नी 40 वर्षीया शोभा देवी की शनिवार की रात्रि लगभग 11.00 बजे निधन हो गया। जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जहां उनकी अचानक हुई मौत पर दुर्गा पूजा महासमिति ने अपनी शोक संवेदना प्रकट करते हुए वाद्य यंत्र बंद कर पारम्परिक तरीके से महाअष्टमी की पूजा व आराधना अनुष्ठान किया। उनका इलाज के रिंची हॉस्पिटल रांची में चल रहा था। इनके निधन पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ये अपने पीछे पति उमेश महतो,बेटी पूजा कुमारी, बेटा रौनक मेहता एवं सिद्धार्थ मेहता सहित पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। अंतिम संस्कार पुरनी पोखरा पुरियो कठर टोली स्थित मुक्तिधाम में रविवार किया गया।

# चोरी के सामान के साथ इरबा के दो चोर गिरफ्तार

### घर में घुसकर अब तक चुरा चुके हैं लाखों रुपये के जेवरात और सामान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** घर में घुस कर जेवरात सहित लाखों का सामना चुनाने वाले दो चोरों को ओरमांझी थाना पुलिस ने घटना के दो दिन में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के इरबा निवासी तौसीफुल हक अपने मकान में ताला बंद कर परिवार संग बाहर गये थे। 20 अक्टूबर की रात गांव के ही दोनों चोर अंसार नगर इरबा के महमुद आलम 25 वर्ष उर्फ चांद व करमाटोली इरबा के अहमद अंसारी 26 वर्ष ने मकान खाली देख कर मकान में घुसे और मकान के अंदर रखी स्कूटी, सिलाई मशीन, चांदी के जेवरात सहित लाखों रुपये के सामान चोरी कर फरार हो गए। ओरमाांझी थाना में मामला दर्ज होने के बाद ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा एक टीम गठित कर दोनों चोर को गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ में दोनों ने अपनी संलिप्ता स्वीकार ली। वहीं पुलिस द्वारा चोरी किए सभी सामान भी बरामद कर लिया गया है। चोरों को गिरफ्तार करने में डीएसपी, थाना प्रभारी के साथ एनआई प्रमेश्वर उरांव, सूर्यप्रताप सिंह, अनिल कुमार यादव, एएसआई बुद्धेश्वर उरांव, आरक्षी अनुराग श्रीवास्व, जीतेंद्र कुमार व सुरेश यादव शामिल थे।



पकड़े गए दोनो चोर व जानकारी देते डीएसपी व थाना प्रभारी।

### शातिर हैं चोर

डीएसपी खिटोफरी केरकेट्टा और थाना प्रभारी आलोक सिंह ने बताया कि दोनों शातिर चोर हैं। रामगढ़-रांची सहित दर्जन भर चोरी की घटना को अंजाम दे चूके हैं। इससे पूर्व ओरमांझी थाना क्षेत्र में दो चोरी की घटना में जेल जा चुके हैं।

## झामुमो के सिल्ली प्रभारी ने किया पंडालों का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** झामुमो सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया के नेतृत्व में सिल्ली प्रखंड के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में जाकर मां का दर्शन कर क्षेत्र में शांति, अमन-चैन के लिए प्रार्थना किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास के लिए शांति और सद्भाव काफी जरूरी है। इसे लेकर हमने मां दुर्गा से राज्य में अमन-चैन के साथ उन्नति की कामना की। मौके पर झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, उपाध्यक्ष अनिल बेदिया, संतोष साहू, संयुक्त सचिव अजीत कुमार महतो, मीडिया प्रभारी भगीरथ महतो, संगठन सचिव द्वारिका महतो, कोषाध्यक्ष लखी चरण मुंडा, उपेंद्र महतो, दिलीप कुमार महतो, मुकेश कुमार महतो, फेंकना महतो, दुलाल मोदक, दिनेश साहू, फागूराम बेदिया, लखीराम बेदिया पंचायत समिति प्रतिनिधि, उप मुखिया दिनेश बेदिया, दिलीप बेदिया, सुभाष महतो, ग्राम प्रधान सुखराम मुंडा, तपन मोदक, श्रीनाथ महतो आदि सक्रिय कार्यकर्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सोनाहातू और राहे में भक्तिमय माहौल में हुई महाअष्टमी की पूजा


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोनाहातू/राहे।** भक्ति में वातावरण में पूरे क्षेत्र में रविवार को महाअष्टमी की पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए। इस दौरान प्रतिमा दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ दिनभर लगी रही। प्रखंड के सोनाहातू, जामुदाग, बारेंदा, पंडाडीह आदि गांवों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इधर राहे सोलह आना समिति, नावागांव समिति, चंदनडीह समिति, दुलमी समिति के द्वारा स्थापित प्रतिमा स्थल पर पूजा के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। सोनाहातू थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल सभी पूजा पंडालों का दौरा कर आवश्यक निर्देश दिये। राहे बंगाली समुदाय द्वारा स्थापित प्रतिमा स्थल पर महा अष्टमी पूजा के समापन पर संधि बलि दी गई। पूजा स्थल पर महा नवमी पूजा के समापन पर बकरे की बलि देने का रिवाज है। मान्यता है कि इससे मनोकामना पूर्ण होती है।

# नवपत्रिका प्रवेश के साथ ही क्षेत्र में दुर्गा पूजा शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोनाहातू/राहे।** नवपत्रिका प्रवेश के साथ ही पूरे क्षेत्र में दुर्गा पूजा की धूम शुरू हो गयी है। भक्तिमय वातावरण में लोग माता का दर्शन-पूजन कर रहे हैं। रविवार को महाअष्टमी की पूजा हुई। राहे सोलह आना समिति राहे सुभाष चौक के समीप पंडाल पर भव्य प्रतिमा की स्थापना किया गया है। चंदनडीह समिति, नावागांव समिति, सोनाहातू, जामुदाग, बारेंदा, पंडाडीह, लांदुपडीह, बारेडीह, दुलमी आदि गांव में भव्य प्रतिमा का स्थापना किया गया है। प्रखंड क्षेत्र में अधिकांश परंपरागत तरीके से पूजा किया जा रहा है। लोग मिट्टी के बने मूर्ति पर आस्था के पुष्प अर्पित कर रहे हैं।



राहे के सोलह आना समिति में स्थापित माता दुर्गा की प्रतिमा।

## सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**बुंडू।** बुंडू में रविवार को एक व्यक्ति द्वारा भगवती दुर्गा माता के ऊपर एक आपत्तिजनक पोस्ट फेसबुक में डाले जाने के विरुद्ध एक समुदाय विशेष के लोग बुंडू थाना पहुंचे और आरोपित व्यक्ति को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। बुंडू पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित व्यक्ति बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत है। इधर बुंडू एसडीओ ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

## सिल्ली-मुरी में दुर्गा पूजा की धूम

**सिल्ली।** सिल्ली-मुरी क्षेत्र में मां दुर्गा की पूजा पूरे धूमधाम से मनायी जा रही है। रविवार को महाअष्टमी के दिन श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। संध्या में पूजा पंडालों में माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं नवजागरण दुर्गा पूजा समिति लगाम के पूजा पंडाल में सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने पूजा-अर्चना की।

# मातृ शक्ति को नमन

जीवन एक ऐसा प्रवाह है, जिसमें हम अच्छाई, बुराई, गुणावगुण आदि के आवरण ओढ़े निरंतर बहते चले जाते हैं। समय अपने हिसाब से करवट बदलता रहता है। हम देवी का पर्व मना रहें हैं और विश्व युद्ध से रक्षा और मृत्यु के भय से आच्छादित भी है। लेकिन आज हम अपने कर्मों के चिह्न जीवन रूपी रास्ते पर छोड़ते चले जाते हैं। अच्छी सोच, अच्छे विचार, उदार मानसिकता, जीवन को देखने-समझने-परखने का नजरिया ही हमारे समूचे व्यक्तित्व का परिचायक होता है। महिलाएं हों या पुरुष, दोनों को ही जीवन सुचारु रूप से चलाने के लिए अपनी सोच को परिपक्व बनाने की आवश्यकता होती है। देखा जाता है कि समाज में महिलाओं को बेचारी संबोधित करके उनके साथ अलग व्यवहार किया जाता है। महिलाएं भी हमेशा पुरुष वर्ग को कोसते हुए अपने को ऊंचे स्थान पर रखने को चाहे-अनचाहे लालायित रहती हैं, बिना यह विचारे कि हर जगह पुरुष गलत नहीं होता। बहुत से मामलों में उन्हें भी अपने अंदर झांकने की बहुत जरूरत होती है और अपनी गलतियों के परिणाम की जिम्मेदारी लेने के लिए आगे आना चाहिए।

बदलाव का दौर है। पुरुष या महिलाओं को अपने अंदर झांकते हुए खुद को दुरुस्त करने की कदम-कदम पर जरूरत है, ताकि ठीक से तालमेल बना रहे और पारिवारिक ढांचा न बिखरे। ऐसे में काफी चीजें ऐसी हैं, जो महिलाओं की गलत सोच और व्यवहार के कारण दुष्प्रभावित हो रही हैं। किसी भी परिवार या व्यक्ति की खुशी घर के वातावरण से ज्यादा जुड़ी होती है। परिवार की इकाई महिला के इर्द-गिर्द ज्यादा घूमती है। इस कारण हमारी संस्कृति या देवी सर्वभूतेसु की जाप भी करती है। हम भारतीय इस अवसर पर मातु शक्ति को नमन करते हैं।

# तीसरी शक्ति भारत

जेपी मॉर्गन एशिया प्रशांत इक्विटी रिसर्च के मैनेजिंग डायरेक्टर जेम्स सुलिवन ने भविष्यवाणी की है कि अगले कुछ सालों में भारत की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से बढ़ेगी। उनका मानना है कि भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और 2030 तक उसकी जीडीपी दोगुनी से ज्यादा 7 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी।

टीवी18 के साथ एक इंटरव्यू में सुलिवन ने कहा कि भारत अपना पैसा निवेश करने के लिए एक अच्छी जगह है क्योंकि इसका भविष्य उज्ज्वल है। उनका मानना है कि अगले कुछ सालों में भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी और इसका शेयर बाजार अच्छा प्रदर्शन करेगा।

अगले कुछ सालों में भारत का मैन्युफैक्करिंग सेक्टर तेजी से बढ़ेगा। उनका मानना है कि भारत की ॠऊढ में इस सेक्टर का योगदान 17% से बढ़कर 25% हो सकता है, और निर्यात दोगुना से अधिक 1 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो सकता है। उम्मीद है कि लंबी अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़े संरचनात्मक बदलाव होंगे। इसका मतलब है कि अर्थव्यवस्था की संरचना बदल जाएगी, कुछ सेक्टर दूसरों की तुलना में तेजी से बढ़ेंगे। सुलिवन का मानना है कि ये संरचनात्मक परिवर्तन निवेशकों के लिए उन सेक्टर को चुनने के लिए स्पष्ट अवसर देंगे जो भारतीय अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक विकास से लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। चीन की अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है। यह इस तथ्य पर आधारित है कि चीनी कंपनियों की कमाई औसत से नीचे है, जो कि 2005 के बाद से नहीं देखा गया है। अर्थव्यवस्था में एक विभक्ति पॉइंट निवेशकों के लिए नए अवसर और चुनौतियां दोनों पैदा कर सकता है। विभक्ति पॉइंट समय का वह पल है जब किसी चीज की दिशा बदल जाती है। निश्चित ही यह देश के लिए एक बड़ी बात है।

# श्रीराम का पराक्रम

धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**शिवजी** का धनुष टूटा था उसका नाम पिनाक था। जनक के चौदह पीढ़ी पहले राजा देवरात को यह धनुष दिया गया था। तब से राजा जनक के परिवार में उस धनुष की पूजा हो रही थी।दोनों एक तरह के धनुष थे। परशुरामजी ने रामजी से शारंगधर धनुष का प्रत्यन्चा चढ़ाने को बोला। श्री राम ने शारंगधर धनुष अपने हाथ में लिया और अपने तरकस से वाण निकालकर उसके उपर चढ़ा दिया। परशुराम के मन में काफी आश्चर्य हुआ। वे सोचे आह ये तो साक्षात ही भगवान हैं। मैं इन्हें नहीं पहचान सका। जिस गुरु भक्ति से मैं गिरा हुआ हूं उस गुरु भक्ति को ये प्राप्त किये हुए हैं। वे हाथ जोड़ दिये। श्री राम ने कहा कि मेरी समस्या यह है कि यह रामबाण है। अगर तरकस से निकल गया तो पुनः लक्ष्य भेदन करने के बाद ही तरकस में आता है। अतः मैं इस बाण का कहां संधान करूं आप बताइये। क्योंकि मैं इसे आपके उपर छोड़ नहीं सकता। परशुराम ने कहा श्री राम मैंने आपको पहचाना नहीं। अतः मेरे पुण्य नष्ट हो गये हैं। मेरे तप के फलस्वरूप मेरे भोग के लिये जो पुण्य लोक बने हैं, आप उन सारे लोकों पर बाण मार दिजिये, ये कटकर गिर जायेंगे। देखते-देखते श्री राम ने बाण मारा और विभिन्न जो पुण्य लोक परशुरामजी के बने हुये थे वे कटकर गिर गये। पुनः परशुराम जी श्री राम की स्तुति करते हुये सभा से चले गये।

परशुराम जी के सभा से चले जाने के बाद सबके अंदर प्रसन्नता व्याप्त हुई और राज जनक जी ने विश्वामित्र जी से कहा मुनिवर मेरी एक और लड़की है। सीता की बहन उर्मिला से लक्ष्मण जी का विवाह करा दिया जाए।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

कार्टून वर्ल्ड

कौन अराजक कौन आंतकी...




साभार: बीबीसी हिंदी

लेटर टू एडिटर

## आक्रामकता नहीं हल

**आक्रामक** राहुल गांधी बदल पाएंगे कांग्रेस की किस्मत लेख पार्टी की नब्ज पर हाथ रखने वाला था। जरूरत इस बात की है कि पार्टी संगठन को मजबूत किया जाए। ऐसी ही आक्रामकता राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह सरकार के दौरान प्रस्तावित विधेयक की प्रतियां फाड़ कर दिखायी थी। उसके बाद मोदी सरकार सत्ता में आई थी।

**– मधुसूदन शर्मा, जमशेदपुर**

## महापुरुषों की राह

**राजनीतिक** क्षेत्र में बढ़ते स्वार्थ का खुलासा करने वाला रहा। चुनावी उम्मीदवार महापुरुषों का अनुसरण मात्र वोट बैंक भुनाने के लिए करते हैं। चुनाव जीतने के बाद वादे, जनता का विश्वास धराशायी हो जाता है। उनकी करनी और कथनी में काफी अंतर दिखाई पड़ता है। जनहित राजनेताओं की आंखों से ओझल हो जाता है। यह समस्या आज सबसे खतरनाक है।

**–अनिल कौशिक,रांची**

# चीन की चुनौतियों से प्रेरणा ले भारत



**चीन** में बढ़ती बुजुर्ग आबादी, कम जन्म दर और महिला-पुरुष के कम अनुपात जैसे हालात देखते हुए भारत को भी सचेत रहने की जरूरत है। कुछ दिन पहले चीन के सोशल मीडिया पर खाली अपार्टमेंट ब्लॉक को ध्वस्त करने की तस्वीरें नजर आईं। वहीं अन्य आंकड़ों से संकेत मिल रहा है कि किस तरह चीन के कदम वैश्विक अर्थव्यवस्था के अनुरूप नहीं थे।

दुनिया की कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं महंगाई को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष कर रही है, वहीं चीन अपने मूल्य सूचकांक को लगभग शून्य पर लाने की कोशिश कर रहा है। रियल एस्टेट क्षेत्र ने चीन के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान दिया है। यदि यह बरबादी के कगार की ओर बढ़ता है तब एवरग्रांडे जैसे बड़े डेवलपर के कारण वैश्विक स्तर पर अप्रत्यक्ष असर दिखाई पड़ सकता है जिस पर भारी कर्ज का बोझ है।

मौजूदा स्थिति के अनुमानित कारणों से परे भी चीन अपनी आबादी के चलते गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। इस देश में बुजुर्गों की आबादी ज्यादा है और जन्म दर कम है। इसके अलावा महिला-पुरुष का अनुपात भी संतुलित नहीं है।

अगर जापान की बात करें तो 1990 के दशक में यह देश भी इसी तरह के दौर से गुजर रहा था और इसके चलते यहां तीन दशकों तक ठहराव की ?स्थिति बनी रही। लेकिन चीन के व्यापक दायरे के चलते दुनिया पर इसका अधिक प्रभाव हो सकता है।

जापान में 1990 के दशक से लगभग 12.5 करोड़ की स्थिर आबादी है। यहां का कार्यबल भी लगभग 6.9 करोड़ के स्तर पर स्थिर है लेकिन उम्रदराज होने की वजह से समय के साथ लोगों की उत्पादकता कम हो गई है। क्रय शक्ति समानता (पीपीपी) के संदर्भ में देखा जाए तो जापान, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 3.7 प्रतिशत का योगदान देता है।

चीन की आबादी 1.4 अरब है और काम करने वालों की की तादाद करीब 75 करोड़ है। यह पीपीपी के लिहाज से वैश्विक जीडीपी में लगभग 19 प्रतिशत का योगदान देता है।

जापान की स्थिरता के विपरीत, चीन में अगले 10 वर्षों में उम्र बढ़ने के कारण 5 करोड़ लोगों की मृत्यु हो सकती है और 2050 से हर दशक में लगभग 10 करोड़ लोग वृद्धावस्था के चलते मौत के करीब होंगे। ऐसे में कार्यबल में तेजी से कमी आने की आशंका है।



- देवांसु

> भारत में महिला-पुरुष अनुपात भी अच्छा नहीं है और जन्म दर कम हो रही है। देश के जिन इलाकों में शिक्षा का स्तर सही है वहां कुल प्रजनन दर में कमी आई है। भारत को भी बुजुर्ग आबादी और घटते कार्यबल की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।चीन के औसत कामगारों ने 14 साल तक पढ़ाई की है। वहीं अधिकांश भारतीय श्रमिकों ने आठ साल से भी कम अवधि तक पढ़ाई की है।

चीन कई दशकों से उच्च मध्यम आमदनी वाला देश रहा है। लेकिन यह उच्च आमदनी के स्तर तक पहुंचने में सक्षम नहीं हो सकता है क्योंकि यहां बुजुर्गों की तादाद ज्यादा है।

इन वजहों से भारत को सबक लेने की गुंजाइश बनती हैं। भारत पीपीपी के संदर्भ में वैश्विक जीडीपी में लगभग 7.5 प्रतिशत का योगदान देता है। चीन के मुकाबले भारत में मुख्यतः महिलाओं की कम भागीदारी के कारण कार्यबल की भागीदारी भी अपेक्षाकृत कम है। भारत में जहां लगभग 30 प्रतिशत महिला श्रम भागीदारी है, वहीं चीन में यह भागीदारी दर 75 प्रतिशत है।

चीन के औसत कामगारों ने 14 साल तक पढ़ाई की है। वहीं अधिकांश भारतीय श्रमिकों ने आठ साल से भी कम अवधि तक पढ़ाई की है। इस पृष्ठभूमि के लिहाज से कामगारों का कौशल विकास करना कठिन है और कौशल के बिना भारत आमदनी की सीढ़ी पर आगे नहीं बढ़ सकता है।

भारत में महिला-पुरुष अनुपात भी अच्छा नहीं है और जन्म दर कम हो रही है। देश के जिन इलाकों में शिक्षा का स्तर सही है वहां कुल प्रजनन दर में कमी आई है। भारत को भी बुजुर्ग आबादी और घटते कार्यबल की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

चीन में उदारीकरण की शुरूआत के करीब 12 साल बीतने के बाद भारत में इसकी शुरूआत हुई। वर्ष 1979 में, जब चीन ने अपना बाजार खोला तब वास्तव में भारत की तुलना में इसकी प्रति व्यक्ति आय कम थी। अब, चीन की अर्थव्यवस्था ढाई से पांच गुना बड़ी है और यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप इसकी गणना कैसे करते हैं।

हालांकि, चीन के साथ दो अच्छी बात जुड़ी थी। वर्ष 1979 में यहां 65 प्रतिशत लोग साक्षर थे और यहां कोई ऐसी सामाजिक बाधा भी नहीं थी जिससे महिलाओं के लिए काम करना मुश्किल होता। वहीं वर्ष 1991 में जब भारत ने उदारीकरण की शुरूआत की तब यहां केवल 48 प्रतिशत लोग ही साक्षर थे और देश में कामकाजी महिलाओं के प्रति रवैया सकारात्मक नहीं था।

एक आबादी को शिक्षित करने की प्रक्रिया पीढ़ी से ही चलती है। उन सामाजिक धारणाओं से निपटना और भी कठिन हो जाता है जिसके मुताबिक लड़कों की तरफदारी की जाती है और लड़कियों को घर पर रखने जैसी पाबंदी होती है। ऐसा लगता है कि भारत दोनों ही मोर्चे पर विफल रहा है। भारत में वर्ष 2011 में साक्षरता दर केवल 74 प्रतिशत थी और कोविड के बाद से महिला कार्यबल की भागीदारी में और कमी आई है।

इस तरह भारत को आबादी का जो फायदा मिल सकता है, उसे भी देश गंवाता हुई दिखता है। इस बात की संभावना बहुत कम है कि नीति निमार्ता साक्षरता दर बढ़ाने और युवाओं को स्कूल और कॉलेज में तीन-चार साल तक और रखने के लिए कोई कदम उठाएंगे। जहां तक महिला कार्यबल की भागीदारी की बात आती है तब ऐसा लगता है कि समाजशास्त्रियों को भी इस बात का अंदाजा नहीं होता है कि वे इसकी शुरूआत कहां से करनी है।

चीन बुजुर्गों की आबादी से जुड़े मुद्दे से निपटने की कोशिश कैसे करेगा, इससे भारत को भी अपनी समस्याओं का हल निकालने का नुस्खा मिलेगा। अगर भारत समाधान नहीं ढूंढ सकता है या कम से कम मुद्दों का हल नहीं निकाल सकता है तब यह सामाजिक-आर्थिक स्थिरता या पतन की राह पर आगे बढ़ने के लिए मजबूर होगा।

खास बात

## हनुमानचालीसा के मैनेजमेंट सूत्र

**कई** लोगों की दिनचर्या हनुमान चालीसा पढ़ने से शुरू होती है, पर क्या आप जानते हैं कि श्री हनुमान चालीसा में 40चौपाइयां हैं, ये उस क्रम में लिखी गई हैं जो एक आम आदमी की जिंदगी का क्रम होता है।माना जाता है तुलसीदास ने चालीसा की रचना मानस से पूर्व किया था हनुमान को गुरु बनाकर उन्होंने राम को पानेकी शुरूआत की।अगर आप सिर्फ हनुमान चालीसा पढ़ रहे हैं तो यह आपकोभीतरी शक्ति तो दे रही है लेकिन अगर आप इसके अर्थ में छिपे जिंदगी के सूत्र समझ लें तो आपको जीवन के हर क्षेत्रमें सफलता दिला सकते हैं। हनुमान चालीसा सनातन परंपरा में लिखी गई पहलीचालीसा है शेष सभी चालीसाएं इसके बाद ही लिखी गई। हनुमान चालीसा की शुरूआत से अंत तक सफलता के कई सूत्र हैं। आइए जानते हैं हनुमान चालीसा से आप अपने जीवन में क्या-क्या बदलाव ला सकते हैं। शुरूआत गुरु से

हनुमान चालीसा की शुरूआत गुरु से हुई है- **श्रीगुरु चरन सरोज रज, निज मनु मुकुरु सुधारि।**

अर्थ - अपने गुरु के चरणों की धूल से अपने मन के दर्पण को साफ करता हूं।

गुरु का महत्व चालीसा की पहले दोहे की पहली लाइन में लिखा गया है। जीवन में गुरु नहीं है तो आपको कोई आगे नहीं बढ़ा सकता। गुरु ही आपको सही रास्ता दिखा सकते हैं। इसलिए तुलसीदास ने लिखा है कि गुरु के चरणों की धूल सेमन के दर्पण को साफ करता हूं। आज के दौर में गुरु हमारामेंटोर भी हो सकता है, बॉस भी। माता-पिता को पहला गुरु ही कहा गया है। समझने वाली बात ये है कि गुरु यानी अपने से बड़ों कासम्मान करना जरूरी है। अगर तरक्की की राह पर आगे बढ़ना है तो विनम्रता के साथ बड़ों का सम्मान करें।

ड्रेसअप का रखें ख्याल

चालीसा की चौपाई है

**कंचन बरन बिराज सुबेसा, कानन कुंडल कुंचित केसा।**

अर्थ - आपके शरीर का रंग सोने की तरह चमकीला है, सुवेष यानी अच्छे वस्त्र पहने हैं, कानों में कुंडल हैं और बाल संवरे हुए हैं यह एक उच्च स्तरीय प्रबंधन का बात भी है।


**कुछ** परिवार आज भी मानते हैं उनके अलावा कोई और कैसे देश का प्रधानमंत्री बन सकता है, हम ही श्रेष्ठ हैं...चाणक्य का सूत्र है 'जो ज्येष्ठ है वो श्रेष्ठ नहीं होता, जो श्रेष्ठ होता है वही ज्येष्ठ है'।

**–अमित शाह गृह मंत्री**

आपके ट्वीट

जल जीवन का अनन्य स्रोत है और प्रकृति पर्यावरण सन्तुलन में भी जल नाभिकीय तत्त्व है ! भविष्य में जल ही बड़ी सम्पदा और शक्ति होगी, जल है तो कल है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**





मानसिक स्वास्थ्य,विशेषतः अवसाद सदैव मेरी चिंता का विषय रहा है,कई मौकों पर मैंने इस विषय को सदन में रखा भी है।

**– महेश पोद्दार सांसद**

# राजस्थान में बदलाव के बयार के सामने गहलोत

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान** में पिछले तीस वर्ष से हर पांच साल बाद सत्ता बदलने का रिवाज चला आ रहा है। अगले महीने होने वाले राजस्थान विधानसभा के चुनाव में जहां भारतीय जनता पार्टी हर बार राज बदलने के रिवाज को बनाए रखने का प्रयास कर रही है। वही सत्तारूढ़ कांग्रेस फिर से सरकार बनाकर रिवाज बदलना चाहती है। चुनाव में दोनों ही पार्टियों पूरे दमखम के साथ उतरने जा रही है। त राजस्थान में पिछले 30 वर्ष से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की मुख्य धुरी बने हुए हैं। तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अशोक गहलोत के इर्द-गिर्द ही कांग्रेस की राजनीति घूमती है। कांग्रेस में जैसा गहलोत चाहते हैं वैसा ही होता है। 1998 में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहते अशोक गहलोत पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। तब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में कई दिग्गज नेता सक्रिय थे, जिनमें मुख्य परसराम मदेरणा, शीशराम ओला, नवल किशोर शर्मा, नटवर सिंह, शिवचरण माथुर, जगन्नाथ पहाड़िया, हीरालाल देवपुरा, बलराम जाखड़, चौधरी नारायण सिंह, रामनारायण चौधरी, कमला बेनीवाल, खेत सिंह राठौड़, प्रद्युम्न सिंह, गुलाब सिंह शक्तावत जैसे दिग्गज नेता मौजूद थे। उस वक्त गहलोत ने इन सभी को मात देकर मुख्यमंत्री का पद हासिल किया था।

बाद में गहलोत ने एक-एक कर सभी बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से किनारे लगा दिया। आज स्थिति यह है कि कांग्रेस की राजनीति में मुख्यमंत्री

चुनाव

गहलोत के प्रतिद्वंद्वी बनकर उभरे सचिन पायलट भी साइड लाइन हो चुके हैं। गांधी परिवार के वफादार भंवर जितेंद्र सिंह का व्यक्तित्व इतना बड़ा नहीं है कि उनके नाम पर मुख्यमंत्री पद के लिए आम सहमति बन सके। 2008 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते सीपी जोशी मुख्यमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदार बने थे। मगर उनकी एक वोट से हुई हार ने उनका राजनीतिक करियर ही चौपट कर दिया था। गत वर्ष कांग्रेस आलाकमान ने गहलोत के स्थान पर सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास किया था। इसके लिए मल्लिकार्जुन खड़गे व अजय माकन पर्यवेक्षक बन कर जयपुर आए थे। मगर विधायकों द्वारा विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर देने से सचिन पायलट दूसरी बार मुख्यमंत्री बनते-बनते रह गए थे।

मुख्यमंत्री गहलोत पिछले पांच साल से लगातार अपनी सभाओं में कहते आ रहे हैं कि वह चौथी बार भी मुख्यमंत्री बनेंगे। मगर लगता है कि अब कांग्रेस में भी बड़ा उलट-पुलट होने वाला है। विधानसभा चुनाव के बाद यदि कांग्रेस फिर से सरकार बनाती है तो गहलोत के स्थान पर किसी नए नेता को ही कमान मिलने की अधिक संभावना नजर आने लगी है। पिछले पांच वर्ष में जिस तरह से गहलोत ने सरकार चलाई है। उससे कांग्रेस नेता राहुल गांधी संतुष्ट नहीं बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा हायर की गई एक निजी प्रचार एजेंसी को लेकर भी पार्टी में बड़ा विवाद हुआ था। डिजाइन बाक्स को गहलोत ने अपनी छवि चमकाने के लिए हायर किया था। इस एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की एजेंसी के फाउंडर से तकरार हो चुकी है। एजेंसी की नियुक्ति कांग्रेस आलाकमान को पसंद नहीं आ रही है। कांग्रेस आलाकमान कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के रणनीतिकार रहे सुनील कानुगोलू को राजस्थान में कांग्रेस की चुनावी रणनीति बनाने के लिए नियुक्त करना चाहता था। मगर मुख्यमंत्री गहलोत के विरोध के चलते उन्हें मध्य प्रदेश भेजना पड़ा था।

कांग्रेस आलाकमान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को इस बार कांग्रेस कार्यसमिति का सदस्य भी नहीं बनाया है।

# बिहार: चौथे कृषि रोड मैप से बदलेगी खेती की तस्वीर

**राष्ट्रपति** श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 18 अक्टूबर,को पटना में बिहार के चौथे कृषि रोड मैप (2023-2028) का शुभारंभ किया।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि कृषि बिहार की लोक संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और बिहार की अर्थव्यवस्था का मूल आधार है। कृषि और उससे जुड़ा क्षेत्र न सिर्फ राज्य के लगभग आधे कार्यबल को रोजगार देते हैं, बल्कि राज्य की जीडीपी में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए कृषि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास बहुत जरूरी है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि बिहार सरकार 2008 से कृषि रोड मैप लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन कृषि रोड मैप लागू होने का ही परिणाम है कि राज्य में धान, गेहूं और मक्का की उत्पादकता बढ़कर लगभग दोगुनी हो गई है। मशरूम, शहद, मखाना और मछली के उत्पादन में भी बिहार अन्य राज्यों से काफी आगे हो गया है। उन्होंने कहा कि चौथे कृषि रोड मैप का शुभारंभ वह महत्वपूर्ण कदम है, जिससे इस प्रयास को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

राष्ट्रपति ने बिहार के किसानों से आग्रह किया कि वे जैविक उत्पादों की बढ़ती मांग का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जैविक खेती न सिर्फ कृषि की लागत कम करने और पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि यह किसानों की आय बढ़ाने और लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में भी सक्षम है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि बिहार सरकार ने जैविक खेती को

कृषि

बढ़ावा देने के लिए गंगा के किनारे के जिलों में एक जैविक गलियारा बनाया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन संपूर्ण मानवता के अस्तित्व के लिए खतरा है, लेकिन इनका सबसे ज्यादा असर गरीबों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि बिहार जल-समृद्ध राज्य माना गया है और नदियां और तालाब इस राज्य की पहचान रहे हैं। इस पहचान को कायम रखने के लिए जल संरक्षण पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने में जलवायु अनुकूल कृषि महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। वर्तमान कृषि पद्धति में बदलाव लाकर जैव-विविधता को बढ़ावा दिया जा सकता है, जल संसाधनों के दोहन को कम किया जा सकता है, मिट्टी की उर्वरता को संरक्षित किया जा सकता है और सबसे बढ़कर लोगों की थाली तक संतुलित भोजन पहुंचाया जा सकता है।

राष्ट्रपति यह जानकर बहुत प्रसन्न हुईं कि बिहार की प्रमुख फसल मक्का से इथेनॉल का उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह देश की जीवाश्म ईंधन और ऊर्जा सुरक्षा पर निर्भरता कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने में बिहार का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन इस सपने को हकीकत में बदलने के लिए हमें संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठना होगा। बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए समग्र विकास के अलावा कोई विकल्प नहीं है। नीति-निमार्ताओं और बिहार के लोगों को राज्य की प्रगति के लिए एक रोड मैप तय कर उसे लागू करना होगा। उन्होंने कहा कि यह संतोष की बात है कि बिहार में कृषि रोड मैप लागू हो रहा है, लेकिन उन्हें तब ज्यादा खुशी होगी जब बिहार विकास के हर मानक पर रोड मैप बनाकर प्रगति की राह पर लगातार आगे बढ़ता जाएगा - चाहे वह स्वास्थ्य का क्षेत्र हो, शिक्षा का क्षेत्र हो, प्रति व्यक्ति आय का मामला हो या हैप्पीनेस इंडेक्स।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### मांडू में पूजा करने उमड़ी भक्तों की भीड़



**मांडू।** मांडू में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। पड़ाव पूजा समिति 1930 ई से गठित कर के समिति द्वारा बंगाल के मूर्तिकार से दुर्गा मां का भव्य आकर्षक मूर्ति बनाकर पूजा अर्चना किया जाता आ रहा है ।90 साल के बाद पड़ाव पूजा मंडप का दूसरे जगह तालाब के किनारे स्थापित किया गया। दूसरा सोंडिक सार्वजनिक पूजा समिति तीसरा सार्वजनिक पूजा समिति मांडू चट्टी तीनों पूजा पंडालो में अलग-अलग पूजा समिति गठित करके पूरे गांव में चंदा करके एक से बढ़कर एक पूजा पंडाल बनाकर ध्वनि साउंड डीजे लाउडस्पीकर पूरे गांव में लगाकर एक से बढ़कर एक विद्युत लाइट संजो की साज सजा कर कलश स्थापना दिन से ही तीनों पूजा पंडालो में पंडित वीरेंद्र पांडे,अरुण पांडे,निरंजन पांडे,आशीष पांडे द्वारा विधि पूर्वक नौ देवी मां का दुर्गा पाठ की ध्वनि से लगता है पूरा मांडू भक्ति मय हो गया।

### ओवर ब्रिज को ले सांसद को सौंपा ज्ञापन



**रामगढ़।** रंजन फौजी के नेतृत्व में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष बृज बिहारी सिंह यादव, महासचिव राम टहल महतो, वाई पी गुप्ता, गोपाल सिंह, एसके राय इत्यादि लोगों ने सांसद जयंत सिन्हा से मिलकर कहा कि रामगढ़ रेलवे स्टेशन के दूसरे तरफ विकास नगर डिफेंस कॉलोनी के लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। छोटे बच्चों को स्कूल आने-जाने में बुजुर्गों को गरीब लोग जिनके पास वाहन नहीं है उन्हें उस पार जाने के लिए काफी लंबा दूरी तय करना पड़ता है, इस समस्या के समाधान हेतु रामगढ़ रेलवे स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग इन लोगों सांसद जयंत सिन्हा से की। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले छात्राएं, गरीब सब्जी विक्रेता माथे पर भारी-भारी सब्जी की टोकरी लेकर आते हैं और उन्हें विकास नगर के तरफ जाने में काफी लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती है। सांसद जयंत सिन्हा ने उनकी मांगों को सुना एवं कहा कि आपकी मांग उचित है इसके समाधान हेतु उन्होंने तुरंत ही डीआरएम रांची से बात की और इसका समाधान निकालने का आग्रह किया।

### कुजू में महाष्टमी की हुई पूजा



कुजू। कुजू एवं आसपास के क्षेत्रों में महाष्टमी पूजा को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति प्राचीन शिव-दुर्गा मंदिर कुजू, मुरपा, कुजू कोलियरी, बंगाली टोला, ओरला, तोपा, सांडी, बोंगावार, दिगवार, करमा आदि स्थानों में मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां गौरी की विधिवत पूजा अर्चना हुई।

### सरना टोला में लगा मास्ट लाइट



भुरकुंडा (रामगढ़)। रीवर साइड बुधबाजार दोतल्ला पंचायत के सरना टोला में मुखिया सत्यवंती देवी ने मिनी मास्ट लाइट का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर प्रमुख चौक-चैराहों में मिनी मास्क लाइट लगाकर प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि माता सभी के जीवन में इसी तरह प्रकाश भरे। यह अभियान छठ महापर्व तक जारी रहेगा। जिसमें पंचायत में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई और लाइट लगाकर लाइट की व्यवस्था की जायेगी। ताकि रात्रि में भी यहां के नागरिकों को अपना जीवन यापन करने में सहूलियत हो। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो नेता लवकुमार महतो, रोशन कुमार, वार्ड सदस्य रेणुका देवी, जल सहिया छुबि देवी, सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब की अध्यक्ष शेरोफेना एक्का, आलोक मजूमदार, मोनू झा, महेश मांझी, बंधन उरांव, शुकर करमाली,सुमित्रा देवी,नयन मजूमदार, ज्योति लकड़ा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### मुरूमातु में डेढ़ महीने बाद आयी बिजली

दारू। टाटीझरिया पंचायत अंतर्गत मुरूमातु में रविवार को डेढ महीने के बाद बिजली आई। टाटीझरिया खिया सुरेश यादव ने फीता काटकर 25 केवीए बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि डेढ़ महीने से ग्रामीण अंधेरे में रहने पर विवश थे। विभाग से बात कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। डेढ़ महीने के बाद गांव में बिजली आने से ग्रामीणों में हर्ष है। मौके पर किशोरी गंझू, युगेश्वर गंझू, बबलू, सूरज, तापेश्वर आदि मौजूद थे।

## सांसद जयंत सिन्हा ने कई पंडालों में की पूजा-अर्चना, सुख-शांति मांगी, कहा

# बंधुत्व और भाईचारा ही जीवन का मूलमंत्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** सांसद जयंत सिन्हा प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडाल पहुंचकर मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन किया। विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान वे श्रद्धालुओं से भी मिले और उनका कुशल-क्षेम जाना। उन्होंने गया रोड सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति व पूजा कमिटी के सदस्यों से मिलकर स्थिति का जायजा लिया। वहीं पटना रोड व धनबाद रोड में निर्मित पंडालों व समिति सदस्यों से मिलकर बातें की। मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि दशहरा अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। संदेश यह निहित है कि बंधुत्व और भाईचारा ही जीवन का मूलमंत्र होना चाहिए। उन्होंने दुर्गा से प्रार्थना कि वे हजारीबाग संसदीय क्षेत्र वासियों को सुख, समृद्धि और शांति प्रदान करें। साथ में भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतारियार, वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, भगवान केशरी, पटना रोड पूजा समिति संरक्षक सह भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित साहू, धनबाद रोड पूजा समिति अध्यक्ष सह छोटन ठाकुर, संतोष निषाद, सोनू केशरवानी सहित कई लोग शामिल थे।

## सदर विधायक ने कई पंडालों का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कटकमसांडी।** रविवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न पूजा पंडालों का किया निरीक्षण और दुर्गा मां का आशीर्वाद लिया। साथ ही, साथ शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने का संदेश दिया। मौके पर उन्होने कहा कि विजयादशमी पर्व असत्य पर सत्य के जीत का प्रतीक है। उन्होने लोगों से आपसी भाईचारगी के तहत पर्व मनाने कु अपुल की। इस दौरान उन्होने ढौठवा, कोनहर, झरदाग, कठोतिया, डांटों, शाहपुर, कटकमसांडी, लुपुंग , पबारा, पेलवाल, कंडसार, बरगड़ा, पिचरी, डांड़ आदि जगहों पर स्थापित पूजा पंडालों का दौरा किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,पुर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीति लाल यादव पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, महामंत्री महबीर सिंह,कटकमसांडी भाजपा प्रखंड उपाध्यक्ष बिरेंद्र कुमार बीरू, सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, नरेश पांडेय, शिशु पाल सिंह,प्रकाश कुशवाहा,बिनोद सिंह, महामंत्री अरविंद यादव,शाहपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद, दुर्जय प्रसाद, सुभाष यादव,दीपू यादव,राजेश साव, सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्तागण शामिल थे। सभी ने पंडालों को देख मंत्रमुग्ध हुए। विभिन्न पूजा पंडालों के आयोजकों व धर्मप्रेमियों द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत भी किया गया।

## मां छिन्नमस्तिके मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़

**रजरप्पा।** मां छिन्नमस्तिके मंदिर में नवरात्र के आठवें दिन माता के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा-अर्चना की गई। आवासीय कॉलोनी में बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने विशेष पूजा-अर्चना की। रविवार को सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी गई। कोयलांचल के अलग-अलग स्थानों पर सजे माता के पंडालों में भी भजन कीर्तन के साथ पूजा अर्चना चलता रहा। रजरप्पा आवासीय कॉलोनी, बड़कीपोना, लारीकलां पसरा टोली, पंडा टोला, चितरपुर मायल बाजार, कुर्मी टोला, मारंगमरचा, बारलौंग, सुकरीगढ़ा, बोरोबिंग, बड़कीपोना पारडीह, जवाहर रोड़ चितरपुर, सोढ़, कुंदरूकलां में भी माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। मौके पर समिति के गजेंद्र चौधरी, जगदीश महतो, महेंन्द्र मिस्त्री, झलकु महतो, नंदकिशोर दांगी, पवन कुमार, ओमप्रकाश चौधरी, सतीश मुंडा, गणेश प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद, मुखिया भानुप्रकाश महतो, धर्मेंद्र चौधरी, हीरालाल महतो, बिनोद करमाली, मोहराय महतो, तुलसी महतो, मुखिया रेखा देवी, चिंतामनी पटेल, संदीप सेंटी आर्यन, सतीश आर्यन, मुखिया अरविन्द कुमार सिंह, संजय कुमार, रवि महतो, सुमित पटवा, दिलीप पोद्दार, संतोष महतो, बढ़न करमाली, दिवाकर कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



## पोलो में जिंदल पैंथर ने डेल्टा को हराया

### नवीन जिन्दल ने किये दो गोल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जिन्दल पैंथर कप पोलो फाइनल मैच में नवीन जिन्दल के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम जिन्दल पैंथर ने 5.5 के मुकाबले 8 गोल से टीम डेल्टा पोलो को हरा दिया। इस रोमांचक मैच में नवीन जिन्दल ने शानदार 2 गोल कर अपनी टीम का हौसला पूरे मैच में बुलंद रखा। नोएडा के जिन्दल पोलो ग्राउंड में शनिवार की देर शाम आयोजित जिन्दल पैंथर कप के फाइनल मैच में टीम जिन्दल पैंथर और टीम डेल्टा पोलो का मुकाबला देखने सैकड़ों लोग पहुंचे। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनेक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इनमें अर्जुन पुरस्कार विजेता सिमरन शेरगिल जिंदल पैंथर की ओर से और एक अन्य अर्जुन पुरस्कार विजेता समीर सुहाग डेल्टा पोलो की ओर से खेल रहे थे। मैच के दौरान दोनों ही टीमों ने असाधारण तकनीक और कौशल का प्रदर्शन किया। इस रोमांचक मुकाबले ने पोलो खेल के प्रति नवीन जिन्दल के समर्पण को और मजबूत करते हुए टीम जिन्दल पैंथर को एक नए मुकाम पर पहुंचाया।

### पूर्व विधायक ममता देवी ने कई पूजा पंडालों का भ्रमण कर लिया आशीर्वाद

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के पूजा पंडालों का अपने समर्थकों के साथ पूर्व विधायक ममता देवी ने भ्रमण कर मां अंबे से आशीर्वाद लिया। इस दौरान सिकनी, विरहोन्हे, होहद, बोंगासौरी, होन्हे, सिरु, प्रियातु, पोटमदगा, भालू, बगरई, हरहद-कंडेर, दुलमी, चामरोम, ईदपारा, चटाक, जामसिंग, ईचातु, सोसो, उकरीद, उसरा के पूजा पंडालों का भ्रमण कर मत्था टेक क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर पंडाल तक पहुंचकर पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की बात कही। मां दुर्गा की पूजा हमारे जीवन में खास महत्व रखता है। मौके पर कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, सुधीर मंगलेश, प्रकाश करमाली, राजू महतो, छोटन कुमार, सपूत महतो, रामप्रसाद महतो, बबलू कुमार, रोशन कुमार, महताब अंसारी, पप्पू कुमार, विकास कुमार, लिलेश्वर महतो, प्रदीप महतो, दिलीप शर्मा, परमानंद सिंह, प्रदीप सिंह, रामघृत महतो, मनोज कोटवार, गौरीशंकर महतो, कमलेश कुमार शामिल थे।



रघुवर दास को बुके देकर स्वागत करते समाज के लोग।

## खरवार भोगता समाज ने रघुवर दास का किया स्वागत

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** खरवार भोगता समाज विकास संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को जमशेदपूर आवास में उड़ीसा के नवमनोनित महामहिम राज्यपाल रघुवर दास से मुलाकर कर उनका जोरदार स्वागत किया।

साथ ही केन्द्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू के नेतृत्व में राज्यपाल श्री दास को बुके देकर बधाई दी और नया कीर्तिमान स्थापित करने के लिए शुभकामनाएं दी। बधाई देने वालो में संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, केन्द्रीय सलाहकार झलकू गंझू, केन्द्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ गंझू, केन्द्रीय सचिव जगन्नाथ सिंह, भोगता युवा संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष उमेश सिंह, भोगता केन्द्रीय सदस्य नरेश गंझू, गुमला जिला संरक्षक मंगल सिंह भोगता सहित तेली समाज के वरिष्ठ नेता प्रेमनाथ साहू मौजूद थे।

## असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक हैं मां दुर्गा: निशि पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित ज्योति क्लब दुर्गा मंडप और रिक्रेशन क्लब थाना चौक दुर्गा पूजा में क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय शामिल हुई। इस दौरान निशि पांडेय ने विधिवत पूजा-अर्चना कर व मां दुर्गा सहित आराध्य देवी-देवताओं के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की।

मौके पर समाजसेवी निशि पांडेय ने कहा कि असत्य पर सत्य के जीत का प्रतीक है मां दुर्गा। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। साथ ही पूजा से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है।

उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनों से क्षेत्र में सुख-समृद्धि का आगमन भी होता है। मौके पर पुरोहित राधे मोहन मिश्रा, पूजा समिति के अध्यक्ष प्रदीप मांझी, सचिव बिहारी मांझी, श्रीनिवास अग्रवाल, डीके पंडित, उपेंद्र शर्मा, विजय मिश्रा, संतन सिंह, दीपक कुमार, मुकेश राउत, राजन राउत, बैजनाथ कुमार, कामेश्वर मेहता, उपेंद्र शर्मा, अप्पू मिश्रा, संतोष पासवान, विक्की मिश्रा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



## एक नजर में

### चरही में मां महागौरी का पूजा संपन्न



चरही। चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में भगवती नव दुर्गा की आठवें रूप महागौरी की पूजा-अर्चना विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ किया गया ।महाआरती के बाद संधि पूजा किया गया ।उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण किया गया महिलाओं ने दिनभर उपवास रख महाष्टमी की पूजा विधि-विधान के साथ की ।मंत्रोच्चार तथा शंखनाद के कारण चारों दिशा गुंजायमान हो गया है ।वातावरण सुगंधित हो उठा है ।पूरा कोयला क्षेत्र के लोग भक्तिमय में लीन हो गए है ।क्षेत्र में घर-घर नवरात्र का पूजा किया जा रहा है ।इस पूजा को लेकर श्रद्धालु काफी व्यस्त हो गए हैं ।पूजा पंडाल में लगातार भजन कीर्तन और भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जा रहे है। ।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और वोलेंटियर को तैनात किया गया है।

### बड़कागांव में रोशन लाल चौधरी ने की पूजा



**बड़कागांव।** प्रखंड के सभी दुर्गा पूजा पंडालों में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने पहुंचकर माता का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि आप सभी माता रानी का त्यौहार शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए ।आगे उन्होंने बताया कि मैं माता रानी से प्रार्थना करता हूं कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में अपना आशीर्वाद बनाए रखें ताकि हम सभी बड़कागांव विधानसभा वासी सुख समृद्धि के साथ रह सके। आगे उन्होंने कहा कि माता का आशीर्वाद बना रहेगा तो बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र तरक्की के राह पर चलेगा ।मौके पर मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार,आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा,प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस,राजा खान,सुरेश गिरी,उपेंद्र कुमार,सुरेश दांगी,कृष्णा साव,तुलेश्वर राम, जितेंद्र कुमार,पंकज कुमार गुप्ता सहित सभी पूजा पंडालो के अध्यक्ष सचिव को अध्यक्ष सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### सोनपुरा में मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष ने नव दुर्गा डांस प्रतियोगिता का किया उद्घाटन



**बड़कागांव।** सोनपुरा में नव दुर्गा डांस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद के द्वारा फीता काटकर किया। स्थानीय नन्हे-मुन्हे बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों के द्वारा डांस कंपटीशन में प्रथम स्थान लाने वाले विजेता को 1001, द्वितीय स्थान विजेता को 701,तृतीय स्थान लाने वाले कलाकारों को 501 देकर पुरस्कृत किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि गांव के स्थानिय नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होने से बच्चों में शारिरिक व मानसिक विकास होता हैं,डांस प्रतियोगिता देखने के लिए विभिन्न गांवों के लोग पहुँचे। कलाकारों द्वारा भक्ति, हिंदी, खोरठा, नागपुरी,सहित अन्य गानों पर एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर पसस रंजीत कुमार चौबे,भोला महतो,प्रोफेसर लालदेव महतो, प्रकाश महतो,सुरेंद्र महतो,बिनोद महतो,रामचरित्र कुमार,विपिन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# शक्ति की देवी मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की हुई श्रद्धा भाव से पूजा


## मेरी अखियों के सामने ही रहना मां शेरा वाली जगदंबे ..., महिलाओं ने अष्टमी का उपवास रखकर मां की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता


**गुमला।** मेरी अखियों के सामने ही रहना मां शेरा वाली जगदम्बे ...। नवरात्रा के आठवें दिन शक्ति की देवी मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा भक्ति भाव से पूरे जिले में किया गया। रविवार को महागौरी की पूजा अर्चना करने के लिए पूजा पंडालों में जन सैलाब उमड़ा। हर पूजा पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था। फल, नारियल, फुल, अच्छत का भोग मां को भक्तों ने चढ़ाया। भक्तों ने पूजा अर्चना कर अपनी सुख-समृद्धि की कामना मां से की।

पूजा पंडालों में महाष्टमी विहित पूजन किया गया और शाम में संधि पूजन के साथ ही बलि प्रदान किया गया। अष्टमी पूजा के बाद पूजा समितियों द्वारा भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा पंडालों में लगी रही।

शाम ढलते ही दुधिया प्रकाश के बीच मां के दर्शन के लिए घरों से भक्त निकले। शाम होते ही गुमला जिला मुख्यालय के सभी पूजा पंडाल दुधिया प्रकाश से जगमग हो उठे। वैदिक मंत्रोच्चारण और भक्ति गीतों से पूरे शहर में अध्यात्म की धारा प्रवाहित हो रहा था। पूजा को लेकर सनातन धर्मावलम्बियों में मां दुर्गा के प्रति आस्था और विश्वास का भाव झलक रहा था।


डुमरी में मां दुर्गा की प्रतिमा।


ज्योति संघ पूजा पंडाल में महाष्टमी की पूजा करतीं महिलाएं।



घाघरा थाना चौक में बना पंडाल।


बड़ा दुर्गा मंदिर में अष्टमी पूजा करने पहुंचे लोग।


चैनपुर में मां की प्रतिमा।


शक्ति संघ मंदिर में अष्टमी पूजा को लेकर जुटे श्रद्धालु।


खोरा में महिलाओं की भीड़।


रायडीह में महाष्टमी पूजा करते पूजा समिति के सदस्य।


गुमला के अरुणोदय संघ में श्रद्धालु।

लोगों में त्योहार का उत्साह देखा गया। बंगाली क्लब दुर्गा बाड़ी में बंगाली पद्धति से मां दुर्गा की पूजा की गई।

गुमला के भारतीय नवयुवक संघ, मालवीय नगर करौंदी पूजा संघ, ज्योति संघ, अरूणोदय संघ, जय भवानी संघ, विश्व भारती संघ, उर्मी अरमई डुमरडीह पूजा संघ, पालकोट रोड स्थित शक्ति संघ में रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नवरात्रा के आठवें दिन महागौरी की पूजा की गई। ज्योति संघ, शक्ति संघ, अरुणोदय संघ, उर्मी अरमई डुमरडीह पूजा समिति, विश्व भारती संघ, मां भवानी संघ आदि स्थानों में पूजा को लेकर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास से हो रही पूजा

**गुमला।** ग्रामीण क्षेत्र मुरकुंडा, कसीरा, पतिया, खोरा, टोटो, कसीरा, खरका, कोटाम आदि स्थानों में भी दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गुमला जिला के पालकोट में भी पारम्परिक तरीके से मां दुर्गा की पूजा किया गया। पूजा को लेकर चहुंओर उल्लास का माहौल है। जिले के रायडीह, चैनपुर, डुमरी, जारी, सिसई, बसिया, बिशुनपुर घाघरा आदि प्रखंडों में भी मां महागौरी की पूजा की गई।

## स्पीड न्यूज

### वन विभाग की लापरवाही से हाथी पहुंचा रहे नुकसान

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार चैनपुर अनुमंडल प्रभारी भूषण सिंह व झारखंड नवनिर्माण दल के नेता फबयानुस सारस ने चैनपुर थाना क्षेत्र के सदान बुकमा निवासी 52 वर्षीय दुखन नागेसिया को हाथी द्वारा कुचल कर मार डालने की घटना के प्रति गहरा दुख व्यक्त करते हुए इस दुखद घटना को वन विभाग की घोर लापरवाही का परिणाम बताया है। नेताओं ने कहा है कि वन विभाग के द्वारा किसी प्रकार का हाथी का निगरानी के लिए कोई टीम जंगली क्षेत्र में काम नहीं कर रही है। इससे यह पता नहीं चल रहा है कि हाथी का भ्रमण किस गांव क्षेत्र में हो रहा है। वन विभाग निगरानी करती तो ग्रामीणों को जान गंवाना नहीं पड़ता और कई जगह धान का फसल बर्बाद नहीं होते।

### आरएसएस और जय श्रीराम समिति ने किया शस्त्र पूजन

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं जय श्रीराम समिति के द्वारा महाअष्टमी के दिन शांति आश्रम में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया गया। साथ ही हवन का भी आयोजन हुआ। इस आयोजित कार्यक्रम में शांति आश्रम गुरुकुल के बच्चे भी शामिल हुए। इस मौके पर सच्चिदानंद अग्रवाल ने शस्त्र पूजन पर प्रकाश डाला।

### कैरो में पंडालों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**कैरो।** शारदीय नवरात्र की महाष्टमी के अवसर पर प्रखंड मुख्याल स्थित माँ अम्बे दुर्गा पूजा पंडाल, हनहट दुर्गा बाड़ी, नगजुवा पूजा पंडाल सहित गांव गांव स्थित देवी मंडप में रविवार को उपवास रखकर भक्तों ने अपनी मनोकामना को लेकर महागौरी माँ की विधिवत पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर सुबह से ही भक्तों ने माता की पूजा अर्चना व दर्शन के लिए उमड़ रहे थे। इस अवसर पर माँ अम्बे दुर्गा पूजा समिति द्वारा रातभर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया जिसमें पूरे प्रखंड क्षेत्र के भक्त व दर्शक रातभर जागरण में डूबे रहे। आज बच्चो की रंगारंग डांस प्रतियोगिता होगी।

### बाराडीह गांव में जर्जर सड़क के विरोध में ग्रामीणों ने की बैठक

**घाघरा।** बाराडीह गांव में जर्जर सड़क के विरोध में ग्रामीणों ने रविवार को बैठक किया। बैठक में सभी ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं। आगामी लोकसभा चुनाव में वोट बहिष्कार का एक स्वर में निर्णय लिया। ग्रामीणों ने बताया कि घोड़ाटांगर से हालमाटी होते हुए बाराडीह तक रोड की स्थिति दयनीय है। लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। सांसद विधायक तथा प्रखंड से लेकर जिला प्रशासन तक के अधिकारियों को अवगत कराया गया, पर सड़क नहीं बनी।

# नेतरहाट घाटी में तीन सौ फीट गहरी खाई में गिरी कार, एक की मौत, चार घायल

## रांची से नेतरहाट घूमने जा रहे थे, सीआरपीएफ व जिला पुलिस के जवानों ने घायलों को निकाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड के गुरदरी थाना क्षेत्र के नेतरहाट घाटी स्थित मिलिट्री मोड़ के समीप रांची नेतरहाट मुख्य सड़क पर रांची से नेतरहाट घूमने जा रहे एक पर्यटक वाहन हुंडई क्रेटाकार अनियंत्रित होकर 300 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इससे कार में सवार रांची बरियातू निवासी मोहम्मद शाहबाज रिजवी 20 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि, चालक शादाब खान 35 वर्ष, शाहिख खान, फरदीन खान, सैयद शेख गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल सैयद शेख ने बताया कि वे लोग रांची बरियातू के रहने वाले है और शनिवार को की शाम सभी लोग अपने क्रेटा कार से नेतरहाट घूमने जा रहे थे। इसी क्रम में नेतरहाट घाटी में पहुंचे और तीखा मोड होने के कारण चालक गाड़ी का संतुलन खो बैठा और खाई में जा गिरा और हम लोगों के सामने अंधेरा छा गया।


घटनास्थल पर रात में पहुंची विशुनपुर पुलिस।

**सैयद एवं सादाब ने दी घटना की जानकारी :** खाई में गिरने के बाद सैयद एवं सादाब बड़ी मुश्किल से तकरीबन 300 फीट गहरी खाई से बाहर सड़क तक पहुंचे और राहगीरों को घटना की जानकारी दी। जिसके उपरांत राहगीरों द्वारा घटना की जानकारी गुरदरी थाना प्रभारी सदानंद सिंह को दिया गया। घटना की सूचना मिलते हैं थाना प्रभारी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और रात के 2:00 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया और घायल और मृतकों को खाई से बाहर निकाल कर बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। वहीं पुलिस ने रविवार को शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है।

**चार घंटे चला रेस्क्यू अभियान :** नेतरहाट घाटी में 300 फीट गहरी खाई में कार गिरने की सूचना जैसे ही सीआरपीएफ 158 बटालियन व पुलिस को मिली। उसके बाद सीआरपीए 158 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट सुधीर कुमार के नेतृत्व में सीआरपीएफ व पुलिस के जवान रात के 10:00 बजे गहरी खाई में रस्सी के सहारे नीचे पहुंचे और कड़ी मशक्कत के साथ घायल और मृतक को खाई से बाहर निकाला। जिसके बाद उन्हें बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। मौके पर पीड़ित के परिजनों ने सीआरपीएफ और पुलिस के जवानों को धन्यवाद दिया और कहा कि वे लोग भगवान से काम नहीं है।

### 108 एंबुलेंस के कॉल सेंटर से कोई रिस्पांस नहीं मिला

घटना के बाद कई लोगों के द्वारा 108 एम्बुलेंस की कॉल सेंटर पर कॉल की, मगर कोई रिस्पांस नहीं मिला। जिसके बाद तत्काल बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अंकुर कुमार के निजी वाहनों से सभी घायलों को विशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सद्दाम खान व सारिक खान के बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# लोहरदगा में पुलिस के जवानों ने किया मॉक ड्रिल


मॉक ड्रिल में शामिल पुलिसकर्मी।

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में दुर्गा पूजा को लेकर जिले में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। वहीं त्यौहार को लेकर हुड़दंगियों और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल किया गया। लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां ने मॉक ड्रिल के माध्यम से जवानों को हर एक आपातकालीन स्तिथि से निपटने की तैयारी, अभ्यास कराया। पुलिस की लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले दागने के साथ साथ जरूरत पड़ी तो गोली चलाने तक का अभ्यास किया गया। पुलिस लाइन मैदान में आम ग्रामीणों के भेष में पुलिस के जवानों ने आंदोलन और पथराव तक का दृश्य अपनाते हुए पुलिस प्रशासन पर हमला किया। वहीं पुलिस के जवानों ने पहले माइकिंग कर विरोधी और आंदोलनकारी को समझाया, फिर पथराव किए जाने पर लाठी चार्ज और आंसू गैस के गोले दाग कर उनका प्रतिकार भी किया। एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन हर एक स्थिति से निपटने को लेकर मॉक ड्रिल किया है। आम लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है।

# गुमला में अधिकारियों ने की दुर्गा पूजा को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** दुर्गा पूजा को लेकर राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों में प्रभारी आइएएस और आइपीएस की तैनाती किए जाने के बाद आज रविवार को गुमला जिले में तैनात गुमला के पूर्व उपायुक्त शशि रंजन और आइपीएस अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने परिसदन भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर की गई तैयारी की समीक्षा की। अधिकारी द्वय ने एक एक बिंदु पर जानकारी ली। वहीं पूर्व उपायुक्त शशि रंजन ने अपने कार्यकाल में मनाई गई दुर्गा पूजा पर अनुभव साझा किया। अधिकारियों ने दी गई लाईसेंस की समीक्षा की। इसके उपरांत विधि व्यवस्था की जानकारी ली। ट्रैफिक व्यवस्था , एंबुलेंस की व्यवस्था, फायर फाइटिंग, पंडालों में सीसीटीवी, विसर्जन के दौरान तालाबों में गोताखोर की व्यवस्था, बिजली की आपूर्ति सहित विभिन्न बिंदूओं पर जानकारी ली गई।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने एक एक बिंदु पर बारीकी से जानकारी दी। बताया कि शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा के लिए हर संभव प्रयास किए गए हैं। शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। पंडालों में सीसीटीवी का अधिष्ठापन अनिवार्य किया गया है। कंट्रोल रुम को एक्टिव कर अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है।

# शारदीय नवरात्र पर लोहरदगा में धूमधाम से हो रही मां दुर्गा की पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सरबोजनिन दुर्गा पूजा समिति, बगडू में शारदीय नवरात्र पर मां दुर्गा की पूजा बड़े ही धूमधाम से की जा रही है।

महाष्टमी में समिति के मुख्य संरक्षक बिजेश कुमार झा एवं हिंडाल्को महिला मंडल की अध्यक्षा भारती झा ने माता जी के आराधना में शामिल हुए। सभी के सुख, समृद्धि, निरोग जीवन, संपन्नता की कामना की। शक्ति स्वरूपा की आराधना में महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती भारती झा की अगुवाई में मातृशक्तिजन शामिल हुए। महाष्टमी में मुख्य संरक्षक बिजेश कुमार झा, सह संरक्षक बिनोदा नंद ठाकुर, अध्यक्ष राज कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, कोषाध्यक्ष अभिनव कुमार, समिति सदस्य प्रतीक कुमार, राजेश रंजन अम्बस्ठा, अनिल सिंह, मुकेश कुमार पाण्डेय, भास्कर सिन्हा, गिरिराज चित्तोड़ा, मनोज द्विवेदी, गौरी शंकर, विकास गुप्ता, रानी शर्मा, अभिनीत कुमार, डॉक्टर अलोक प्रकाश मिश्रा, परशुराम थापा, अम्बर सिंह एवं अध्यक्षा महिला मंडल भारती झा, प्रीति गुप्ता, कल्पना भालेकर, दीपमाला सिन्हा, सुमन पाण्डेय, संगीता ठाकुर, सुनीता चित्तोड़ा, रश्मि चौधरी, निधि ठाकुर समेत अन्य श्रद्धालुगण शामिल हुए।

ज्ञातव्य हो कि बगडू में सन 1990 से माता दुर्गा की पूजा हो रही है।


पूजा-अर्चना करने पहुंचे हिंडाल्को के अधिकारी।

### मां महागौरी के दर्शन को उमड़ा भक्तों का सैलाब



भंडरा। शरदीय नवरात्र की महा अष्टमी के उपलक्ष में मां महागौरी की दर्शन एवं पूजा के लिए भक्तों की भीड़ मां दुर्गा के पंडालों में उमड़ पड़ी। अष्टमी के अवसर पर महिलाओं ने मां महागौरी की पूजा अर्चना के लिए उपवास रखकर मां महागौरी की पूजा अर्चना की एवं अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस मौके पर सुबह 10 :00 बजे से रात तक भगवान के दर्शन करने के लिए भक्तों के भीड़ लगी थी। हर कोई मां महागौरी की दर्शन के लिए पंडाल आकर दर्शन किए। महाष्टमी के अवसर पर सभी पंडालो में विशेष व्यवस्था की गई थी पूजा पंडाल में पूजा समिति की ओर से प्रसाद वितरण किए जा रहे थे। दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था हेतु सभी पूजा पंडाल सहित चौक चौराहा में विशेष पुलिस की व्यवस्था की गई थी पंडालो में डंडा अधिकारी की उपस्थिति में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा , सीओ दिनेश कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी गौतम कुमार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर विधि व्यवस्था पर नजर बनाए हुए थे। इधर, महानवमी के अवसर पर आकाशी में ऐतिहासिक दशहरा मेला का आयोजन आकाशी के लोगों के द्वारा की जाती है। इस मेला में आसपास के लोग भाग लेते हैं।

# मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है : डीसी

## वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी पहुंची लोहरदगा, नगर भवन में प्रदर्शित की गयी

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को नगर भवन लोहरदगा में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी शामिल हुए।

ज्ञात हो कि वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप-2023 का आयोजन रांची में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक किया जा रहा है। दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। प्रतियोगिता में भारत, जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया एवं थाईलैंड की टीमें भाग लेंगीं। इस बाबत ट्रॉफी का टूर झारखंड के 24 जिलों में आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य हॉकी प्रेमियों को इस प्रतियोगिता के बारे जानकारी उपलब्ध कराना और आयोजन को सफल बनाने का है।


ट्रॉफी के अनावरण के समय डीसी व एसपी।

इस मौके पर उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्णा ने खेल प्रशंसकों को संबोधित करते हुए कहा कि ₹बेहतर से बेहतर की तलाश करो, मिल जाए नदी तो समुंदर की तलाश करो, टूट जाता है शीशा पत्थर की चोट से टूट जाए पत्थर, ऐसा शीशा तलाश करो।

उपायुक्त ने कहा कि बच्चों खूब मेहनत करें। आप अपनी मेहनत से कुछ भी हासिल कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमा ने कहा कि आप कड़ी मेहनत करें , अनुशासन और ईमानदारी से काम करें तो सफलता अवश्य मिलेगी, चाहे आप जिस क्षेत्र में हों। अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि यह आयोजन झारखंड में हो रहा है। एशिया के विभिन्न देशों के खिलाड़ियों का रांची आना प्रारंभ हो गया है। आज हम लोग लोहरदगा में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप की ट्रॉफी प्रदर्शित की गई है जो काफी गौरवान्वित करने वाला क्षण है। हमारे झारखंड की बेटियों ने हॉकी के क्षेत्र में काफी बेहतर किया है।

कार्यक्रम के आयोजन में जिला खेल कार्यालय का अहम योगदान रहा। इस मौके पर नीरू शांति भगत, खेल कार्यालय के लखन राम, जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष महादेव भगत, सचिव अजीत भगत, क्रिकेट कोच अमित कुमार, एकेडमी एथलीट कोच विनय उरांव, दुबराज यादव, अनुप कुमार, विमलकांत, मंगरा उरांव, सोमा उरांव, पप्पू कुमार साहू, सत्नरायण महली, आशु, सहित संबंधित क्षेत्र के खिलाड़ी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# डुमरी प्रखंड में बह रही है भक्ति की अविरल धारा

खबर मन्त्र संवाददाता

**डुमरी (गुमला)।** डुमरी प्रखंड में दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। दुर्गा मंडप डुमरी परिसर में नवरात्रि के प्रथम दिन से ही पूरे विधि विधान के साथ आचार्य शशांक शेखर पाण्डेय के द्वारा पूजा संपन्न कराई जा रही है। वहीं मानस मणिदीप सेवा संस्थान सरनाधाम, बाड़ेसांढ (लातेहार) के गुरुकुल आश्रम के अनाथ बच्चों के द्वारा रामायण पाठ, श्रीराम कथा एवं रामायण की बेहद आकर्षक झांकी प्रस्तुत की जा रही है। रात्रि में होने वाले इस कार्यक्रम को देखने भक्तगण पूरे प्रखंड सहित दूसरे प्रखंड व अन्य जिलों से भी पधार रहे हैं। झांकी में मानस मणिदीप सेवा संस्थान के अनाथ बच्चों व आचार्यों के द्वारा सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने और झांकी के माध्यम से राम के चरित्र को जनमानस में स्थापित करने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। जिसमें रामचरित्र मानस से जुड़े विभिन्न प्रसंगों की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की जा रही है।



# नवमी और दशमी को लेकर फूल प्रूफ व्यवस्था, ड्रोन से होगी भीड़ की निगरानी

## सचिव मनीष रंजन एवं पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार झा ने की बैठक, दुर्गा पूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण एवं अन्य तैयारियों की समीक्षा की

- सभी बड़े अस्पतालों में 20-20 बेड इमर्जेंसी के लिए रिजर्व
- बैठक के उपरांत जिला कंट्रोल रूम, पूजा पण्डाल, विसर्जन घाट का निरीक्षण कर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश





जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते सचिव मनीष रंजन व पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश झा। डीसी और एसएसपी के साथ विसर्जन रुट पर विमर्श करते सचिव व पुलिस महानिरीक्षक।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग श्री मनीष रंजन एवं पुलिस महानिरीक्षक (मानवाधिकार) श्री अखिलेश कुमार झा ने दुर्गा पूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण एवं अन्य तैयारियों की समीक्षा बैठक की। जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल, उप विकास आयुक्त, रेल एसपी, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम, एएसपी सिटी, अपर उपायुक्त, एडीएम ल एंड अर्डर, अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला समेत सभी विभागीय पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त सुपर जोनल, जोनल दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। जिले के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए 'सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग' ने कहा कि सभी विभागीय पदाधिकारी तत्परता से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वह्न करेंगे, आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जो जिम्मेदारी जिला प्रशासन द्वारा दी गई है उसे व्यक्तिगत जिम्मेदारियों से ऊपर उठकर प्राथमिकता में रखें। प्रायः देखा जाता है कि छोटी-छोटी समस्या बड़ा रूप ले लेती है, 24 गुणा 7 विजिलेंट रहें। उन्होने सिविक एमेनिटिज की समीक्षा की तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर पूजा समितियों के साथ आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करने की बात कही। जिला कंट्रोल रूम में अग्निशामक, विद्युत विभाग, पेयजल तथा विधि व्यवस्था से जुड़े अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने की बात कही। पुलिस महानिरीक्षक (मानवाधिकार)' ने सभी पूजा पंडालों में अधिष्ठापित अग्निशामक की जांच कर लेने, सीसीटीवी कार्यरत हैं या नहीं तथा सुरक्षा व्यवस्था में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं पुलिस बल को हमेशा सतर्क रहने के निर्देश दिए।

उन्होने स्पष्ट कहा बिना एस्कर्ट के विसर्जन नहीं करेंगे। वलंटियर्स का लिस्ट कंट्रोल रूम से वेरिफाई कर लेंगे। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखेंगे। संवेदनशील पंडालों में विशेष सतर्कता बरतने पर बल देते हुए कहा कि सामाजिक सौहार्द्र एवं समरसता बनाये रखते हुए सफलतापूर्वक त्यौहार संपन्न करायें। 'जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त' ने जिले के वरीय प्रभारियों को प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के अलावा सभी नगर निकायों में वार रूम का गठन किया गया है। साथ ही अतिरिक्त कंट्रोल घाटशिला अनुमंडल में बनाया गया है।

पंडाल कैसा हो, ऊंचाई, सुरक्षा मानक तथा विधि व्यवस्था संधारण की दृष्टि से जिला प्रशासन द्वारा सभी पूजा समितियों को अपील जारी की जा चुकी है। सभी दुर्गा समिति के साथ बैठक, पेश ए इमाम, शांति समिति की बैठक थानावार तथा जिला स्तर पर केन्द्रीय शांति समिति के साथ बैठक के अलावा प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक तैयारियां की गई है। पंडालों का औचक निरीक्षण जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा नियमित किया जा रहा, ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी से हरेक गतिविधि पर नजर रखी जा रही। सभी पंडालों में वलंटियर्स की प्रतिनियुक्ति के अलावा प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का संयुक्तादेश जारी किया गया है। स्ट्रीट लाईट, विद्युत तार की मरम्मती, बेरिकेडिंग एवं साफ-सफाई, मेडिकल इमरजेंसी के लिए 22 एंबुलेंस, पंडालों में फर्स्ट एड किट, अग्निशामक, सड़क मरम्मतीकरण आदि के कार्य किए गए हैं। साथ ही शहर के बड़े अस्पतालों में आकस्मिक स्थिति के लिए 20 बेड तैयार रखा गया है, एंटी लार्वा छिड़काव, फगिंग पंडालों में कराया गया है।

विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर 12 सुपर जोनल, 35 जोनल मजिस्ट्रेट, 164 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा विसर्जन के लिए 16 मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। संवेदनशील पंडालों को चिन्हित करते हुए सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही। सोशल मीडिया पर किसी तरह से भ्रामक व अपुष्ट खबरों का प्रचार प्रसार नहीं हो इसकी कड़ी निगरानी की जा रही। 'वरीय पुलिस अधीक्षक' ने पुलिस प्रशासन की तैयारियों को लेकर बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 1152 लोगों के विरूद्ध धारा 107 में कार्रवाई की गई है। सभी प्रतिमा विसर्जन,जुलूस, भीड़ के रूट का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है। सुगम यातायात व्यवस्था की नियमित समीक्षा की जा रही, बड़े पंडालों के बाहर वाहनों की पार्किंग के लिए मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया है। 20 से 23 अक्टूबर तक प्रत्येक दिन प्रातः 4 बजे से 11 बजे दिन तक सभी प्रकार के भारी वाहनों(बस को छोड़कर) का परिचालन पूर्णतः वर्जित है, वहीं 24 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे से विसर्जन तक सभी प्रकार के भारी वाहनों(बस सहित) एवं चार पहिया वाहनों का परिचाचन पूर्णतः वर्जित रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। शहर में पुलिस पदाधिकारियो द्वारा फ्लैग मार्च किया गया है, श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर नियमित सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है।

समीक्षा बैठक के उपरांत सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा पुलिस महानिरीक्षक (मानवाधिकार) द्वारा जिला कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया साथ ही आम बागान पूजा पण्डाल, मानगो स्थित स्वर्णरेखा घाट पहुंचकर उन्होने विसर्जन रूट, घाट की साफ-सफाई, बेरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

### बोड़ाम के दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचे विधायक मंगल

**जमशेदपुर।** दुर्गा अष्टमी के शुभ अवसर पर आज जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बोड़ाम प्रखंड के श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल बाघरा, श्री श्री दुर्गा पूजा पंडाल पोखोरिया, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति भुनी डिगारडिह, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति भुला और युवा आंचलिक दुर्गा पूजा समिति भुला में पोहोच कर मां दुर्गा के चरणों में माथा टेंक कर पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मौके पर उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों को विधायक ने दुर्गा अष्टमी की बधाई भी दीविधायक ने कहा की मां जगत जननी की पा से यह दुनिया हैं। उनकी पा सभी पर बनी रहे यही कामना करता हूं। मौके पर हिमांशु महतो, काजल सिंह, विनय मंडल, रामू कुम्भकार, विभीषण महतो, फाल्गुनी महतो आदि लोग शामिल हुए।

# गोविंदपुर में जलेगा 51 फीट के रावण का पुतला, दो घंटे तक चलेगी आतिशबाजी

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा होंगे मुख्य अतिथि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर स्थित वीर कुंवर सिंह मैदान में इस बार 51 फीट के रावण का पुतला दहन किया जायेगा। आयोजन समिति के संस्थापक अध्यक्ष राधेश्याम सिंह और सह अध्यक्ष कमलेश सिंह ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया की गोविदपुर, गदरा, आसनबनी, डोमझुड़ी, हुडको समेत अन्य जगहों से लोग इस ऐतिहासिक रावण दहन को देखने आते हैं। आयोजक राधेश्याम सिंह और कमलेश सिंह ने बताया कि मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा और प्रमुख समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले के हाथो रावण दहन किया जायेगा वहीं इस अवसर पर करीब दो घंटे की भव्य आतिशबाजी होगी। रावण दहन समिति के द्वारा बताया गया की विजयदशमी के शुभ अवसर पर दिनांक 24 अक्टूबर को संध्या 6:00 बजे से रावण दहन कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इस बार रावण का पुतला बनाने वाले कारीगर अपना काम कर रहे है वही पटाखा वाले कारीगर ओडिशा से आए है जिनके टीम के द्वारा जोरदार आतिशबाजी करीब दो घंटे तक चलते रहेगी। समिति द्वारा 2007 से रावण दहन का भव्य आयोजन किया जाता रहा है।

रावण दहन आयोजन समिति में मुख्य संरक्षक केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, संयोजक सह संस्थापक अध्यक्ष राधेश्याम सिंह और कमलेश सिंह, संरक्षक ललन साह, सुनील सिंह, भारत भूषण सिंह, विजय यादव, कार्यकारिणी में रमन झा, कामेश्वर पांडे, श्याम किशोर सिंह, सतीश सिंह समेत अन्य युवा शामिल हैं।

**खबर एक नजर में**

### श्री श्री राममंदिर दुर्गा पूजा समिति टेल्को में पूजी गईं मां महागौरी



**जमशेदपुर।** श्री श्री राममन्दिर दुर्गा पूजा समिति,टेल्को द्वारा महाअष्टमी पर विधिविधान से माँ दुर्गा के अष्टम रूप माहामाई महागौरी की पूजा की गई। महाअष्टमी को प्रसाद के सैकड़ों थाल का चढ़ावा भक्तों व श्रद्धालुओं के द्वारा मां दुर्गा को चढ़ाया गया।विधिवत पूजन के बाद महाआरती में सैकड़ो श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। महागौरी माता के पूजन के बाद सामुहिक पुष्पांजलि में भी सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा मंदिर परिसर माता के जयघोष व ढाक बाजा से गुंजायमान रहा। मंदिर प्रांगण में भक्त व श्रद्धालुओं की अपार आस्था भीड़ के रूप में दिख रही थी। सभी वैदिक अनुष्ठान श्रीराममंदिर टेल्को के मुख्य पुरोहित जीवानंद मिश्रा व विनोद मिश्रा के देखरेख में हो रही है। महाअष्टमी के अवसर पर महाभोग प्रसाद (खिचड़ी,सब्जी,खीर) का वितरण मंदिर प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर राममन्दिर समिति के महामंत्री चंद्रभान सिंह,बबन पाण्डेय,नरेंद्र सिंह(हैप्पी),राकेश कुमार सिंह, शैलेन्द्र सिंह,नंदलाल सिंह,अरुण कुमार सिंह,सुधीर कुमार सिंह, वेंकट राव,दीपक कुमार,कन्हैया कुमार, राणा प्रताप,प्रह्लाद सिंह,राजेश भोजपुरिया,भरत पाठक, मनोज पाण्डेय,शैलेश कुमार सिंह, अभय पांडेय,राजेश कुमार,विजय कुमार सिंह, मनंजय पाण्डेय,निगम पाण्डेय, के अलावे सभी प्रतिनिधि व सदस्य उपस्थित रहे।

### ओल्ड एज होम में रह रहे लोगों के साथ मनाया दुर्गा पूजा का त्योहार



**जमशेदपुर।** नवरात्रि के अष्टमी के अवसर पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों ने डिमना स्तिथ फुरुदो ओल्ड एज होम में वहां रह रहे लोगों के साथ उनके बीच दुर्गा पूजा का त्योहार मनाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के तौर पर सैयद मनसूर आलम नेशनल कमिटी के जनरल सेक्रेटरी,ट्रस्ट के प्रेसिडेंट मतिनुल हक अंसारी,मानगो निगम निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान,हाजी अयूब अली,फिरोज असलम,शाहिद परवेज,मासूम खान, मोहम्मद फिरोज आलम,आजादनगर थाना पीस कमेटी के मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी ने उपस्थित होकर वहां रह रहे लोगों के साथ त्योहार मनाया जो परिवार से दूर और अपनो को साथ इस अवसर पर नहीं है।

### बागबेड़ा में महिलाओं ने किया शस्त्र पूजन

**जमशेदपुर।** उत्तर पूर्व बागबेड़ा पंचायत के अंतर्गत बजरंग टेकरी स्थित शीतला मंदिर प्रांगण पर शरदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि के उपलक्ष्य पर विश्व हिन्दू परिषद, मातृ शक्ति-दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान शास्त्र पूजन किया गया। शास्त्र पूजन में भारी संख्या में मातृ शक्ति के रूप में महिलाएं शामिल हुईं। विधिवत्त शास्त्री पूजन की गयी। इसमें प्रमुख रूप से बजरंग दल के संयोजक जनार्दन पाण्डेय, आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया प्रसाद, जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती, जमशेदपुर मुखिया संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सरस्वती टुडू, उपाध्यक्ष नीनु कुदादा, कोषाध्यक्ष मायावती टुडू एवं जोबा मार्डी, पूनम उमा बबीता रीमा देवी अरविंदर कौर अंजना सिंह कंचन देवी सुनीता शर्मा उषा देवी रिंकू देवी के साथ मातृ शक्ति-दुर्गा वाहिनी परिवार के सैकड़ों सदस्यगण एवं पंचायत की महिलाएं मौजुद थी।

### सरयू राय ने कई पंडालों में जाकर किया देवी पूजन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने दुर्गा अष्टमी के अवसर पर विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण किया। श्री राय ने सीतारामडेरा, ईस्ट बंगाल कॉलोनी स्थित श्री श्री सार्वजनित दुर्गा पूजा, आदि काली मंदिर, बारीडीह विजया गार्डेन ऑनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन, भुइयांडीह, नीतिबाग कॉलोनी पूजा पंडाल, साकची राजेन्द्र नगर स्थित पूजा पंडाल, न्यू सीतारामडेरा लेबर ऑफिस रोड स्थित पूजा पंडाल, केबल टाउन पार्क मैदान पूजा पंडाल सहित विभिन्न पूजा पंडालों में जाकर पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया।

### पटमदा के विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचे विधायक मंगल

**जमशेदपुर।** नवरात्र के शुभ अवसर पर जुगसलाई विधायक मंगल कलिंदी ने आज पटमदा और जमशेदपुर प्रखंड क्षेत्र के श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गोबरघुसी, सिलीपाहाड़ी, झुंजका, लच्छिपुर, चौंरा, बांगुरदा, पटमदा बजार, री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति नारगा, पीपला, बड़ा बाँकी, पोखरी के द्वारा निर्मित पूजा पंडाल में पहुँचे और माँ के समक्ष माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना किए। विधायक ने वहाँ उपस्थित आयोजकों के साथ साथ क्षेत्र के लोगों को नवरात्रि की शुभकामनाएँ दी।

## मून सिटी मानगो में दुर्गापूजा पंडाल में देवी पूजन करने पहुंचे मंत्री बन्ना गुप्ता



मानगो मून सिटी परिसर डिमना रोड में श्री श्री दुर्गा पूजा एवं काली पूजा समिति के द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पत्नी सुधा गुप्ता के साथ उपस्थित होकर मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर भजन संध्या का आनंद उठाया। मंत्री और उनकी धर्मपत्नी के पहुंचने पर केके बिल्डर्स के एमडी विकास सिंह और पूजा समिति के पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

### बच्चों के बीच शिक्षा एवं खाद्य सामग्री का वितरण

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा शारदीय नवरात्र के आठवें दिन रविवार को महाअष्टमी के शुभ अवसर 35 बच्चों के बीच शिक्षा एवं खाद्य सामग्री कपी, पेंसिल कलर पेंसिल, चिप्स, फ्रूटी, केक एवं चाकलेट आदि का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व में रिफ्यूजी कलोनी आंगनवाड़ी में किया गया।



शीतला मंदिर भालूबासा में कुंआरी पूजन करते ओडिसा के मनोनीत राज्यपाल रघुवर दास।

## निशांत ओझा ने महा अष्टमी को किया एसडीपी दान



**जमशेदपुर।** आज महाअष्टमी के शुभ अवसर पर त्योहारी उत्सव के माहौल में भी दूसरे के जीवन रक्षा करने की जिजीविषा भी एक पूजा है और इस अवसर को अविस्मरणीय बनाने हेतु श्री निशांत कुमार ओझा ने जमशेदपुर ब्लड बैंक में दूसरी बार एस.डी.पी का दान किया। इससे पूर्व भी उन्होंने रक्तदान किया है।

इस गरिमामयी अवसर पर मातृशक्ति रूपी उनकी माता जी एवं बहन भी उपस्थित रही। रेड क्रस के एस.डी.पी डोनेशन प्रभारी श्री प्रभु नाथ सिंह जी इस उपलब्धि पर उन्हें पुष्प गुच्छ एवं डिजिटल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रेड क्रस परिवार सभी से आग्रह करती है इस अवसर जीवन रक्षा रूपी यज्ञ में रक्तदान कर अपनी कर्तव्य का निर्वहन करें।

# मां दुर्गे की कृपा से विश्व का कल्याण व आसुरी शक्तियों का नाश होगा : काले

### काले ने किया शहर के कई दुर्गा पूजा पंडालों का दौरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** दुर्गा पूजा का खुमार जमशेदपुर के लोगों पर सिर चढ़कर बोल रहा है पंडालों में भारी भीड़ जुटने लगी है। इस पावन अवसर पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने श्री श्री राधा ष्ण मंदिर, राधिका नगर घोड़ाबांधा, श्री श्री उत्कल दुर्गा पूजा समिति आउटर रोड टेल्को कालोनी, पूर्वांचल पूजा कमिटी टेल्को कालोनी सी व डी रोड़ ग्रांउड, सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी न्यू केबुल टाउन, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा एवं काली पूजा समिति कैलाश नगर बर्मामाइन्स, श्री श्री दुर्गा पूजा कमेटी लेबर अफिस रोड न्यू सीतारामडेरा, सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी ब्रिज बिहारी बागान स्लेग रोड, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गंगोत्री फ्लैट स्लेग रोड, नीतिबाग कलोनी दूर्गा पूजा कमेटी स्लेग रोड, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा एवं काली पूजा कमेटी शीतला मंदिर रोड भुइंयाडीह, काली दूर्गा पूजा कमेटी शीतला मंदिर रोड भुइंयाडीह, सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी आउटर रोड बागुनहातु के पूजा पंडालों में सम्मिलित होकर पुष्पांजलि अर्पित कर, पूजा अर्चना करके माथा टेका एवं प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सभी कमेटियों द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री काले ने कहा कि दूर्गा पूजा स्त्री शक्ति के पूजन का प्रतीक है.यह उत्सव स्त्रीत्व की गरिमा और गौरव गान का उत्सव है.यह उत्सव हर परिस्थिति में स्त्री मन के मानवीय गुणों को सहेजते हुए विजय पाने का आह्वान है. सुखद है कि आज बहु-बेटियां इन मानवीय भावों को सहेजते हुए आगे बढ़ रही है। जिस प्रकार स्त्रियां एक साथ कई कार्य संपन्न करते हुए घर-परिवार, बाहर-भीतर के बीच का संतुलन बनाए रखती है, वह भीतरी तौर पर सशक्त हुए बिना संभव नहीं है, अष्टमी और नवमी को कन्या पूजन करना स्त्रियों में विद्यमान शक्ति की आराधना और उनका आभार प्रकट करना ही है. स्त्री शक्ति को प्रतीक के रूप में पूजने वाला त्यौहार विश्व में कहीं और नहीं मनाया जाता. सो हमें हमारी परंपरा पर गर्व करने के साथ उसे पूरी तरह आत्मसात करने की भी आवश्यकता है। काले ने कहा की माँ दुर्गे की पा से ही विश्व का कल्याण व आसुरी शक्तियों का नाश होगा।

# रावण संहिता का रचियता दशानन



बासुकीनाथ पाण्डेय

**रावण** तो सिर्फ एक है, दुनिया में इस नाम का दूसरा कोई व्यक्ति नहीं है। राम तो बहुत मिल जाएंगे, लेकिन रावण नहीं। राजाधिराज लंकाधिपति महाराज रावण को दशानन भी कहते हैं। कहते हैं कि रावण लंका का तमिल राजा था। सभी ग्रंथों को छोड़कर वाल्मीकि द्वारा लिखित रामायण महाकाव्य में रावण का सबसे 'प्रामाणिक' इतिहास मिलता है।

रावण एक कुशल राजनीतिज्ञ, सेनापति और वास्तुकला का मर्मज्ञ होने के साथ-साथ ब्रह्म ज्ञानी तथा बहु-विद्याओं का जानकार था। उसे मायावी इसलिए कहा जाता था कि वह इंद्रजाल, तंत्र, सम्मोहन, वीणावादक और तरह-तरह के जादू जानता था। उसके पास एक ऐसा विमान था, जो अन्य किसी के पास नहीं था। इस सभी के कारण सभी उससे भयभीत रहते थे।

जैन शास्त्रों में रावण को प्रति-नारायण माना गया है। जैन धर्म के 64 शलाका पुरुषों में रावण की गिनती की जाती है। जैन पुराणों अनुसार महापंडित रावण आगामी चौबीसी में तीर्थंकर की सूची में भगवान महावीर की तरह चौबीसवें तीर्थंकर के रूप में मान्य होंगे। इसीलिए कुछ प्रसिद्ध प्राचीन जैन तीर्थस्थलों पर उनकी मूर्तियां भी प्रतिष्ठित हैं।

कहते हैं रावण के दस सिर थे। कुछ विद्वान मानते हैं कि रावण के दस सिर नहीं थे किंतु वह दस सिर होने का भ्रम पैदा कर देता था इसी कारण लोग उसे दशानन कहते थे। कुछ विद्वानों अनुसार रावण छह दर्शन और चारों वेद का ज्ञाता था इसीलिए उसे दसकंठी भी कहा जाता था। दसकंठी कहे जाने के कारण प्रचलन में उसके दस सिर मान लिए गए।

जैन शास्त्रों में उल्लेख है कि रावण के गले में बड़ी-बड़ी गोलाकार नौ मणियां होती थीं। उक्त नौ मणियों में उसका सिर दिखाई देता था जिसके कारण उसके दस सिर होने का भ्रम होता था।

रावण के दस सिर होने की चर्चा रामचरितमानस में आती है। वह कृष्णपक्ष की अमावस्या को युद्ध के लिए चला था तथा एक-एक दिन क्रमश? एक-एक सिर कटते थे। इस तरह दसवें दिन अर्थात शुक्लपक्ष की दशमी को रावण का वध हुआ। इसीलिए दशमी के दिन रावण दहन किया जाता है।

विचार करने की बात है कि क्या एक अंग के कट जाने पर वहाँ पुनः नया अंग उत्पन्न हो सकता है? वस्तुतः रावण के ये सिर कृत्रिम थे- आसुरी माया से बने हुए।

मारीच का चांदी के बिन्दुओं से युक्त स्वर्ण मृग बन जाना, रावण का सीता के समक्ष राम का कटा हुआ सिर रखना आदि से सिद्ध होता है कि राक्षस मायावी थे। वे अनेक प्रकार के इन्द्रजाल (जादू) जानते थे। तो रावण के दस सिर और बीस हाथों को भी मायावी या कृत्रिम माना जा सकता है।

ऐसी मान्यता है कि रावण ने अमृत्व प्राप्ति के उद्देश्य से भगवान ब्रह्मा की घोर तपस्या कर वरदान माँगा, लेकिन ब्रह्मा ने उसके इस वरदान को न मानते हुए कहा कि तुम्हारा जीवन नाभि में स्थित रहेगा। रावण की अजर-अमर रहने की इच्छा रह ही गई।

यही कारण था कि जब भगवान राम से रावण का युद्ध चल रहा था तो रावण और उसकी सेना राम पर भारी पड़ने लगे थे। ऐसे में विभीषण ने राम को यह राज बताया कि रावण का जीवन उसकी नाभि में है। नाभि में ही अमृत है। हुए। ऋषि विश्वश्रवा ने ऋषि भारद्वाज की पुत्री से विवाह किया था जिनसे कुबेर का जन्म हुआ। विश्वश्रवा की दूसरी पत्नी कैकसी से रावण, कुंभकरण, विभीषण और सूर्पणखा पैदा हुई थी। लक्ष्मण ने सूर्पणखा की नाक काट दी थी। कुबेर को बेदखल कर रावण के लंका में जम जाने के बाद उसने अपनी बहन शूर्पणखा का विवाह कालका के पुत्र दानवराज विद्युविह्वा के साथ कर दिया। उसने स्वयं दिति के पुत्र मय की कन्या मन्दोदरी से विवाह किया, जो हेमा नामक अप्सरा के गर्भ से उत्पन्न हुई थी। माना जाता है कि मंदोदरी राजस्थान के जोधपुर के निकट मन्डोर की थी।

विरोचनकुमार बलि की पुत्री वज्रज्वला से कुम्भकर्ण का और गन्धर्वराज महात्मा शैलूष की कन्या सरमा से विभीषण का विवाह हुआ। कुछ समय पश्चात मन्दोदरी ने मेघनाद को जन्म दिया, जो इन्द्र को परास्त कर संसार में इन्द्रजीत के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

मंदोदरी से रावण को पुत्र मिले- इंद्रजीत, मेघनाद, महोदर, प्रहस्त, विरुपाक्ष भीकम वीर। ऐसा माना जाता है कि राम-रावण के युद्ध एक मात्र विभिषण को छोड़कर उसके पूरे कुल का नाश हो गया था।

रावण ने सुंबा और बालीद्वीप को जीतकर अपने शासन का विस्तार करते हुए अंगद्वीप, मलयद्वीप, वराहद्वीप, शंखद्वीप, कुशद्वीप, यवद्वीप और आंध्रालय पर विजय प्राप्त की थी। इसके बाद रावण ने लंका को अपना लक्ष्य बनाया। लंका पर कुबेर का राज्य था।

आज के युग अनुसार रावण का राज्य विस्तार, इंडोनेशिया, मलेशिया, बर्मा, दक्षिण भारत के कुछ राज्य और श्रीलंका पर रावण का राज था।

दरअसल माली, सुमाली और माल्यवान नामक तीन दैत्यों द्वारा त्रिकुट सुबेल पर्वत पर बसाई लंकापुरी को देवों और यक्षों ने जीतकर कुबेर को लंकापति बना दिया था। रावण की माता कैकसी सुमाली की पुत्री थी। अपने नाना के उकसाने पर रावण ने अपनी सौतेली माता इलविल्ला के पुत्र कुबेर से युद्ध की ठानी, परंतु पिता ने लंका रावण को दिलासा दी तथा कुबेर को कैलाश पर्वत के आसपास के त्रिविष्टप क्षेत्र में रहने के लिए कह दिया। इसी तारतम्य में रावण ने कुबेर का पुष्पक विमान भी छीन लिया।

सुरों के खिलाफ असुरों की ओर थे रावण। रावण ने आर्यों की भोग-विलास वाली 'यक्ष' संस्कृति से अलग सभी की रक्षा करने के लिए 'रक्ष' संस्कृति की स्थापना की थी। यही 'रक्ष' समाज के लोग आगे चलकर राक्षस कहलाए।

# उत्तम कुल पुलस्थ ऋषि का नाती था महाज्ञानी रावण



**उत्तर प्रदेश** के ग्रेटर नोएडा से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर बिसरख नाम का एक गांव है। इस गांव में दशहरा के मौके पर न रामलीला होती है, न ही रावण दहन किया जाता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि बिसरख गांव का जिक्र शिवपुराण में भी किया गया है। कहा जाता है कि त्रेता युग में इस गांव में ऋषि विश्रवा का जन्म हुआ था। इसी गांव में उन्होंने शिवलिंग की स्थापना की थी। उन्हीं के घर रावण का जन्म हुआ था।

साल में दो बार लगता है मेला

बिसरख गांव में रामलीला न होने की और पुतला न दहन करने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। मान्यता यह भी है कि जो यहां कुछ मांगता है, उसकी मुराद पूरी हो जाती है। इसलिए साल भर देश के कोने-कोने से यहां आने-जाने वालों का तांता लगा रहता है। साल में दो बार मेला भी लगता है।

इसलिए नहीं होता है पुतला दहन

बिसरख में जब लगभग 70 साल पहले पहली बार रामलीला का आयोजन किया गया था। उस दौरान गांव में एक लोग मौत हो गई और इसके चलते रामलीला अधूरी रह गई। इसके बाद ग्रामीणों ने दोबारा रामलीला का आयोजन कराया और तब रामलीला के ही एक पात्र की मौत हो गई। इस बार भी रामलीला पूरी नहीं हो सकी। तब से बिसरख में रामलीला का आयोजन नहीं किया जाता और न ही रावण का पुतला जलाया जाता है।

बिसरख में रावण ने की भगवान शिव की पूजा

बिसरख गांव में कई शिवलिंग मिल चुके हैं, एक शिवलिंग की गहराई इतनी है कि खुदाई के बाद भी उसका कहीं छोर नहीं मिला है। ये सभी अष्टभुजा के हैं। ऐसा कहा जाता है कि इसी गांव में रावण की पूजा से खुश होकर शिव ने उसे बुद्धिमान और पराक्रमी होने का वरदान दिया था। परंपरा के मुताबिक इस गांव के लोग दशहरा तो मनाते हैं, लेकिन रावण दहन नहीं करते हैं।

इसलिए किया था सीता हरण!

बिसरख गांव का एक बड़ा तबका रावण के कारण खुद को गौरवान्वित महसूस करता है। उन लोगों का तर्क है कि रावण ने उस जमाने में लंका पर विजय पताका फहराकर राजनैतिक सूझबूझ और पराक्रम का परिचय दिया था। यहां यह माना जाता है कि रावण ने राक्षस जाति का उद्धार करने के लिए सीता का हरण किया था। इसके अलावा दुनिया में कोई ऐसा साक्ष्य नहीं है, जब रावण ने किसी का बुरा किया हो।

रावण ब्राह्मण पिता और राक्षस माता का पुत्र था। वाल्मीकि रामायण के अनुसार रावण पुलस्त्य मुनि का पोता था अर्थात उनके पुत्र विश्वश्रवा का पुत्र था। विश्वश्रवा की वरर्विणनी और कैकसी नामक दो पत्नियां थी। वरर्विणनी के कुबेर को जन्म देने पर सौतिया डाह वश कैकसी ने अशुभ समय में गर्भ धारण किया। इसी कारण से उसके गर्भ से रावण तथा कुम्भकर्ण जैसे क्रूर स्वभाव वाले भयंकर राक्षस उत्पन्न हुए। आचार्य चतुरसेन द्वारा रचित बहुर्चिचत उपन्यास 'वयम रक्षामः' तथा पंडित मदन मोहन शर्मा शाही द्वारा तीन खंडों में रचित उपन्यास 'लंकेश्वर' के अनुसार रावण शिव का परम भक्त, यम और सूर्य तक को अपना प्रताप झेलने के लिए विवश कर देने वाला, प्रकांड विद्वान, सभी जातियों को समान मानते हुए भेदभावरहित समाज की स्थापना करने वाला था।

# मां दुर्गा के नाम पर देश में मुंबई पटना सहित कई शहर



**चंडीगढ़**

चंडीगढ़ शहर की शुरुआत जहां से होती है वहां मां चंडी देवी का प्रसिद्ध मंदिर है। इस खूबसूरत शहर का नाम इसी देवी मां के नाम पर चंडीगढ. रखा गया है। वैसे तो इस मंदिर में सालोंभर बड़ी संख्या में मां के भक्त पूजा अर्चना के लिए आते हैं। लेकिन शारदीय नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि के मौके पर तो यहां श्रद्धालुओं का तांता लग रहता है।

**मुंबई**

मुंबई के जावेरी बाजार स्थित मुंबा देवी का मंदिर है जहां 500 साल से भी ज्यादा पुराना महा-अंबा देवी का मंदिर है। मंदिर का नाम महा-अंबी देवी मंदिर ही है जो समय के साथ अपभ्रंश होते हुए मुंबा देवी हो गया और इसी माता के नाम पर शहर का नाम मुंबई पड़ा।

**उत्तर प्रदेश, बिहार**

यूपी और बिहार में दुर्गा पूजा मनाने के तरीकों में समानताएं हैं, क्योंकि वे पूजा के अंतिम दिन कन्याओं को खाना खिलाते हैं। यहां देवी स्थापना के साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाता है। मंदिरों में देवी मां की झांकियां और पंडाल सजते हैं। आप यहां माता विंध्यवासिनी मंदिर विंध्याचल धाम, मिर्जापुर, वाराणसी में मां अन्नपूर्णा मंदिर और मां मुंडेश्वरी के मंदिर जा सकते हैं।

**पश्चिम बंगाल, असम**

पश्चिम बंगाल में दुर्गा, गणेश, कार्तिकेय, सरस्वती और लक्ष्मी की खूबसूरत मूर्तियों को स्थापित कर हर साल थीम बेस्ड भव्य पंडाल बनाए जाते हैं। पुरोहित चार दिनों तक धार्मिक ग्रंथ के अनुसार अनुष्ठान करते हैं। आप यहां गुवाहाटी में कामख्या देवी मंदिर, कोलकाता में दक्षिणेश्वर काली मंदिर जा सकते हैं।

**तमिलनाडु**

नवरात्र के आखरी तीन दिनों में तमिल लोग तीन देवीः दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी की पूजा करते हैं। गोलू का अनुष्ठान दिलचस्प होता है। आप यहां मरुपंधल देवी मंदिर में अरलावीमाओजी, थिरुक्रकदु देवी करुमुरियम मंदिर और श्री सूर्यमंगलम बागुलूमि देवी मंदिर जा सकते हैं।

**महाराष्ट्र**

यहां विवाहित महिलाएं एक-दूसरे के माथे पर हल्दी और कुमकुम लगाकर नवरात्र की शुभकामनाएं देती हैं। इस दौरान शुभ काम किए जाते हैं। इसके साथ ही गुजरात के गरबा की तरह महाराष्ट्र के लोग भी इन दिनों डांडिया खेलते हैं। यहां मुंबा देवी मंदिर, वज्रेश्वरी में वज्रेश्वरी देवी, मुंबई से 75 किलोमीटर दूर नासिक सप्तशृंगी में सप्तशृंगी देवी मंदिर के दर्शन कर सकते हैं।

**गुजरात**

गुजरात में श्रद्धालु उपवास रखकर और पारंपरिक नृत्य गरबा खेलकर नवरात्र मानते हैं। शाम की आरती जो कि गरभी के साथ की जाती है। गुजरात के मिट्टी के बर्तन और दीये देखने लायक होते हैं। आप यहां भावनगर में अम्बा देवी मंदिर जा सकते हैं।

**पंजाब**

पंजाब में भी देश के अन्य राज्यों की तरह नवरात्र का त्योहार मनाते हैं। यहां नौ दिन मंदिर में जागरण होते हैं। अमृतसर के बड़े हनुमान मंदिर में, जिन लोगों का संतान के रूप में पुत्र होने की मनोकामना पूरी होती है, वे अपने पुत्र को लंगूर के कपड़े पहनाकर मंदिर लाते हैं।

**कर्नाटक**

यहां दुष्ट दानव महिषासुरा पर मां दुर्गा की जीत को प्रर्दिशत करने के लिए 17 वीं शताब्दी में विजयनगर वंश ने नवरात्र या नादहबाबा की परंपरा शुरू की थी। मैसूर पैलेस को विजय दशमी के दिन एक लाख से अधिक लाइट्स के साथ एक शाही दुल्हन की तरह सजाया जाता है। सड़कों पर जंबो सावरी नाम का भव्य दशहरा जुलूस निकलता है। गहनों से सजे हाथियों की सवारी देखने के लिए यहां आया जा सकता है।

**छत्तीसगढ़**

बस्तर के आदिवासी इस त्योहार को 75 दिन तक मनाते हैं। एक भारी रथ में आदिवासी देवी, देवी माओली और उनकी बहनों को जगदलपुर के दन्तेश्ववारी मंदिर में लाया जाता है। बस्तर और जगदलपुर के बीच जुलूस निकाला जाता है। इस 500 साल पुरानी परंपरा को बस्तर का दशहरा कहते हैं। यहां जगदलपुर में दन्तेश्वरी मंदिर, रायपुर में अंबा देवी और चंद्रपुर में चंद्रहसिनी देवी के दर्शन कर सकते हैं।

**हिमाचल प्रदेश**

हिमाचल कई देवी मंदिरों का गृह है, इसलिए यहां नवरात्र का बड़ा महत्व है। हिमाचल प्रदेश में नवरात्र उत्सव तब शुरू होता है जब बाकी देश में पूजा खत्म होने के करीब होती है। ब्यास नदी के तट पर लकड़ी और घास के टुकड़े को जलाने के साथ ये त्योहार खत्म होता है, जो रामायण में लंका के विनाश को दर्शाता है। कुल्लू घाटी के ढलपुर मैदान में नौ दिन के लंबे उत्सव को देखने यहां आ सकते हैं।

# अहं राष्ट्री संगमती बसना



स्मृति आदित्य

**नवरात्रि** के साथ ही एक मधुर सुगंधित आहट आने लगती है। आहट त्योहार की। आहट रास, उल्लास और श्रृंगार की। आहट आस्था, अध्यात्म और उच्च आदर्शों के प्रतिस्थापन की। एक मौसम विदा होता है और सुंदर सुकोमल फूलों की वादियों के बीच खुल जाती है श्रृंखला त्योहारों की। श्रृंखला जो बिखेरती है चारों तरफ खुशियों के खूब सारे खिलते-खिलखिलाते रंग।

हर रंग में एक आस है, विश्वास और अहसास है। हर पर्व में संस्कृति है, सुरूचि और सौंदर्य है। ये पर्व न सिर्फ कलात्मक अभिव्यक्ति के परिचायक हैं, अपितु इनमें गुंथी हैं, सांस्कृतिक परंपराएं, महानतम संदेश और उच्चतम आदर्शों की भव्य स्मृतियां। इन सबके केंद्र में सुव्यक्त होती है -शक्ति। उस दिव्य शक्ति के बिना किसी त्योहार, किसी पर्व, किसी रंग और किसी उमंग की कल्पना संभव नहीं है।

हमारे समस्त रीति-रिवाज, तीज-त्योहार या अनुष्ठान-विधान गृहस्वामिनी के हाथों ही संपन्न होते हैं। इस धरा की महकती मिट्‍टी की महिमा है कि स्त्री इतने सम्मानजनक स्थान पर प्रतिष्ठापित है। सदियों पूर्व इसी सौंधी वसुंधरा पर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अपना विराट स्वरूप दिखाते हुए कहा था -

**'कीर्तिः श्री वार्क्नारीणां**
**स्मृति मेर्धा धृतिः क्षमा।'**

अर्थात नारी में मैं, कीर्ति, श्री, वाक, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा हूं। दूसरे शब्दों में इन नारायण तत्वों से निर्मित नारी ही नारायणी है। संपूर्ण विश्व में भारत ही वह पवित्र भूमि है, जहां नारी अपने श्रेष्ठतम रूपों में अभिव्यक्त हुई है।

आर्य संस्कृति में भी नारी का अतिविशिष्ट स्थान रहा है। आर्य चिंतन में तीन अनादि तत्व माने गए हैं - परब्रह्म, माया और जीव। माया, परब्रह्म की आदिशक्ति है एवं जीवन के सभी क्रियाकलाप उसी की इच्छाशक्ति होते हैं। ऋग्वेद में माया को ही आदिशक्ति कहा गया है उसका रूप अत्यंत तेजस्वी और ऊर्जावान है।

फिर भी वह परम कारूणिक और कोमल है। जड़-चेतन सभी पर वह निस्पृह और निष्पक्ष भाव से अपनी करूणा बरसाती है। प्राणी मात्र में आशा और शक्ति का संचार करती है।

देवी भागवत के अनुसार -'समस्त विधाएं, कलाएं, ग्राम्य देवियां और सभी नारियां इसी आदिशक्ति की अंशरूपिणी हैं। एक सूक्त में देवी कहती हैं -

**'अहं राष्ट्री संगमती बसना**
**अहं रूद्राय धनुरातीमि'**

अर्थात

'मैं ही राष्ट्र को बांधने और ऐश्वर्य देने वाली शक्ति हूं। मैं ही रूद्र के धनुष पर प्रत्यंचा चढाती हूँ। धरती, आकाश में व्याप्त हो मैं ही मानव त्राण के लिए संग्राम करती हूं।'

विविध अंश रूपों में यही आदिशक्ति सभी देवताओं की परम शक्ति कहलाती हैं, जिसके बिना वे सब अपूर्ण हैं, अकेले हैं, अधूरे हैं।

हमारी यशस्वी संस्कृति स्त्री को कई आकर्षक संबोधन देती है। मां कल्याणी है, वही पत्नी गृहलक्ष्मी है। बिटिया राजनंदिनी है और नवेली बहू के कुंकुम चरण ऐश्वर्य लक्ष्मी आगमन का प्रतीक है। हर रूप में वह आराध्या है।

पौराणिक आख्यान कहते हैं कि अनादिकाल से नैर्सिगक अधिकार उसे स्वतः ही प्राप्त हैं। कभी मांगने नहीं पड़े हैं। वह सदैव देने वाली है। अपना सर्वस्व देकर भी वह पूर्णत्व के भाव से भर उठती है। नवरात्रि पर्व पर देवी के हर रूप को नमन।

# महादेव को प्रसन्न करने रावण ने रचा था शिव तांडव स्तोत्र



**शिव तांडव स्तोत्र -**

**जटाटवीगलज्जल प्रवाहपावितस्थले**
**गलेऽवलम्ब्य लम्बितां भुजंगतुंगमालिकाम्।**
**डमड्डमड्डमड्डमनिनादवड्डमर्वयं**
**चकार चंडतांडवं तनोतु न? शिव? शिवम ॥1॥**

**जटा कटा हसंभ्रम भ्रमन्निलिपनिर्झरी ।**
**विलोलवी चिवल्लरी विराजमानमूर्धनि ।**
**धगद्धगद्ध गज्ज्वलल्ललाट पट्टपावके**
**किशोरचंद्रशेखरे रति? प्रतिक्षणं ममं ॥2॥**

**धरा धरेंद्र नंदिनी विलास बंधुवंधुर-**
**स्फुरद्दगंत संतति प्रमोद मानमानसे ।**
**कृपाकटा क्षधारणी निरुद्धदुर्धरापदि**
**कवचिद्विगम्बरे मनो विनोदमेतु वस्तुनि ॥3॥**

**जटा भुजं गपिगल स्फुरत्फणामणिप्रभा-**
**कदंबकुंकुम द्रवप्रलिप्त दिग्वधूमुखे ।**
**मदांध सिंधु रस्फुरत्वगुत्तरीयमेदुरे**
**मनो विनोदद्भुतं बिभर्तु भूतभर्तरि ॥4॥**

**सहस्त्र लोचन प्रभृत्य शेषलेखशेखर-**
**प्रसून धूलिधोरणी विधूसरांघ्रिपीठभू? ।**
**भुजंगराज मालया निबद्धजाटजूटक?**
**श्रिये चिराय जायतां चकोर बंधुशेखर ॥5॥**

# लगातार पांचवी जीत से भारत अंक तालिका में शीर्ष पर

## न्यूजीलैंड को विश्व कप में 20 साल बाद हराया, जीत में छाये शमी और विराट

एजेंसी

**धर्मशाला।** भारत ने रविवार को वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा कर देश को दशहरा का शानदार तोहफा दिया। विश्व कप में 20 साल बाद न्यूजीलैंड पर भारत की यह पहली जीत है। इस लगातार 5वीं जीत से 10 अंकों के साथ टीम इंडिया अब पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गयी है। साथ ही सेमीफाइनल के लिए क्वॉलिफाइ के और भी करीब पहुंच गया है। भारत ने मोहम्मद शमी (54/5) की कातिलाना गेंदबाजी के बाद विराट कोहली (95), रोहित (46) और आखिरी समय में रविंद्र जडेजा (नाबाद 39) की जबरदस्त बैटिंग के दम पर न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल के शतक के दम पर 273 रनों का स्कोर खड़ा किया था। भारत ने 48 ओवरों में 6 विकेट खोकर 274 रन बनाते हुए जीत हासिल की।

भारत आखिरी बार विश्व कप 2003 में न्यूजीलैंड से किसी भी आइसीसी इवेंट में जीता था। यह हव्वा बन गया कि भारतीय टीम न्यूजीलैंड से खौफ खाती है। लेकिन आज भारत इतिहास पलटने उतरा था और पलट भी दिया। धर्मशाला में यह हासिल किया गया सबसे बड़ा लक्ष्य है। भारतीय टीम ने दमदार आगाज किया। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरी गेंद पर ट्रेंट बोल्ट को झन्नाटेदार चौका जड़ते हुए टीम का खाता खोला तो अगले ही ओवर में मैट हेनरी को लगातार दो गेंदों में छक्का और चौका जड़ते हुए बता दिया कि इस बार इतिहास पलटने वाला है।

शतक से चूक गये कोहली ----

पिछले मैच में गजब का शतक जड़ने वाले कोहली एक बार फिर उसी तरह की पारी खेल रहे थे। भारत को जीत के लिए 5 रनों की जरूरत थी और कोहली को शतक पूरा करने के लिए 5 रन ही चाहिए थे। ड्रेसिंग रूम में हर कोई जश्न के लिए तैयार था तभी कोहली हवा में शॉट खेल बैठे और शतक से 5 रनों से दूर रह गए। मैट हेनरी की गेंद पर ग्लेन फिलिप्स ने कैच लपका और कोहली सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों की



बराबरी करने से चूक गए। उन्होंने 104 गेंदों में 8 चौके और 2 छक्के जड़े। दूसरी ओर, रविंद्र जडेजा ने 44 गेंदों में 3 चौके और एक छक्का के दम पर नाबाद 39 रन बनाये।

**डेरिल मिचेल का शतक तो शमी का पंजा :** न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिचेल के शतक और रचिन रविंद्र के साथ उनकी बड़ी शतकीय साझेदारी के बावजूद भारत ने मोहम्मद शमी के 5 विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड को 273 रन पर समेट दिया। मिचेल ने 127 गेंद में 5 छक्के और 9 चौके की मदद से 130 रन की पारी खेलने के अलावा रविंद्र (75 रन, 87 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के साथ तीसरे विकेट के लिए 159 रन जोड़े, जो इस मैदान पर किसी भी विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ही बल्लेबाजों को भारतीय फील्डरों ने जीवनदान भी दिया। भारत के लिए शमी सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 54 रन देकर करियर में तीसरी बार 5 विकेट चटकाए। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव महंगे साबित हुए। उन्होंने 73 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मोहम्मद सिराज (45 रन पर एक विकेट) और जसप्रीत बुमराह (45 रन पर एक विकेट) ने किफायती गेंदबाजी करते हुए एक-एक विकेट अपने नाम किया। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज पूरे टूनामेंट के दौरान पहली बार दबाव में दिखे। टीम अंतिम 13 ओवर में भारत की सटीक गेंदबाजी के सामने 68 रन ही बना सकी।

**पहली बार न्यूजीलैंड दिखा दबाव में :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी का निमंत्रण दिया, जिसके बाद गेंदबाजों ने 9वें ओवर में 19 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों डेवोन कॉन्वे (0) और विल यंग (17) को पवेलियन भेज दिया। कॉन्वे जसप्रीत बुमराह का पारी का पहला ओवर मेडन खेलने के बाद मोहम्मद सिराज की गेंद को फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर श्रेयस अय्यर के हाथों में खेल गए। यंग ने दूसरे ओवर में सिराज पर चौके के साथ अपना और टीम का खाता खोला। उन्होंने बुमराह पर भी दो चौके जड़े लेकिन मोहम्मद शमी की गेंद को विकेटों पर खेल बैठे।

**रचिन रविंद्र और डेरिल मिचेल ने संभाली पारी :** रचिन रविंद्र और डेरिल मिचेल ने इसके बाद पारी को संभाला। दोनों ने रन गति में इजाफा किया। रविंद्र ने शमी पर दो चौके मारे लेकिन 12 रन के निजी स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब इस तेज गेंदबाज की गेंद पर रविंद्र जडेजा ने पॉइंट पर उनका कैच टपका दिया। मिचेल ने 13वें ओवर में शमी पर चौके के साथ टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। रविंद्र और मिचेल दोनों ने 19वें ओवर में कुलदीप यादव पर छक्के जड़े। मिचेल ने कुलदीप के अगले ओवर में भी लंबा छक्का लगाया जो प्रेस बॉक्स की छत पर जाकर लगा। टीम के रनों का शतक 21वें ओवर में पूरा हुआ। रविंद्र ने कुलदीप की गेंद पर एक रन के साथ 56 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जबकि मिचेल ने सिराज पर एक रन के साथ 60 गेंद में 50 रन के आंकड़े को छुआ। **फिर यूं गिरे धड़ाधड़ विकेट :** न्यूजीलैंड के रनों का दोहरा शतक 37वें ओवर में पूरा हुआ लेकिन कुलदीप ने इसी ओवर में कप्तान टॉम लैथम (5) को पगबाधा करके भारत को चौथी सफलता दिलाई। मिचेल ने बुमराह की गेंद पर एक रन के साथ 100 गेंद अपना 5वां शतक पूरा किया। ग्लेन फिलिप्स ने 44वें ओवर में सिराज पर छक्के के साथ 40 गेंद के बाउंड्री के सूखे को खत्म किया लेकिन कुलदीप के अगले ओवर में गेंद को हवा में लहराकर रोहित को आसान कैच दे बैठे। उन्होंने 23 रन बनाए। मार्क चैपमैन (06) भी बुमराह की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बाउंड्री पर कोहली को कैच दे बैठे जबकि शमी ने सटीक यॉर्कर पर मिचेल सेंटनर (01) का ऑफ स्टंप उखाड़ने के बाद अगली गेंद पर मैट हेनरी (0) का लेग स्टंप उखाड़ा। मिचेल ने अंतिम ओवर में शमी की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा लेकिन फिर कोहली को कैच दे बैठे। पारी की अंतिम गेंद पर लॉकी फर्ग्यूसन (1) रन आउट हुए।

# सड़कों पर उड़ती धूल दे रही दुर्घटना को आमंत्रण



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा बरती जा रही भारी लापरवाही के वजह से सड़कों पर उड़ती धूल बड़ी हादसे को आमंत्रित कर रही है। जहां पूरा जिला शक्ति की उपासना मां दुर्गा की भक्ति में डूबी है, वहीं फोरलेन सड़क निर्माण में संवेदक आरकेएस कंपनी द्वारा मनमानी व भारी लापरवाही के वजह से उड़ती धूल पूजा में लोगों को परेशानी बढ़ा रही है एवं चंदवारा स्टेट बैंक से लेकर बैंक ऑफ इंडिया तक धूल ही धूल उड़ती नजर आती है। वहीं पानी का छिड़काव महज दिखावे के लिए किया जाता है, उड़ती धूल के वजह से आम जन तो दूर दो पहिया वाहन की तो बात ही नहीं, चार पहिया व बड़ी वाहनों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।

## दवाओं से लेकर लौंग, इलायची और ड्राई फ्रूट से बनी है मां की तस्वीरें

**पटना।** दवाई वाली मूर्ति से फास्ट फूड के बढ़ते प्रयोग से होने वाले नुकसान को दशार्या गया है। यह मूर्ति पटना के अमरूदी गली में स्थापित है। इसकी ऊंचाई आठ फीट की है। यह प्रतिमा राष्ट्रीय पक्षी मोर को समर्पित है। ऊंचाई छह फीट है। भंवर पोखर के पास बने पंडाल में देखने को मिल जाएगी. इस मूर्ति को बनाने में लगभग 900 मोर पंख का इस्तेमाल हुआ है। चिउड़ा भोजन के एक प्रकार को दर्शा रहा है। यह प्रतिमा नया चक बायपास पर देखने को मिल जाएगी। छह फीट इसकी ऊंचाई है। प्रतिमा बनाने में लगभग 10 किलो चिउड़ा का इस्तेमाल हुआ है। ड्राई फ्रूट्स वाली मूर्ति वर्कआउट करने वाले युवाओं को यह संदेश देगी कि ड्रायफ्रूट्स को अपने डाइट चार्ट का हिस्सा बनाएं। यह प्रतिमा मुसल्लहपुर चाई टोला की खुबसूरती बढ़ा रही है। मूर्ति की ऊंचाई छह फीट है। इस वजह से यह थीम रखा गया।

# श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन

## कथा के अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** नवरात्र महोत्सव को लेकर हंसडीहा के पगवारा दुर्गा मंदिर पूजा पंडाल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का रविवार को समापन हो गया।कथा के अंतिम दिन श्रीमद् भागवत का रसपान करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। वृंदावन से पधारीं कथावाचिका पूज्या दिव्या देवी जी ने कई प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया।वहीं सुदामा चरित्र की कथा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि सुदामा संसार में सबसे अनोखे भक्त रहे हैं। वह जीवन में जितने गरीब नजर आए, उतने वे मन से धनवान भी थे।उन्होंने अपने सुख व दुखों को भगवान की इच्छा पर सौंप दिया था।सुदामा, भगवान श्रीकृष्ण से जब मिलने आए तो भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे, बल्कि मित्र की भावनाओं को देखा। मनुष्य को अपना कर्म नहीं भूलना





चाहिए।अगर सच्चा मित्र है तो श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होना चाहिए। सत्ता पाकर व्यक्ति को घमंड नहीं करना चाहिए।अंत में फूलों की होली के साथ कथा को विश्राम दिया गया। श्रीकृष्ण और सुदामा मिलन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा में बड़ी संख्या में महिला-पुरूष पहुंच कथा का रसपान किया।समापन अवसर पर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गुंजन यादव ने सभी का सफल आयोजन पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि सोमवार को हवन के बाद कलश विसर्जन किया जाएगा।

## फूड पॉइजनिंग से बीमार लोगों से मिलने पहुंची पूर्व जिप अध्यक्ष

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत लोकाई पंचायत गोसाईटोला एवं बलरोटांड में फूड पॉइजनिंग से बीमार बच्चे, महिला व पुरूष से मिलने पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता सदर अस्पताल में मुलाकात कर सभी का हालचाल जाना, जहां उन्होंने सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार, डीएस डॉ.रंजीत कुमार को सभी बीमार बच्चे महिला पुरुष को बेहतर इलाज व विशेष साफ सफाई रखने को कहा। वहीं उन्होंने लोगों से अपील किया कि नवरात्र का समय चल रहा है, मेले में जाए तो फ्रेश चीजों का ही सेवन करें।

## झामुमो केन्द्रीय समिति सदस्य ने फूड पॉइजनिंग से हुए शिकार लोगों का जाना हाल चाल

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत लोकाई पंचायत के ग्राम बलरोटांड एवं गोसाई टोला में गुपचुप खाने से लगभग सैकड़ों बच्चे, बच्चियां, महिला पुरुष फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गये। जहां सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं झामुमो केन्द्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव सदर अस्पताल पहुंचकर पीडितों का हाल चाल जाना। जहां उन्होंने कहा कि अभी भी कई बच्चों का दस्त नहीं रुक रहा है। जिसे अस्पताल के पदाधिकारियों व चिकित्सकों से उचित इलाज की आवश्यकता है। मौके पर चन्द्रदेव यादव, वासदेव यादव, नरेश गोस्वामी आदि मौजूद थे।

## सप्तमी के अवसर पर छपरदागा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**गढ़वा।** नवरात्रि के सप्तमी पूजा के अवसर पर छपरदागा गांव में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. कुलदेव चौधरी, गढ़वा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मंदीप मल्लाह, डंडा जिला पार्षद अजय कुमार चौधरी, विकासशील इंसान पार्टी के जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी, थाना प्रभारी नीरज कुमार, छपरदागा मुखिया प्रतिनिधि यदु चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में गायिका सबिन्दा राज एवं रानी मुखर्जी ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत गाकर रात भर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था का जायजा लिया

**गोड्डा।** आज गोड्डा शहर के अंदर जहां जहां भी दुर्गा प्रतिमा की स्थापना

# नवरात्र के अवसर पर सतन आश्रम में की गयी कुंवारी पूजा





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सतन आश्रम में नवरात्र के अवसर पर महाअष्टमी को कुंवारी पूजन का आयोजन किया गया। आश्रम के संचालक स्वामी आत्मानंद के नेतृत्व में एक छोटी बच्ची का कुंवारी पूजन किया गया। कुंवारी पूजन के लिए सबसे पहले आश्रम या फिर गांव में एक छोटी बच्ची का चयन किया जाता है। जो कुंवारी पूजन के लिए उपयुक्त हो। इस दौरान आसनसोल के पंकज झा की पुत्री विद्या कुमारी को कुंवारी पूजन के लिए आश्रम लाया गया। विद्या को आश्रम लाने के बाद छोटी माता के रूप में लाल साड़ी, चुनरी एवं हाथों में मेंहदी लगाकर सजाया गया। इसके बाद चार लोगों के सहारे पालकी में बिठाकर आश्रम से लेकर मां दुर्गा की स्थापित प्रतिमा के समक्ष लाया गया। प्रतिमा के समक्ष पहुंचते ही स्वामी आत्मानंद ने उसे हाथों से उठाकर एक लकड़ी कि कुर्सी में बिठाया। इसके बाद स्वामी आत्मानंद ने कुंवारी पूजन के लिए विद्या के पैरो के नीच अलता से भरा बर्तन रखा। उनके पैर को अलता से रंगा गया, साथ में नए वस्त्र, पकवान एवं फल अर्पित कर पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान आश्रम पूरी तरह से श्रद्धालुओं से भरा रहा। सभी भक्त उस छोटी बच्ची में मां दुर्गा के रूप को देखकर हर कोई मंत्र मुक्त हो गया।

# विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने किया शस्त्र पूजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के द्वारा सरकारी बस स्टैंड हनुमान मंदिर प्रांगण में रविवार को शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में देवघर विभाग मंत्री संजय ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने उन्होंने विश्व हिंदू परिषद के गठन के साथ-साथ बजरंग दल के गठन और उनके कार्यों के विषय में कार्यकर्ता के बीच में प्रकाश डाला इस विषय पर उन्होंने बताया कि किस प्रकार आज हमारे धर्म संस्कृति और सुरक्षा में बाहरी आतंकी शक्तियां हावी होती जा रही है। जो कि हमारे संस्कृति को नष्ट करने के लिए प्रतिदिन कुछ ना कुछ षड्यंत्र कर रही है।

## पेज 1 का शेष

### मां का आंचल भरकर...

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां सिद्धिदात्री की पूजा से भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही धन, यश की प्राप्ति होती है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार मां सिद्धिदात्री और मौक्ष प्रदान करने वाली देवी हैं। मां सिद्धिात्री के पास 8 सिद्धियां हैं जो कमल के आसन पर विराजमान हैं।

### जेइइ परीक्षा अब...

लेकिन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की पहल के बाद अब एनटीए यह परीक्षाए नहीं करवायेगा। शिक्षा मंत्रालय ने इन परीक्षाओ के लिए नए बोर्ड का गठन किया है। यह नया बोर्ड ही आगे से आइआइटी और एनआइटी के लिए एंट्रेंस टेस्ट करायेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित इस बोर्ड का नाम जेइइ एपेक्स बोर्ड है। बीएचयू के कुलपति प्रोफेसर एसके जैन को इस बोर्ड का चेयरमैन बनाया गया है। वहीं सदस्यों के तौर पर इसमें आइआइटी बॉम्बे, गुवाहाटी, लखनऊ, मद्रास, एनआइटी राउरकेला, एनआइटी सुरतकल, आइआइआईी हैदराबाद, ग्वालियर के डायरेक्टर, मध्य प्रदेश, असम, मणिपुर, महाराष्ट्र, यूपी, पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, सीबीएसई के चेयरमैन, एनआइसी, एनटीए और सी-डैक के डायरेक्टर जनरल व एमओई के एडिशनल सेक्रेटरी और ज्वाइंट सेक्रेटरी शामिल हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

### बेहद खास होता है मैसूर...

**मैसूर में अनेक ऐतिहासक धरोहर :** मैसूर पैलेस का असली नाम अम्बा विलास पैलेस है। 1912 में बना यह भव्य महल पर्यटकों की सूची में पहले स्थान पर रहता है। वहीं चामुंडी हिल्स के समीप 1921 में बने ललिता महल पैलेस भी खासा दर्शनीय है। इस श्वेत महल को कई फिल्मों में भी देखा गया है। 1861 में बना जगनमोहन पैलेस की दीवारों पर मैसूर शैली में आकर्षक चित्र बने हुए हैं। इसे अब कला संग्रहालय बना दिया गया है। मैसूर सैंड स्कल्चपचर म्यूजियम, भारत का यह पहला म्यूजियम है, जहां बालू से बनी करीब डेढ़ सौ कलाकृतियां देखी जा सकती हैं। कृष्णराज बांध के समीप 1932 में बना विशाल वृंदावन गार्डन अपनी सुंदरता के लिए विख्यात था। वैक्स म्यूजियम मेलोडी पार्क भी काफी दर्शनीय है। इस संग्रहालय में वाद्य यंत्रों का सबसे बड़ा संग्रह है। यहां सौ से भी ज्यादा वैक्स की मूर्तियां देखी जा सकती हैं। **दिल्ली में रावण दहन, दशहरा की चौंकाचौंध :** वैसे तो इस समय पूरे देश में दशहरे की धूम है, लेकिन दिल्ली में इसकी अलग ही रौनक होती है। यहां पर कुछ शानदार मेला गये जाते हैं, रावण और कुंभकर्ण के बड़े- बड़े पुतलों का दहन किया जाता है। चारो ओर दशहरा मेला की चकचौंध रहती है। **लाल किला मैदान :** लाल किले में दशहरे की रौनक बस देखने वाली होती है। यहां पर रामलीला का आयोजन किया जाता है। पंजाबी बाग में हर साल दश्हरे पर एक बड़ा मेला लगता है। विजय दशमी के दिन यहां ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है। यहां पर रावण का बड़ा पुतला भी जलाया है। नेताजी सुभाष प्लेस में यहां हर साल दशहरे का बड़ा मेला लगता है। यहां हर साल रावण के पुतले का दहन किया जाता है।

# जमीन विवाद में चली गोली, अधेड़ की मौत, एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जमीन विवाद में अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मार हत्या कर दी। घटना जिले के जामा थाना क्षेत्र के लोधना गांव में रविवार को सुबह घटी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उत्तम कुमार पासवान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस के जांच के क्रम में गोली का तीनों खोखा भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार फरीद शेख और उसके बहनोई अकबर शेख ने घर के बाहर बैठे फारुख शेख को पहले तो लाठी डंडे से पीटा। फिर फरीद और उसके बहनोई ने पिस्टल निकालकर ताबड़तोड़ तीन गोलियां चला दी। जिससे 55 वर्षीय फारुख की मौत इलाज के लिए फुलो झानो मेडिकल कॉलेज में ले जाने के क्रम में हो गयी। गोली फारुख शेख के जबड़े, पेट एवं सर के पिछले भाग में लगी है। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी ए एन सिंह मौके पर पहुंच मृतक के परिजनों का बयान अंकित किया। मृतक के चचेरे भाई इब्राहिम शेख ने बताया कि दोनों परिवार में लगभग 50 वर्षों से जमीन का विवाद चल रहा था। जिसको लेकर मामला हाई कोर्ट में चल रहा था। लगभग दो माह पूर्व आरोपी फरीद शेख अपने परिवार के साथ अंचल कार्यालय के समक्ष इसी जमीन विवाद में न्याय को लेकर धरना पर बैठा था। जिसमें अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल के अश्वासन के बाद धरना समाप्त की थी। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी फरीद शेख को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मौके पर एसडीओ कौशल किशोर, पुलिस इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, एसआई रविशंकर सिंह, सुमित कुमार सहित पुलिस के पदाधिकारी और जवान मौजूद हैं। आरोपी फरीद ने 42 बीघा जमीन विवाद को लेकर रविवार को अपने ही नाना फारुख शेख को तीन गोली मार दी। मृतक के चचेरे भाई इब्राहिम शेख ने बताया





## आक्रोशित ग्रामीणों के आरोपी के घर में लगायी आग, फायर ब्रिगेड की मदद से बुझाई गई

गोली कांड में हुई मौत के बाद पुलिस की मौजूदगी में आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी फरीद शेख के टाली के घर में आग लगा दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाही करते हुए फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी लोधना गांव पहुंचकर आग पर काबू पाया। लेकिन तबतक उस घर में रखा एक बाइक सहित सारा सामान जल चुका था। स्थिति बिगड़ते देख दो वैन अतिरिक्त पुलिस के जवान को मंगाकर स्थिति पर नियंत्रण किया गया है। जिसमें महिला पुलिस भी शामिल है।

कि 1952 से 42 बीघा जमीन का विवाद दोनों में चल रहा था। गोलीकांड हुई मौत के बाद शव के गांव पहुंचते ही परिजन के चीखने चिल्लाने से माहौल गमगीन हो गया। मानो पूरा गांव इस अप्रत्याशित घटना को लेकर रो पड़ा हो। गांव के किसी घर में चूल्हा भी नहीं जला है। बच्चे भी दादा के इस तरह चले जाने से रोते चीखते नजर आये। मृतक के परिजनों की मांग पर मजिस्ट्रेट सीओ आशीष कुमार मंडल की मौजूदगी में आरोपी फरीद के घर का ताला तोड़कर घर की जांच की गयी। परिजनों ने आशंका जताते हुए मांग की थी कि आरोपी के घर में और अग्नेआश्त्र है। जिसपर कार्यवाही करते हुए मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में वीडियो कैमरा लगाकर ताला तोड़कर जांच की। जिसमें कुछ भी बरामद नहीं हुआ है।

अनुमंडल पदाधिकारी कौशल किशोर ने घटनास्थल पर पहुंचकर थाना प्रभारी को नाईट कैम्प करने का निर्देश दिया है। उन्होंने परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली एवं पुलिस पदाधिकारियों से भी बात कर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर शव के अंत्येष्टि तक कैम्प करने का निर्देश दिया।

# लेबनान में हिज्बुल्लाह के तीन ठिकाने तबाह

## युद्ध में हमास के साथ देना हिज्बुल्लाह की सबसेबड़ी गलती : नेतन्याहू

**एजेंसी**

तेल अवीव/काहिरा। पिछले 15 दिनों से जारी इजराइल-हमास युद्ध का दायरा अब बढ़ता ही जा रहा है। लेबनान के प्रतिबंधित संगठन हिज्बुल्लाह की तरफ से इजराइली प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर लगातार हमले किये जा रहे हैं। इसके जवाबी हमले में इजराइली सेना ने रविवार को हिज्बुल्लाह के तीन ठिकाने तबाह कर दिए। इसी बीच इजराइली सेना ने उत्तरी गाजा में पर्चे गिराकर वहां के बाशिंदों को इलाका खाली करने की अंतिम चेतावनी दी। इजराइली सेना ने लोगों से कहा है कि अगर इलाका खाली नहीं किया तो उन्हें भी आतंकी संगठन हमास से ही जुड़ा हुआ माना जाएगा और हमले में वो लोग भी मारे जाएंगे।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्लाह को चेतावनी देते हुए कहा है कि इजराइल ऐसी जवाबी कार्रवाई करेगा जो लेबनान को तबाह कर देगा। हमास के साथ युद्ध में शामिल होना हिजबुल्लाह की सबसे बड़ी गलती होगी।

इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने पर्चे गिराकर फि लिस्तीनियों को उत्तरी गाजा से दक्षिण की ओर जाने के लिए इस बार अंतिम चेतावनी जारी की है। इजराइली सेना के इस संदेश को गाजा पट्टी में मोबाइल फोन ऑडियो संदेश के जरिए भी लोगों में प्रसारित किया जा रहा है। आईडीएफ ने कहा है कि वह नागरिकों को निशाना नहीं बना रहा है, बल्कि नागरिक क्षति को कम करने के लिए गाजा पट्टी के उत्तरी क्षेत्र के बाशिंदों को दक्षिण की ओर जाने के लिए कह रहा है। गाजा में संभावित जमीनी हमले को लेकर इजराइली सेना के रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि सेना पहले से ही स्थिति को अपने अनुकूल बनाने की कोशिश कर रही है। युद्ध के अगले चरण में अपनी सेना के लिए खतरे को कम करने के लिए हम अपने हमलों को और तेज करेंगे। हम अब हमले तेज करने जा रहे हैं। उन्होंने उत्तरी गाजा के बाशिंदों से अपनी सुरक्षा के लिए दक्षिणी हिस्से में जाने की अपील की। इजराइली सेना के मुताबिक रविवार को वेस्ट बैंक में जेनिन की अल-अंसार मस्जिद पर हवाई हमला किया गया। हमास के लड़ाकों ने मस्जिद को युद्ध संचालन का केंद्र बना रखा था। सोमवार को लेबनानी सीमा से दो किलोमीटर पहले बसे 28 समुदायों को बाहर निकालने की योजना है। इसी बीच गाजा स्थित विभिन्न अस्पतालों के चिकित्सकों ने अपने चेतावनी संदेश में कहा है कि वहां 125 से ज्यादा नवजात शिशुओं की जान को खतरा है। यदि यहां शीघ्र ईंधन नहीं पहुंचा तो सपोर्ट सिस्टम ठप होने से बच्चों की जान जा सकती है।

**सीरिया के अलेप्पो और दमिश्क के एयरपोर्ट पर हमला :** रविवार सुबह इजराइल ने सीरिया के अलेप्पो और दमिश्क के एयरपोर्ट पर हमला किया। इससे दोनों एयरपोर्ट के रनवे तबाह हो गए हैं। दमिश्क पर हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई। दक्षिणी इजरायल के शहरों पर हमास आतंकियों द्वारा 07 अक्टूबर को हमले किए जाने के बाद इजरायली सेना ने गाजा में कई जवाबी हवाई हमले किए। करीब 14 दिन के बाद शनिवार को मिस्र और गाजा के बीच की सीमा खोली गई, जिसके बाद इजरायली घेराबंदी की वजह से जरूरी वस्तुओं की कमी से जूझ रहे फिलिस्तीन के लोगों के लिए सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू की गई।

## उत्तरी गाजा खाली करने की इजराइल दी अंतिम चेतावनी



## वेस्ट बैंक पर हवाई हमला, 50 की मौत

इजराइल ने रविवार को वेस्ट बैंक में हवाई हमला कर जेनिन क्षेत्र में स्थित अल-अंसार मस्जिद पर बम बरसाए, 50 लोगों की मौत हो गई। इस मस्जिद में बड़ी संख्या में आतंकवादी छुपे थे। इन हमलों से प्रशासनिक राजधानी रामल्ला दहल गई। इजराइली सुरक्षा बलों ने कहा है कि अल-अंसार मस्जिद का प्रयोग हमास कमांड सेंटर के रूप में कर रहा था। यहां आतंकवादियों को इस्लामिक जिहाद की कसम खिलाई जाती थी। उसे यह खुफिया इनपुट शनिवार को मिला था। इसके बाद यहां हवाई हमला करने की रणनीति तय की गई। इजराइल की सेना का दावा है कि उसके हमले में हमास को भारी क्षति हुई है।

## स्पीड न्यूज

### सियाचिन में एक अग्निवीर शहीद

**नयी दिल्ली।** सियाचिन में ड्यूटी के दौरान एक अग्निवीर शहीद हो गया। सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और बल के सभी रैंक के कर्मियों ने महाराष्ट्र के अग्निवीर गवते अक्षय लक्ष्मण की मौत पर शोक व्यक्त किया है। काराकोरम पर्वतीय श्रृंखला में लगभग 20,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन हिमनद को दुनिया के सबसे ऊंचे सैन्यीकृत क्षेत्र के रूप में जाना जाता है जहां सैनिकों को अत्यधिक ठंड और तेज हवाओं से जूझना पड़ता है।

### सीआइएसएफ के एक जवान ने की सुसाइड

**मंगलूरु।** मंगलूरु के पनांबूर थाना क्षेत्र स्थित नव मंगलूरु पत्तन (न्यू मंगलोर पोर्ट) के मुख्य द्वार पर तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक जवान ने रविवार तड़के अपनी सरकारी रिवॉल्वर से कथित रूप से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी।. मृतक की पहचान रायचूर के रहने वाले 58 वर्षीय जाकिर हुसैन के तौर पर हुई है।

### फिल्म निर्माता बाबूभाई लतीवाला का निधन

**मुंबई।** मशहूर फिल्म निर्माता बाबूभाई लतीवाला का शुक्रवार सुबह मुंबई स्थित उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके छोटे बेटे मनन ने यह जानकारी दी। लतीवाला 74 वर्ष के थे। बेटे ने कहा कि दिल का दौरा पड़ने से 20 अक्टूबर को तड़के सवा दो बजे उनका निधन हो गया। वह गुजरात से थे। बाद में वह मुंबई आ गए और फिल्में बनाईं।

### उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

श्रीनगर। सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि भारतीय सेना, जम्मु कश्मीर पुलिस और खुफिया एजेंसियों के 21 अक्टूबर को हुए संयुक्त अभियान में बलों ने बारामूला के उरी सेक्टर में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।

### तेलंगाना : भाजपा ने जारी की पहली सूची

हैदराबाद। भाजपा तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची रविवार को जारी कर दी। पार्टी की की केंद्रीय चुनाव समिति ने राज्य में 30 नवंबर को होने वाले विधान सभा चुनाव के लिए जारी पहली सूची में 52 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी मुख्यालय अरुण सिंह ने 52 उम्मीदवारों में से 12 महिला उम्मीदवार, आठ उम्मीदवार अनुसूचित जाति (एससी) और छह उम्मीदवार अनुसूचित जनजाति (एसटी) से हैं।

### रितेश पांडेय की फिल्म आसरा का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता रितेश पांडेय की आने वाली फिल्म आसरा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म आसारा का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस फिल्म में रितेश पांडेय, अवधेश मिश्रा और सपना चौहान मुख्य भूमिका में है।इस फिल्म के निर्देशक आनंजय रघुराज है। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि आसरा एक ऐसी कहानी पर बनी फिल्म है जो दर्शकों को इमोशनली अपनी और खींचेगी। इस फिल्म को कोई भी दर्शक अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर देख सकता है। फिल्म जल्दी हम इसे रिलीज भी करने वाले हैं। तब तक मैं दर्शकों से अपील करूंगा कि ट्रेलर को देखें।

# भारत ने फिलिस्तीन को भेजी मानवीय सहायता

**एजें**

**नयी दिल्ली।** भारत ने इजरायल-हमास संघर्ष के बीच फंसे फिलिस्तीन नागरिकों के लिए मानवीय सहायता भेजी है। भारतीय वायुसेना का सी-17 परिवहन विमान रविवार को गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस से 32 टन राहत सामग्री और 6.5 टन चिकित्सा सहायता लेकर मिस्र के एल-अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि फिलिस्तीन के लोगों के लिए लगभग 6.5 टन चिकित्सा सहायता और 32 टन आपदा राहत सामग्री भेजी गई है। आईएएफ का सी-17 परिवहन विमान आज सुबह गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस से मिस्र के एल-अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ है। सामग्री में आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं, सर्जिकल सामान, तंबू, स्लीपिंग बैग, तिरपाल, स्वच्छता सुविधाएं, जल शुद्धिकरण टैबलेट सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। हमास के हमले के बाद से इजरायल की प्रतिक्रिया के चलते गाजा पट्टी में रह रहे फिलिस्तीनी नागरिक वर्तमान में मानवीय संकट से गुजर रहे हैं। हमास के बर्बर हमले के बाद इजरायल की कार्रवाई में फिलिस्तीनी नागरिक भी हताहत हो रहे हैं।

## 32 टन राहत सामग्री लेकर विमान रवाना



## नेपाल में भूकंप से 20 घर हुआ ध्वस्त



**काठमांडू।** नेपाल में रविवार सुबह से लगातार आ रहे भूकंप के झटकों से 20 घर पूरी तरह से टूट गए हैं, जबकि 75 से अधिक घरों को आंशिक नुकसान हुआ। भूकंप के केंद्र बिंदु रहे धादिंग जिला प्रशासन के हवाले से गृह मंत्रालय ने बताया कि सुबह से चार बार आए भूकंप के झटकों से जिले के ज्वालामुखी गांवपालिका में 20 कच्चे घर पूरी तरह से टूट गए हैं। वार्ड नंबर 5 के अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद काप्री ने बताया कि उनके वार्ड में 75 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि भूकम्प के कारण कच्चे घरों को ही नुकसान हुआ है।

# चीन ने एलएसी पर बनाया हेलीपैड

## पेंटागन की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने भारत के साथ सीमा विवाद के बीच 2022 में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी थी और बुनियादी ढांचे का निर्माण जारी रखा, जिसमें डोकलाम के निकट भूमिगत भंडारण केंद्र, पैंगोंग झील पर दूसरा पुल और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास हवाई अड्डा तथा विभिन्न हेलीपैड का निर्माण शामिल है। भारत और चीन व्यापक राजनयिक व सैन्य वार्ताओं के बाद कई इलाकों से सैनिकों के वापस बुला चुके हैं, फिर भी दोनों देशों के सैनिकों के बीच पिछले तीन साल से पूर्वी लद्दाख के विभिन्न स्थानों पर टकराव जारी है। मिलिट्री एंड सिक्योरिटी डेवलपमेंट्स इन्वॉल्विंग द पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना' रिपोर्ट, 2023 के



अनुसारः ₹मई 2020 की शुरूआत से, भारत-चीन सीमा पर निरंतर तनाव ने वेस्टर्न थिएटर कमांड का ध्यान आकर्षित किया। इस महीने अमेरिकी रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि सीमा निर्धारण के संबंध में भारत और पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) के बीच अलग-अलग धारणाएं हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) और दोनों पक्षों के हालिया बुनियादी ढांचे के निर्माण के कारण कई झड़पें हुईं, गतिरोध जारी रहा और साझा सीमा पर सैनिकों की तैनाती हुई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 में चीन ने एलएसी पर सैन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण जारी रखा। रिपोर्ट के अनुसार, इस बुनियादी ढांचे में डोकलाम के पास भूमिगत भंडारण सुविधाएं, एलएसी के सभी तीन क्षेत्रों में नई सड़कें, पड़ोसी भूटान में विवादित क्षेत्रों में नए गांव, पैंगोंग झील पर दूसरा पुल, हवाई अड्डा और कई हेलीपैड शामिल हैं।

# कंगना रनौत ने बिग बॉस-17 में की एंट्री



**मुंबई।** बिग बॉस-17 बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत घर में एंट्री की। इससे पहले उन्होंने सलमान खान के साथ स्टेज पर खूब मस्ती की। इस बार ये दोनों बिग बॉस के मंच पर एक दूसरे से फ्लर्ट करते नजर आए। अपनी आने वाली फिल्म तेजस का प्रमोशन करने पहुंचीं कंगना रनौत ने बिग बॉस के घर में खूबसूरत वन-पीस गाउन पहना था। कंगना का लुक देख सलमान खान उनसे फ्लर्ट कर रहे थे।

कंगना ने सलमान से अपनी फ़्लर्टिंग स्किल्स दिखाने के लिए कहा और उन्होंने तुरंत पिक-अप लाइनें देना शुरू कर दिया। सबसे पहले सलमान ने कंगना की तारीफ करते हुए कहा कि आप बेहद खूबसूरत लग रही हैं। कंगना ने भी उन्हें जवाब देते हुए थैंक्यू कहा। इसके बाद सलमान और कंगना ने फिल्म किसी का भाई किसी की जान के गाने पर डांस किया। इसके बाद कंगना बिग बॉस-17 के घर भी गईं, जहां प्रतियोगियों ने अपने-अपने तरीके से उनका मनोरंजन किया। अंकिता और विक्की ने शानदार डांस किया। मन्नारा चोपड़ा ने खुद कंगना के साथ डांस किया। आखिर में ऐश्वर्या शर्मा की झलक भी दिखी। इसमें वह कंगना का मशहूर डायलॉग बोलती नजर आ रही थीं। ये सब देखकर कंगना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस बार सलमान खान के साथ कंगना रनौत भी कंटेस्टेंट क्लास लेने पहुंचीं।

# गगनयान मिशन में लड़ाकू विमान महिला पायलटों को मिलेगी प्राथमिकता : सोमनाथ

**एजेंसी**

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस. सोमनाथ ने रविवार को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी बहुप्रतीक्षित मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान मिशन के लिए लड़ाकू विमान उड़ाने वाली महिला पायलटों या महिला वैज्ञानिकों को प्राथमिकता देता है और भविष्य में उन्हें भेजना संभव होगा। उन्होंने कहा कि इसरो अगले साल अपने मानव रहित गगनयान अंतरिक्ष यान में एक महिला ह्यूमनॉइड (एक रोबोट जो मानव जैसा दिखता है) भेजेगा। उन्होंने कहा कि इसरो का लक्ष्य तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए मानव को 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष में भेजना और पृथ्वी पर सुरक्षित वापस लाना है। सोमनाथ ने बताया कि इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन हमें भविष्य में ऐसी संभावित (महिला) उम्मीदवारों का पता लगाना होगा। सोमनाथ ने कहा कि मानवयुक्त मिशन 2025 तक आने की उम्मीद है और यह एक छोटी अवधि का मिशन होगा।

**▸▸ 2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना इसरो का लक्ष्य**



उन्होंने कहा कि अभी, प्रारंभिक उम्मीदवार वायुसेना के लड़ाकू विमानों के पायलटों में से होंगे। वे थोड़ी अलग श्रेणी के हैं। हमारे पास अभी महिला पायलट नहीं है। इसलिए जब वे आ जायेंगी तो एक तरीका यह भी होगा। उन्होंने कहा कि दूसरा विकल्प है जब अधिक वैज्ञानिक गतिविधियां होंगी। फिर वैज्ञानिक अंतरिक्ष यात्री बनकर आयेंगे। तो उस वक्त मेरा मानना है कि महिलाओं के लिए ज्यादा संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इसरो का लक्ष्य 2035 तक पूरी तरह से परिचालन वाला अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना है। इसरो के अनुसार, मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान से पहले टीवी-डी1 परीक्षण यान को शनिवार सुबह 10 बजे सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया।

# अरुणाचल के तवांग में सैनिकों के साथ दशहरा मनायेंगे राजनाथ सिंह

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के तवांग में एलएसी के नजदीक सेना के जवानों के साथ दशहरा मनाएंगे। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री तवांग में शस्त्र पूजा भी करेंगे। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के नजदीक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में सैनिकों के साथ दशहरा मनाने का सिंह का निर्णय ऐसे समय में आया है, जब भारत और चीन के बीच लगभग तीन साल से पूर्वी लद्दाख में गतिरोध जारी है।

सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री अरुणाचल प्रदेश में एलएसी पर जमीनी स्थिति की व्यापक समीक्षा भी करेंगे। वह क्षेत्र में कुछ अग्रिम स्थानों का दौरा भी कर सकते हैं।




# 10 कंपनियों का मार्केट कैप 1.52 लाख करोड़ घटा

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,52,979.78 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 885.12 अंक या 1.33 प्रतिशत के नुकसान में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 34,876.78 करोड़ रुपये घटकर 15,55,531.53 करोड़ रुपये पर आ गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 27,827.08 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 12,78,564.03 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 18,103.6 करोड़ रुपये के नुकसान से 5,86,223.02 करोड़ रुपये पर




और बजाज फाइनेंस की 17,171.75 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 4,70,574.90 करोड़ रुपये रह गई। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 13,518.4 करोड़ रुपये घटकर 6,53,120.67 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी के मूल्यांकन में 12,533.27 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,46,537.83 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 11,512.75 करोड़

## सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस और टीसीएस

रुपये घटकर 5,02,678.77 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक का 10,387.09 करोड़ रुपये के नुकसान से 11,54,748.49 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 5,139.88 करोड़ रुपये घटकर 5,30,896.08 करोड़ रुपये पर आ गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 1,909.18 करोड़ रुपये घटकर 5,92,342.82 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, भारती एयरटेल, एसबीआई और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

## दूसरी तिमाही के नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**नयी दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुख और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों की निगाह हमास-इजराइल संघर्ष के बीच पश्चिम एशिया की गतिविधियों तथा विदेशी निवेशकों के रुख पर भी रहेगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा कि अमेरिकी बॉन्ड पर बढ़ते प्रतिफल, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव की वजह से वैश्विक बाजार कमजोर बने हुए हैं। इन कारकों पर नजदीकी निगाह रखने की जरूरत है।

## कठिन दौर से गुजर रहे हैं भारत-कनाडा के संबंधः जयशंकर

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत के मामलों में कनाडा के कर्मियों के हस्तक्षेप को लेकर चिंताओं के मद्देनजर नयी दिल्ली ने देश में कनाडा की राजनयिक उपस्थिति में समानता का प्रावधान लागू किया है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने यह भी कहा कि यदि कनाडा में भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा में प्रगति दिखती है तो भारत कनाडा के लोगों को वीजा जारी करना फिर से शुरू कर सकता है। गत जून में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता संबंधी कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा पिछले महीने आरोप लगाये जाने के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तनाव में आ गया है।




| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |